धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक


# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, सोमवार
31.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantra.net चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वितीय/तृतीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 255 | khabarmantralive.com

## मां का दूसरा स्वरूप : ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमाला-कमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

मां ब्रह्मचारिणी तपस्या और ज्ञान की देवी हैं। इनका स्वरूप सादगी भरा है। इनकी आराधना से इंसान की बुद्धि और संयम में बढ़ोतरी होती है। पूर्वजन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर जी को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या से इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम दिया गया। इनकी पूजा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## मां का तीसरा स्वरूप : चंद्रघंटा



**पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकेयुर्ता।**
**प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥**

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का चंद्रमा है। ये देवी शांति और कल्याण की प्रतीक हैं। इनकी पूजा से भय दूर होता है।

### न्यूज डायरी

## 10 किलोग्राम का आइइडी बम बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पांच-पांच किलों का दो आइइडी बरामद बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि छोटानागरा थाना के जंगली- पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों ने ये विस्फोटक लगा रखे थे। उनका उद्देश्य सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाना था।

### सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

# पुलिस से झड़प, बैरिकेडिंग तोड़ कर राइफल छीनने की कोशिश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति पर्व सरहुल से पूर्व रविवार को आदिवासी समुदाय के लोग सिरमटोली केंद्रीय सरना स्थल के समक्ष से फ्लाईओवर रैंप हटाने को लेकर फिर एक बार उत्तेजित हो गये। फ्लाईओवर का रैंप हटाने की मांग करते हुए लोगों ने बैरिकेडिंग तोड़कर प्रदर्शन किया। पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। पुलिसकर्मी से राइफल छीनने तक की कोशिश की।



केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली बचाओ मोर्चा के बैनर तले बहूबाजार स्थित बनस तालाब के पास से मार्च निकाला। पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव के नेतृत्व में निकले इस मार्च में शामिल लोगों ने तीनों जगह बैरिकेडिंग को तोड दिया। फ्लाईओवर तक पहुंच गये। पर्यटन विभाग की ओर से सरहुल खेले चलब कार्यक्रम के लिए फ्लाईओवर के पास बनाये जा रहे मंच का काम भी रुकवा दिया। मौके पर हपुंचे एसडीओ और सिटी एसपी ने प्रदर्शनकारियों की वार्ता की। प्रदर्शनकारी एक ही शर्त पर अड़े रहे कि हर हाल में यहां से फ्लाईओवर का रैंप दोनों ही गेट से हटाना होगा। अधिकारियों ने कहा कि वे सरकार से बात करने के बाद ही इस दिशा में कुछ कदम उठा सकते हैं। मार्च में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। रांची हटाने की मांग को ले कर रांची बंद का भी आयोजन किया गया था।

### मन की बात में कैच द रेन, महुआ के पकवान का जिक्र

# एक-एक बूंद पानी बचाना जरूरी : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मन की बात कार्यक्रम में रविवार को पीएम मोदी ने जल संचय में जन-भागीदारी अभियान को महत्वपूर्ण बताया। कैच द रेन अभियान का किया जिक्र किया। कहा कि यह प्रयास है कि जो प्राकृतिक संसाधन हमें मिले हैं, उसे हमें अगली पीढ़ी तक सही सलामत पहुंचाना है। मन की बात के 120वें एपिसोड में जल संरक्षण को देश के लिए जरूरी बताया।

उन्होंने कहा, हम सबों को पानी की एक-एक बूंद को बचाना होगा। उन्होंने बताया कि कैसे बारिश की बूंदों को संरक्षित कर पानी को बर्बाद होने से बचाया जा सकता है। पीएम ने कहा कि महुआ के फूल गांवों और आदिवासी समुदायों के लिए खास हैं। एमपी के आदिवासी इलाकों में महुआ से कुकीज बनाना शुरू किया। ये कुकीज इतनी पसंद की जा रही हैं कि मांग बढ़ती जा रही है।



**गर्मी में पानी संकट :** पीएम मोदी ने देशभर में शुरू जल शक्ति मंत्रालय के प्रयासों की चर्चा की और जल संरक्षण के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा, गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर-शहर, गांव-गांव, पानी बचाने की तैयारियां भी शुरू हो जाती हैं। अनेक राज्यों में वाटर हार्वेस्टिंग से जुड़े कामों ने जल संरक्षण से जुड़े कामों ने नयी तेजी पकड़ी है। देश में हजारों कृत्रिम तालाब, चेक डेम, बोरवेल रिचार्ज, कम्युनिटी सॉक पिट का निर्माण हो रहा है। हर साल की तरह इस बार भी कैच द रेन अभियान के लिए कमर कसें।

**महुआ के पकवान में आदिवासी झलक :** पीएम मोदी ने देशवासियों से फूलों की खास यात्रा की बात की। उन्होंने बताया कि महुआ के फूलों से बनी कुकीज और गुजरात के कृष्ण कमल की कहानी साझा की, जो लोगों को प्रेरित कर रही है। महुआ के फूलों से तरह-तरह के बने पकवान में आदिवासी संस्कृति की झलक दिखती है।

# कामाख्या एक्सप्रेस बेपटरी एक की मौत, कई घायल

- **ओड़िशा में एक्सप्रेस ट्रेन के 11 एसी डिब्बे उतरे, कई ट्रेनें बाधित, कुछ के मार्ग बदले**

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के कटक के पास रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या-12551) के 11 डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे में एक यात्री कोलकाता के शुभांकर रे की मौत हो गयी। करीब दर्जनभर यात्री घायल हैं। ये हादसा चौद्वार इलाके में निरगुंडी स्टेशन के पास पूर्वाह्न 11.54 हुआ। वहीं असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हादसे में असम के किसी यात्री की मौत नहीं हुई है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एक राहत ट्रेन को मौके पर भेजा गया है। रेलवे के फ्रंटलाइन अधिकारी और सहायक कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गये हैं। हादसे के कारण कई ट्रेनों के मार्ग बदल दिये गये हैं। (शेष पेज 11 पर)

## हजारीबाग के शहरी इलाके में पहुंचा हाथी

**हजारीबाग।** हजारीबाग के सिरसी शंकरपुर रिहायशी इलाके में 10 हाथियों का झुंड पहुंच गया है। इस झुंड में दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं। हाथी फिलहाल राइस रिसर्च सेंटर के जंगली क्षेत्र में आराम कर रहे हैं। यह पहली बार है, जब शहरी इलाकों में हाथी घुस आया है।

## दो युवतियों के शव मिलने से हड़कंप

**मेदिनीनगर।** विभिन्न घटनाओं में दो युवतियों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप है। पुलिस के मुताबिक, पहली युवती ने आत्महत्या की है। वहीं, दूसरी युवती का शव रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ है।

# लालू ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम किया : अमित शाह

- **फिर बनेगी एनडीए सरकार चीनी मिलें चालू करेंगे**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की और राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि लालू यादव ने चारा घोटाला कर बिहार को बदनाम करने का काम किया। लालू-राबड़ी के शासनकाल को जंगलराज बताया। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में एक बार फिर बिहार की जनता एनडीए को पूर्ण बहुमत देगी। राजग गठबंधन की सरकार बनते ही तमाम चीनी मिलों को फिर से चालू किया जायेगा।



### अब इधर-उधर होने का सवाल नहीं : नीतीश

सीएम नीतीश कुमार ने एक बार फिर अमित शाह को भरोसा दिया कि अब इधर-उधर जाने का सवाल ही नहीं है। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सभी तैयारी में हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह फिलहाल बिहार के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान रविवार को नीतीश कुमार ने एक बार फिर भाजपा को भरोसा दिया कि अब वह कभी इधर-उधर नहीं जायेंगे, एनडीए में बने रहेंगे। सीएम ने कहा, हमारी पार्टी के कुछ लोगों ने गड़बड़ी की थी, इसलिए हम इधर से उधर चले गये थे। अब हम लोगों ने तय कर लिया है कि कभी उधर नहीं जायेंगे। हम लोग शुरू से मिलकर काम कर रहे हैं और आगे भी मिलकर काम करेंगे।

## रांची में दिखा चांद, ईद आज

**रांची।** दारुल कजा इमारत शरीया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मुहम्मद अनवर कासमी ने एलान किया कि ईद का चांद दिखाई दे चुका है। सोमवार को पूरे देश में ईद का उत्सव मनाया जायेगा। रविवार को रांची व झारखंड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में शव्वाल उल मुर्करम 1446 हिजरी महीने यानी ईद उल फित्र का चांद आम तौर पर नजर आया है। इसकी तसदीक हो चुकी है। आज शव्वाल उल मुर्करम 1446 हिजरी महीने की पहली तारीख यानी ईद उल फित्र का दिन है। सऊदी अरब में रमजान एक दिन पहले, यानी 1 मार्च से शुरू हो चुका था।






# बैठक में आये सकारात्मक विचारों का उपयोग कर संगठन को कर सकते हैं मजबूत : के. राजू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित शिविर मंथन का पांचवा दिन दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में विगत लोकसभा एवं विधानसभा के प्रत्याशियों( वर्तमान सांसदों एवं विधायकों को छोड़कर ) एवं द्वितीय सत्र में प्रदेश मीडिया प्रभारी, चेयरमैन, प्रवक्ता, सोशल मीडिया एवं जिला प्रवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि आज की बैठक में आये सुझाव और सूचना को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी 14 लोकसभा क्षेत्रो से जो बातें आई है वह विचारणीय है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक विचारों का उपयोग करके हम संगठन को प्रत्येक स्तर पर मजबूत कर सकेंगे। एक वर्षों के अंदर झारखंड में लोकसभा और विधानसभा चुनाव हुआ,उम्मीद के अनुसार परिणाम से हम दूर रहे। यदि चुनाव में संगठन के स्तर पर समन्वय में थोड़ी भी चुक होती है तो परिणाम बदल सकते हैं, इस गंभीर स्थिति पर हमें अभी से नजर रखकर कार्य करना होगा। चुनाव में परिणाम को मुद्दे और परिस्थितियां बदल सकती हैं।



**लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र का परिणाम संतोष जनक नहीं : कमलेश :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड में आने वाले समय में शहरी निकाय के चुनाव है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र के परिणाम संतोषजनक नहीं है। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के रूख को भाँपना होगा। आपसी तालमेल के साथ उम्मीदवारों का चयन कर उन्हें समर्थन देकर जीताने की कोशिश करनी है। चुनाव में जीत के लिए बदली रणनीति के तहत तैयारी करनी है। वार्ड स्तर पर मजबूत समितियों का गठन करना है ताकि संगठन द्वारा समर्थित उम्मीदवार जीतकर आये। आज की बैठक में आए विचारों तथा पूर्व में भी आई शिकायतों पर गंभीरता पूर्वक मंथन किया जा रहा है, ऐसे लोगों की पहचान की जा रही है जिन्होंने कांग्रेस प्रत्याशियों के विरोध में कार्य किया है। वैसे लोगों पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।

## विगत चुनाव में हुए हार के कारणों का गहरी समीक्षा हो : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव हम जितने की स्थिति में थे,कांग्रेस के पक्ष में चुनावी लहर थी,राहुल गांधी के संघर्ष से हमें फायदा मिल रहा था, गठबंधन भी एकजुट और मजबूत था, लेकिन फिर भी हम कई सीटों पर हारे। हमें गहरी समीक्षा कर उसमें सुधार करना होगा। संगठन सृजन अभियान से हमें अगले 4 वर्षों में खुद को मजबूत करना है। मतदाताओं के छिटकने के कारणो की पड़ताल करके उस पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। किसी भी स्तर के चुनाव में उम्मीदवारों का चयन समय पर होना चाहिए ताकि पूरी तैयारी के साथ पार्टी चुनाव लड़ सके। कांग्रेस को अपने मुद्दों पर संघर्षरत रहकर जनता के बीच रहना होगा तब परिणाम हमारे हक में होगा। बैठक में प्रमुख रूप से सुबोध कांत सहाय, राजेश ठाकुर, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, के एन त्रिपाठी, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, अजय शाहदेव, अरुण साहू, पूर्णिमा नीरज सिंह, यशस्विनी सहाय, अनुपमा सिंह, मुन्ना सिंह, सुधीर चंद्रवंशी, राकेश सिन्हा, सतीश मुजनी, संजय पांडे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, अमूल्य नीरज खलको, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, रियाज अंसारी, आभा सिन्हा, गजेंद्र सिंह, शांतनु मिश्रा, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, अभिलाष साहू, संजय कुमार उपस्थित थे।

## सरहुल पर्व प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है : के. राजू



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि आदिवासी समाज का सरहुल पर्व पूरे भारतवर्ष में पर्यावरण, जंगल, पहाड़, पानी को संरक्षण करने का संदेश देता है और हमें प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है। के. राजू रविवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की द्वारा बनहौरा में आयोजित सरहुल कार्यक्रम में बोल रहे थे।

के. राजू ने कहा कि जिस समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है वह निश्चित रूप से संवेदनशील समाज होता है। प्रकृतिपूजक आदिवासी समाज पर्यावरणीय संतुलन को बरकरार रखने के साथ जंगलों की रक्षा के लिए कृत संकल्प होता है। सरहुल के संदेश से पूरे विश्व को सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में वनों को बचाने और उनके क्षेत्रफल बढ़ाने पर चर्चा की जा रही है। झारखंड में भी इस दिशा में प्रयास जारी है। झारखंड अपने प्राकृतिक परिवेश के लिए जाना जाता है, आज आदिवासी समुदाय के संरक्षण और विकास की आवश्यकता है। जंगलों को बचाने में आदिवासी समुदाय का प्रमुख योगदान रहता है। प्रकृति पूजक यह समुदाय सरहुल के रूप में सामूहिक उत्सव का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, सतीश पौल मुजनी, शांतनु मिश्रा, अजय नाथ सहदेव, रियाज अंसारी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री ने विरासत की जड़ों से जुड़ने का किया आह्वान : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपाईयों ने रविवार को बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 120 वां एपिसोड सुना। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रांची महानगर द्वारा मोरहाबादी के पाही बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम में महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता गण शामिल थे। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने लोगों को भारतीय नव वर्ष, ईद और सरहुल की शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण देश है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम में भारत की परंपरा, संस्कृति, विरासत, योग, आयुर्वेद की चर्चा सभी एपिसोड में प्रायः रहती ही है। उन्होंने कहा कि मन की बात में फूलों की यात्रा जैसे विषय में महुआ की चर्चा काफी प्रेरक है। उन्होंने कहा कि पीएम ने विदेशों में बसे



भारतीय मूल के लोगों द्वारा अपनी विरासत और संस्कृति से जुड़े रहने की बातों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का अपनी जड़ों से जुड़ने वालों को बड़ा तूफान भी विचलित नहीं कर सकता है।

उन्होंने कहा कि मन की बात में महान सांस्कृतिक विरासत, भारत की प्रगति, आम जन की सहभागिता, नवाचारों की चर्चा भी शामिल है। उन्होंने गौरवशाली अतीत से प्रेरित होते हुये विकसित भारत, श्रेष्ठ भारत बनाने में हर नागरिक की भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया । मन की बात कार्यक्रम को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण-कार्यकर्ता विभिन्न जिलों में बूथों पर शामिल हुये।

### पुलिस बताये अनुज का संरक्षक कौन : मरांडी

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्तार अंसारी गैंग के कुख्यात शूटर अनुज कनौजिया की जमशेदपुर में हुये मुठभेड़ में मारे जाने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक, अनुज जमशेदपुर के एक इलाके में पिछले कई महीनों से छुपा हुआ था और बड़े वारदातों को अंजाम देने की तैयारी में था। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर पुलिस को बताना चाहिये कि आखिर अनुज को शरण देने वाले कौन थे। कौन लोग उसकी मदद कर रहे थे। क्या जमशेदपुर में संगठित अपराध को बढ़ावा देने वाला कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है। उन्होंने कहा कि जनता को सचेत करने और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिये पुलिस को उन सभी लोगों के नाम सार्वजनिक करने चाहिये। जिन्होंने इस कुख्यात अपराधी की छिपने में सहायता की। उन्होंने कहा कि जब तक ऐसे अपराधियों को संरक्षण देने वाले चेहरे बेनकाब नहीं होंगे, तब तक अपराध की जड़ें खत्म करना मुश्किल रहेगा।

### कांग्रेसी आरएसएस कार्यालय जाकर संघ को समझें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रविवार को नागपुर संघ मुख्यालय जाने को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इसकी तो प्रशंसा होनी चाहिये।पीएम राष्ट्र भक्तों के संगठन के मुख्यालय गये हैं। यदि कांग्रेस को पेट में दर्द है तो उसे दूर से नहीं किया जा सकता है। बल्कि संघ मुख्यालय जाकर नजदीक से उसे समझना चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी इधर उधर घूमते रहते हैं। अच्छा होता एक बार संघ कार्यालय जाकर संघ को देखते समझते।

## 85 लाख राशनकार्ड धारी अब 30 अप्रैल तक करा सकेंगे ई-केवाइसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड के लगभग 85 लाख राशनकार्डधारियों को केंद्र के आदेश के बाद राहत मिल गयी है। केंद्र सरकार ने ई-केवाईसी कराने की अविध को 31 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दिया है। पहले इसके लिए 31 मार्च की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी थी। केंद्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्रालय ने झारखंड समेत सभी राज्यों को पत्र लिखकर इस अवधि में शत प्रतिशत ई-केवाईसी का काम पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि शत प्रतिशत ई-केवाईसी नहीं कराने वाले राज्यों की सब्सिडी होल्ड पर रखी जाएगी।

**क्या है मामला :** झारखंड समेत पूरे देश में राशन कार्ड धारकों (पीला व गुलाबी कार्ड) के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य की गई है। यह कदम राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने, दोहराव रोकने और लाभुकों को निर्बाध सब्सिडी आवंटन के उद्देश्य से उठाया गया है। हालांकि, झारखंड में तकनीकी बाधाओं और अन्य प्रशासनिक चुनौतियों के कारण इस प्रक्रिया की गति बेहद धीमी बनी हुई है।

**अनाज वितरण में पारदर्शिता और डुप्लीकेसी रोकने का प्रयास :** केंद्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्रालय ने यह भी चेतावनी दी है कि ई-केवाईसी का काम पूरा नहीं कराने वाले राज्यों के अनाज आवंटन में भी कटौती की जायेगी। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने अनाज वितरण में पारदर्शिता और डुप्लीकेसी रोकने के लिए सभी राशनकार्डधारी सदस्यों की ई-केवाईसी को अनिवार्य किया है। झारखंड में अब तक लगभग 70 फीसदी लाभुक का ई-केवाईसी करा लिया गया है। यहां ई-पॉश मशीन के टूजी होने और नेटवक की ससमय उपलब्धता नहीं होने के कारण एक परिवार को के-वाईसी कराने में कई घंटा तक खड़ा रहना पड़ रहा है।

**झारखंड के कितने राशन कार्ड धारियों का हुआ है ई-केवाईसी :** झारखंड में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा से जुड़े कुल लाभुक सदस्यों की संख्या दो करोड़ 63 लाख 80 हजार 652 है। इसमें से एक करोड़ 78 लाख 60 हजार 286 सदस्यों का ही ई-केवाइसी हो पाया है। अब भी 85 लाख 20 हजार 366 लाभुक ई-कवाइसी कराने से वंचित है।

**राज्य सरकार ने केंद्र से किया था सीमा बढ़ाने का अनुरोध :** खाद्य आपूर्ति विभाग, झारखंड के सचिव उमाशंकर सिंह के अनुसार झारखंड की परिस्थितियां देश के अन्य राज्यों से अलग हैं। तकनीकी समस्याओं और धीमी गति से हो रही ई-केवाईसी प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार से तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। केंद्रीय खाद्य आपूर्ति विभाग ने अन्य राज्यों में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी के लिए समय सीमा 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। अब निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लाभूकों का ई-केवाईसी कर लिया जायेगा।

**क्यों किया गया ई-केवाईसी अनिवार्य :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सभी लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य की गई है। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना, अपात्र लोगों को मिलने वाले लाभ को रोकना और राशन वितरण को अधिक प्रभावी बनाना है।

### दीक्षांत मंडप में सरहुल पूर्व संध्या समारोह आज

**रांची।** सरना नवयुवक संघ केंद्रीय समिति द्वारा सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में आज होगा। संघ के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव ने कहा कि समारोह में रांची व आसपास के आदिवासी छात्रावासों के युवक-युवतियां सामूहिक नृत्य-गीत प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान संघ की पत्रिका सरना फूल के 46वें अंक का विमोचन होगा। कार्यक्रम में रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के कुलपति डॉ तपन शांडिल्य सहित समाज के अगुवा को आमंत्रित किया गया है।

केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली, सरना स्थल हातमा सहित शहर के सभी सरना स्थलों पर साफ-सफाई व रंग रोगन का काम किया जा रहा है। सरना स्थलों तक पहुंचने वाली सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। शहर की सड़कें लाल व सफेद रंग की पट्टियों वाले सरना झंडे से पट गयी हैं।

# प्रदेश में नगर निकायों के लिए शीघ्र होगी लोकपाल की नियुक्ति

## झारखंड वित्त आयोग ने की लोकपाल नियुक्ति की अनुशंसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड के नगर निकायों में लोकपाल बहाल करने की दिशा में राज्य सरकार कदम बढ़ा सकती है। झारखंड राज्य वित्त आयोग ने इसकी अनुशंसा की है। लोकपाल के नहीं होने से कई प्रकार की समस्याएं बढ़ रही हैं। वित्त आयोग ने कहा है कि झारखंड म्युनिसिपल एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप जल्द ही लोकपाल बहाल होने की कार्रवाई की जाए, जिससे लोगों की शिकायतें दूर हों।

**राज्य को हो रहा नुकसान**

झारखंड राज्य वित्त आयोग की अनुंशसाएं पिछले दिनों विधानसभा में पेश की गई थी। इसके अनुसार झारखंड नगरपालिका एक्ट का पूरी तरह से पालन नहीं करने के कारण राज्य को बहुत तरह से नुकसान हो रहा है। आयोग ने सभी तरह की संपत्तियों से प्रापर्टी टैक्स वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने की बात कही है

**लोकपाल नियुक्ति की अनुशंसा :** कमीशन ने होल्डिंग, वॉटर चार्जेज आदि से संबंधित विवादों को जल्द निपटाने के लिए जन लोकपाल नियुक्ति की अनुशंसा की है। कहा है कि इससे शिकायतों और समस्याओं के समाधान में आसानी होगी। साथ ही सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। आयोग ने सभी प्रकार की संपत्तियों का विवरण नगर निकायों के पास उपलब्ध कराने की बात भी कही है। प्रॉपर्टी टैक्स की गणना के लिए जीआइएस मैप के इस्तेमाल की भी अनुशंसा की गई है, ताकि शहरी क्षेत्रों में सभी होल्डिंग को एक ही छतरी के नीचे लाया जा सके।

# हेमंत-अदाणी की मुलाकात को लेकर राजनीति चरम पर, कांग्रेस-भाजपा ने एक-दूसरे पर मढ़े आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हेमंत सोरेन और गौतम अदाणी की मुलाकात को लेकर झारखंड की राजनीति गरमा गयी है। कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि वह किसी व्यवसायी के खिलाफ नहीं है लेकिन गलत तरीके से ठेके दिए जाने का विरोध करती है। वहीं भाजपा का आरोप है कि झामुमो और कांग्रेस गठबंधन अदाणी की परियोजनाओं का विरोध करता रहा है लेकिन अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद अदाणी से मुलाकात कर झारखंड की राजनीति में एक नयी बहस छोड़ दी है।

दरअसल कांग्रेस नेता राहुल गांधी उद्योगपति समूह अदाणी को नरेंद्र मोदी सरकार से जोड़कर अक्सर राजनीतिक हमले करते रहे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कई मौकों पर केंद्र सरकार को उद्योगपति अदाणी के पक्ष में बताते रहे हैं। पिछले दिनों अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी ने रांची स्थित सीएम आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लंबे समय तक बंद कमरे में मुलाकात की है। इसके बाद से विपक्षी दल भाजपा ने राज्य सरकार में शामिल झामुमो और कांग्रेस से सवाल पूछना प्रारंभ कर दिया है।

दूसरी ओर, कांग्रेस अपने स्टैंड पर कायम है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के.राजू ने इस मुद्दे पर कहा कि हम आज भी उसी स्टैंड पर कायम हैं जो राहुल गांधी बोलते रहे हैं। अदाणी को लेकर जो बातें राहुल गांधी ने कहीं हैं उसमें कोई सेकेंड ओपीनियन नहीं है, कोई परिवर्तन नहीं है। हमारे सहयोगी दलों में भी इस मुद्दे को लेकर कोई वैचारिक भिन्नता नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अदाणी के व्यवसाय के विरोध में नहीं बल्कि अदाणी को गलत तरीके से राष्ट्र की संपत्ति देने का विरोध करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में गौतम अदाणी की कंपनी को बेहिसाब परिसंपत्तियां सौंप दी गई हैं।

इसके पूर्व भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा है कि गठबंधन में शामिल दोनों दलों और इनके नेताओं की नकारात्मक राजनीति बेनकाब हुई है। विकास विरोधी बयानबाजी कर राहुल गांधी देश में अराजक माहौल बनाने चाहते हैं। हेमंत सोरेन से गौतम अदाणी की मुलाकात से अगर राज्य में निवेश का माहौल बनता है तो इसका स्वागत होना चाहिए। लेकिन झामुमो और कांग्रेस बताए कि अबतक इसका विरोध क्यों करते थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बताना चाहिए कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस तरह अदाणी के बारे में झूठ बोलते रहे हैं क्या अब वो उसे नकार रहे हैं।

## एक नजर में

### एक झटके में हटा दिये गये डोरंडा कॉलेज के 100 से ज्यादा कर्मचारी

**रांची।** रांची के डोरंडा कॉलेज के 100 से ज्यादा कर्मचारियों को एक झटके में बाहर निकाल दिया गया है। यह सभी कर्मचारी इंटर की पढ़ाई से संबंधित कार्यों को देखते थे। सभी कर्मचारी डोरंडा कॉलेज में 15 साल से काम कर रहे थे। उच्च न्यायालय के फैसले के आलोक में विश्वविद्यालय ने यह फैसला लिया है। अपने स्तर से विश्वविद्यालय ने कई बार काम लिया, लेकिन अब समायोजन से इंकार कर रहा है। बताते चलें कि रांची विवि के रजिस्ट्रार ने हाईकोर्ट के आदेश के आालोक में इन कर्मचारियों से काम न लेने का आदेश जारी किया था। इसी के आलोक में कॉलेज प्रबंधन ने एक ही झटके में सभी कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्याध्यक्ष ने दी ईद की बधाई

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने झारखंड वासियों और मुस्लिम भाई-बहनों को ईद उल फितर के मौके पर सभी को मुबारकबाद दी है। उन्होंने सभी झारखंड वासियों से आपसी सौहार्द, भाईचारा, एकता, हर्षो उल्लास और अमन चैन के साथ एक दूसरे से गले मिल कर ईद मनाने की पुरजोर अपील की है।

### रैंप विवाद का समाधान क्यों नहीं करना चाहते हेमंत : आजसू

**रांची।** आजसू पार्टी ने आरोप लगाया है कि हेमंत सरकार आदिवासी-मूलवासी विरोधी है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि आदिवासी समाज कई दिनों से आंदोलनरत है कि फ्लाईओवर के रैंप से सिरम टोली सरना स्थल का मार्ग बाधित नहीं किया जाए, लेकिन हेमंत सरकार के रैंप विवाद का समाधान नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि आज भी सैकड़ों सुरक्षा बलों को तैनात कर सरना स्थल की किलेबंदी कर आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रैंप विवाद को नजरअंदाज कर साबित कर दिया है कि उन्हें आदिवासी संस्कृति और सरना स्थल की कोई चिंता नहीं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरना समिति तथा अन्य संगठनों के आंदोलन का आजसू समर्थन करती है। रैंप विवाद पर रांची बंद को मिले जनसमर्थन के बाद भी राज्य सरकार की आंख नहीं खुली है। डॉ भगत ने कहा कि सरना स्थल के सामने रैंप को उतरने का औचित्य समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि डोरंडा फ्लाईओवर को कांटा टोली फ्लाईओवर के साथ मिला दिया जाना चाहिए था, ताकि सिरम टोली चौक पर ट्रैफिक जाम न हो।

### वित्त विभाग के निर्णयों पर सचिवालय सेवा संघ में आक्रोश

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को नेपाल हाउस में आयोजित की गई। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संघ के सदस्यों के हितों पर सरकार द्वारा लिए गए कुछ निर्णयों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। सदस्यों ने वित्त विभाग द्वारा लिए जा रहे निर्णयों को नियमविरुद्ध बताते हुए आक्रोश व्यक्त किया है। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि वित्त विभाग ने सेवा के सदस्यों को मिलने वाले 'बंचिंग' लाभ को समाप्त करने और कटौती का प्रस्ताव पारित किया है। इसके अलावा वित्त सचिव द्वारा कैबिनेट से पारित मोबाइल एवं रिचार्ज सुविधा को रोकने का पत्र भी जारी किया गया है, जो कि पूरी तरह से नियमसंगत नहीं है। यह सेवा के सदस्यों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार है। उन्होंने कहा कि झारखंड सचिवालय सेवा संघ सरकार से आग्रह करता है कि वह सेवा के सदस्यों के हितों की रक्षा करते हुए उचित निर्णय ले, अन्यथा संघ को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### आयुक्त के कोर्ट में नियमित रूप से सुनवाई होने से मामलों में आ रही कमी

**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त के कोर्ट में अब नियमित रूप से मामले की सुनवाई हो रही है। हाल के दिनों में वर्षों से लंबित मामलों का भी निष्पादन हुआ है। इससे लंबित मामलों की संख्या में भी कमी आ रही है। लोगों को भी सुविधा हो रही है। पूर्व में नियमित कोर्ट नहीं होने के कारण साल दर साल वादों की संख्या में वृद्धि हो रही थी। इससे लोगों को भी परेशानी हो रही थी। लोगों का कहना है कि आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने पदभार संभालने के बाद इस दिशा में सक्रियता के साथ कार्य शुरू किया है। अब नियमित रूप से सप्ताह में दो दिन आयुक्त के कोर्ट में मामले की सुनवाई हो रही है। मामले का निष्पादन किया जा रहा है।

**अभी भी 478 मामले हैं लंबित :** वर्तमान में आयुक्त कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या 478 के करीब है। एक साल पहले तक लंबित मामलों की संख्या लगभग 562 थी। इसमें से 84 से अधिक मामलों का निष्पादन हुआ है। औसतन आयुक्त कोर्ट से प्रत्येक माह लगभग सात मामलों का निष्पादन किया गया है। बताया गया कि लगभग 40 वर्ष पुराने मामले का भी निष्पादन हुआ है।

**शिकायतों पर भी हो रही कार्रवाई :** आयुक्त कार्यालय द्वारा जनशिकायतों पर भी कार्रवाई की जा रही है। आमलोगों से प्राप्त शिकायतों को निष्पादन के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाता है और उस पर क्या कार्रवाई की गयी, इसके बारे में विभागवार जानकारी भी ली जा रही है।

### कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी से मिला राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का डेलिगेशान, सौंपा 11 सूत्री मांग पत्र

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू से मिला और उन्हें 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी के समक्ष तेलंगाना राज्य में जाति सर्वेक्षण करने के पश्चात 42% ओबीसी को आरक्षण देने पर कांग्रेस के प्रति आभार व्यक्त किया। 11 सूत्री मांग पत्रों में विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन गठबंधन दलों ने ओबीसी के लिए स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय गठन करने की घोषणा की थी, उसे शीघ्र लागू करने। तेलंगाना राज्य की तर्ज पर झारखंड में भी जातीय सर्वेक्षण के बाद शहरी नगर निकाय चुनाव कराने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने सात अधिसूचित जिले जहां ओबीसी का आरक्षण शून्य है। वहां, जनसंख्या अनुपात में आरक्षण देने,पदस्थापन समिति में ओबीसी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करें, ताकि ओबीसी का हक अधिकार अन्य आरक्षित वर्ग के समान मिले। मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस ओबीसी सेल के अध्यक्ष अभिलाष साहू, आरसी मेहता के साथ राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह,ओबीसी अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के महासचिव डॉ शिवानंद काशी, आर्थिक सलाहकार सुनील जायसवाल, महासचिव रामावतार कश्यप, मोर्चा के स्टेट आई टी इंचार्ज ध्रुव चंद्रवंशी, अमित कुमार, पिंकू बरनवाल आदि शामिल थे।

### अमन साहू के गुर्गे को लेने विदेश जाएगी झारखंड पुलिस

**रांची।** झारखंड के अमन साहू गैंग के अपराधी सुनील मीणा उर्फ मयंक सिंह को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। अजरबैजान से लाने के लिए जाने वाली टीम का नेतृत्व एटीएस एसपी ऋषभ झा करेंगे। एटीएस एसपी के साथ तीन सदस्यीय टीम भी अजरबैजान जाएगी। इस दौरान अजरबैजान की जेल में बंद मयंक सिंह को अजरबैजान प्रशासन, झारखंड पुलिस को सौंपेगा और झारखंड पुलिस मयंक को लेकर देश पहुंचेगी। मयंक सिंह के प्रत्यर्पण की अनुमति अजरबैजान के शीर्ष कोर्ट से मिलने के बाद उसकी वापसी को लेकर पुलिस मुख्यालय ने पहल की है। पुलिस मुख्यालय ने विदेश जाने के लिए अनुमति से जुड़ा पत्र गृह विभाग को भेजा है। गृह विभाग की अनुमति मिलने के बाद एटीएस की टीम अजरबैजान के लिए रवाना हो जाएगी।

**अमन की मौत के बाद मयंक के पास कमान :** अमन साहू की मुठभेड़ में मौत के बाद उसके गिरोह की कमान मयंक सिंह और राहुल सिंह को सौंपी गई है। अमन साहू गिरोह से जुड़े तमाम कॉल भी मयंक सिंह के नाम से ही किए जाते थे। मयंक उर्फ सुनील मीणा, अमन साहू और लॉरेंश विश्नोई के गैंग की बीच की कड़ी था।

# माता शैलपुत्री के पूजन के साथ ही चैती दुर्गा पूजा की शुरुआत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कलश स्थापना के साथ ही रविवार को चैती नवरात्र की शुरूआत हुई। पहले दिन विधि विधान से कलश स्थापना के बाद मां दुर्गा के प्रथम रूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना हुई। कई लोगो ने अपने घर मे भी कलश स्थापन कर पूजा-अर्चना की।

**चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तालाब में विधि विधान से चैत्र नवरात्रि की हुई शुरूआत :** राजधानी रांची के भुतहा तालाब स्थित चैती दुर्गा मंदिर में पूरी विधि विधान के साथ मां चैती दुर्गा की पूजा अर्चना की गई। मुख्य पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा ने बताया कि रविवार से नूतन वर्ष प्रारंभ हो गया। विक्रम संवत 2082 शुरू हो चुका है एवम चैत्र नवरात्रि पर मां भगवती की पहली स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना विधि विधान से की गई। वहीं चैती दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे ने बताया इस वर्ष चैती दुर्गा पूजा महासमिति का 100 वर्ष पूरा हो रहा है। जिसको लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। पूजा को सफल बनाने में किशोर साहू, लल्लू सिंह, शंकर दुबे, रमेश सिंह, गोपाल पारीक, नमन भारतीय, सौरभ राय का योगदान रहा।



## हिंदू नव वर्ष पर श्री राधा- कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुई पूजा- अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे हिंदू नव वर्ष चैत शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर रविवार को विशेष पूजा अर्चना भव्य भजन कीर्तन, महाप्रसाद एवं महा आरती का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में ट्रस्ट द्वारा 200 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। महाप्रसाद में 101 किलोग्राम की केसरिया मेवा युक्त खीर का भोग भगवान



श्री राज श्याम जी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान से पूजा- अर्चना एवं आरती की गई। मंदिर परिसर में उपस्थित 1500 सौ से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भोग का वितरण किया गया। इस अवसर पर- ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी,पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ,सुरेश भगत, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, निर्मल छावनिका, मनीष सोनी, नंदकिशोर चौधरी,पवन पोद्दार, शिव भगवान अग्रवाल, विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

# रांची में दिखा चांद, ईद आज





## इमारत शरीया ने एलान किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दारुल कजा इमारत शरीया रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मुहम्मद अनवर कासमी ने एलान किया है की उन्तीस रम्जानुल मुबारक 1446 हिजरी के मुताबिक रविवार को रांची व झारखंड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में शव्वाल उल मुकर्रम 1446 हिजरी महीने यानी ईद उल फित्र का चांद आम तौर पर नजर आया है, जिस की तसदीक हो चुकी है। इस लिए आज शव्वाल उल मुकर्रम 1446 हिजरी महीने की पहली तारीख यानी ईद उल फित्र का दिन है। उन्हों ने कहा कि यही फैसला मरकजी दारुल कजा इमारत शरीया बिहार ओड़िशा व झारखंड फुलवारी शरीफ पटना का है।

**ईद इस्लामी खुशियों का त्यौहार है-मुफ्ती अनवर कासमी :** ईद उल फितर एक बड़ा इस्लामी त्यौहार है। ईद की खुशी में अपने आस-पड़ोस और मोहल्ले के ऐसे लोगों को ईद की खुशी में शामिल करें जो कमजोर हो, उनकी मदद करें और उनकी मदद इस अंदाज में किया जाए कि उनकी इज्जत को ठेस ना लगे। ईद इस्लामी खुशियों का त्यौहार है। ईद का त्यौहार पूरी ईमानी बेदारी के साथ मनाया जाए।

## राजधानी के विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में नमाज का समय



| | | |
|---|---|---|
| रांची ईदगाह - 9:30 | बरियातू ईदगाह - 8:30 | चांदनी मस्जिद 8:30 |
| डोरंडा ईदगाह - 9:30 | मस्जिदों में नमाज का समय | मनीटोला मस्जिद - 9 बजे |
| परसटोली ईदगाह - 9:00 बजे | डॉ फतेहुल्लाह मस्जिद 7:45 | डोरंडा जामा मस्जिद - 9 बजे |



## ईद नफरत को मिटाने का नाम है : मौलाना तहजीबुल हसन



**रांची।** ईद उल फितर लोगों के बीच प्रेम और मोहब्बत को परवान चढ़ाता है। क्योंकि यह मिठास पैदा करने वाला परव है हमारे भारत की ईद तमाम देशों से उत्तम है क्योंकि भारत में इस पर्व में सिर्फ मुसलमान ही नहीं हर जात बिरादरी के लोग अपने दोस्ती को और परवान चढ़ाते हैं। वैसे यह पर्व ईश्वर अपने बंनदौ से खुश होता है तो वह इनाम देता है ईश्वर के इनाम देने का पाक पर्व है। इस्लाम धर्म का यह हुकुम है कि हम आपस मैं मिलजुल कर एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करें आपस में गले मिलकर शिकवे को दूर करें शिकवे की दीवारें जैसे-जैसे गिरती जाएंगी आपस में प्रेम बढ़ता चला जाएगा। मौला अली ने फरमाया है क्या मोमिन के लिए हर दिन ईद है। जब किसी ने आपसे पूछा हर दिन ईद कैसे हो सकता है तो आपने जवाब दिया जिस दिन तुमसे कोई गुनाह या पाप ना हो और तुमने किसी का हक ना मारा हो और किसी पर अत्याचार ना किया हो किसी का मजाक नहीं उड़ाया हो तो वह दिन तुम्हारे लिए ईद है। ईद गाना बजाने का नाम नहीं, ईद नफरत को मिटाने का नाम है। आओ हम सब देशवासी हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में है भाई भाई यही वजह है कि भारत की ईद सिर्फ मुसलमान नहीं बल का हर जात बिरादरी के लोग एक दूसरे से गले मिलते हैं और संबंध को मजबूत बनाते हैं आज हमारे देश को नफरतों से बचाना है ईद का पर्व खुशी के साथ मनाना है।

# श्रद्धा और विश्वास से तेरी ज्योत जलाऊं...

### श्री राधा कृष्ण मंदिर में कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र महोत्सव की हुई शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्णा नगर कॉलोनी में रविवार को कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र महोत्सव की शुरूआत हुई। इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष तौर से सजाया गया। प्रातः 7.00 बजे पंडित ज्ञानदेव मिश्रा एवं रामचंद्र उपाध्याय के द्वारा सामूहिक रूप से वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश की स्थापना की गई एवं चंद्रभान तलेजा के द्वारा अखंड ज्योत प्रचलित की गई। 11 भक्तों के द्वारा 11 मां की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई।चंद्रभान तलेजारामचंद्र तलेजा एवं केसर पपनेजा .मनोहर लाल जसूजा,द्वारा सुबह 8:00 बजे से दुर्गा स्तुति का सामूहिक पाठ कराया गया।उसके उपरांत आरती एवं अरदास की गई तथा भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने बताया कि मंदिर कमिटी द्वारा इस मौके पर मां का विशेष श्रृंगार किया गया है एव दरबार को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के प्रधान नंदकिशोर अरोड़ा मनोहर लाल जसुजा, रामचन्द्र तलेजा,चन्द्रभान तलेजा,सुनील कटारिया,मां भवानी सेवा मंडल की ज्योति अरोड़ा,रूबी अरोड़ा,निशा तलेजा, भावना किंगर संगीता मिड्ढा ,दीप्ति जसूजा, सुनीता विज, पिंकी तलेजा, मीनू मिड्ढा, चेतना अरोड़ा, निशा पपनेजा, रश्मि काठपाल, सबिता मुंजाल , लीना मनुजा समेत अन्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## आनंद मार्ग मंदिर में हुआ भजन-कीर्त्तन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** आनंदमर्ग का त्रिदिवसीय सेमिनार के अंतिम दिन रविवार को कीर्तन, शोभा यात्रा निकाली गई। जो हेसल मोहल्ला और रातू रोड से गुजरी। इसमें नारे लगाये गये मानव मानव एक है। विश्व बंधुत्व कायम हो। धर्महीन मानव जीवन पशु से भी अध्यम जीवन आदि। आज प्रशिक्षक आचार्य संपूर्णानन्द ने श्रेय और प्रेय की चर्चा की। परमपुरुष की ओर जाने का पथ श्रेय का पथ है और सांसारिक वस्तुओं की ओर जाने का पथ प्रेय का पथ है। श्रेय अत्यंतकी क्षुधा का निराकरण करता है जबकि प्रेय क्षुधा का क्षणिक निराकरण करता है। श्रेय से परमार्थ की प्राप्ती होती है जबकि प्रेय से सीमित अर्थ की प्राप्ति होती है। श्रेय का पथ आध्यात्मिक साधना का पथ है जिसमे बाधाए है लेकिन चरम लक्ष्य कि प्राप्ति का यही माध्यम है। सेमिनार की महत्ता पर आचार्य सत्यश्रेयानन्द दादा और दीदी गुणामयानन्द ने अपने विचारों को रखते हुये कहा कि पूज्य बाबा के अध्यात्मिक दर्शन साथ में सामाजिक आर्थिक दर्शन को समझने के लिये शरीक होना अति आवश्यक है।

सेमिनार में करीबन 200 श्रद्धालु उपस्थित थे। इसमें डॉक्टर करुणा दीदी, विजय जी भुक्ति प्रधान, पांचू जी, रतन जी, दिलीप जी दीदी लोकातीता, बबीता दीदी, माया दीदी, अशोक जी आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन भुक्ति प्रधान विजय जी ने किया।

## बीआईटी मेसरा में सतत विकास के लिए जैव प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीआईटी मेसरा के 70वें स्थापना वर्ष समारोह के तहत तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सतत विकास के लिए जैव प्रौद्योगिकी गहन विचार-विमर्श, वैज्ञानिक नवाचारों और अनुसंधान सहयोग के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में डॉ अमित प्रसाद ने प्रतिरक्षा प्रणाली पर परजीवियों के प्रभाव को उजागर किया। डॉ भास्कर सिंह ने चौथी पीढ़ी के जैव ईंधन (बायोफ्यूल) की वकालत की।

प्रो. राजू पोद्दार ने एक नवीन गैर-संपर्क (नॉन-कॉन्टैक्ट) इमेजिंग तकनीक प्रस्तुत की। डॉ. जन्मजय पांडेय ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए सूक्ष्मजीवों (माइक्रोब्स) के समाधान पर चर्चा की। अन्य सत्रों में डॉ. अरुण कुमार ने कैंसर अनुसंधान पर और डॉ. रेणु मुंजाल ने सतत कृषि रणनीतियों पर प्रकाश डाला। प्रो. विनोद कुमार निगम ने औद्योगिक प्रक्रियाओं में सूक्ष्मजीवों से प्राप्त एंजाइमों के महत्व पर बल दिया।

अंतिम दिन में आयोजित वैज्ञानिक संगोष्ठी में पौधों की प्रतिरोध क्षमता, एंटीबायोटिक प्रतिरोध, जैव ईंधन उत्पादन, रेशम उत्पादन (सेरिकल्चर), बौद्धिक संपदा अधिकार और बायोसिमिलर पर चर्चा की गई। सीजेयू के प्रो. कुमार ने कैडमियम विषाक्तता (टॉक्सिसिटी) पर व्याख्यान दिया। डॉ. संजीत कुमार रॉय ने क्षय रोग (टीबी) के लिए दवा डिजाइन पर चर्चा की। प्रो. प्रत्युष शुक्ला ने जैव प्रौद्योगिकी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर अपने विचार रखें। डॉ एनबी चौधरी (सीटीआरटीआई, रांची) ने तसर सेरिकल्चर पर व्याख्यान दिया।

समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ. एन.बी. चौधरी, प्रो. कुणाल मुखोपाध्याय और प्रो. मनीष कुमार ने की। उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। थर्मो फिशर द्वारा प्रायोजित इस सम्मेलन ने विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर अनुसंधान और ज्ञान-विनिमय को बढ़ावा दिया। इससे जैव प्रौद्योगिकी के सतत विकास में योगदान को और सशक्त किया गया।

## हिंदू जागरण मंच ने किया नव वर्ष का स्वागत

**रांची।** हिंदू जागरण मंच रांची महानगर द्वारा नव वर्ष का स्वागत किया गया। मौके पर उपस्थित हिंदू समाज के लोगों ने गुलाल लगा कर, आतिशबाजी करके नव वर्ष का स्वागत किया। मौके पर उपस्थित महानगर अध्यक्ष निशांत चौहान ने कहा कि हम सभी को नव वर्ष का स्वागत अपने घर पर भगवा ध्वज, दीप जला कर करे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुजीत सिंह, राकेश कर्ण, महानगर अध्यक्ष निशांत चौहान, पवन सिंह, सूरज पाण्डेय, निशांत यादव, मंटू दुबे,अभिजीत मिश्रा, चंदन सिंह राजपूत, सत्य सिंह रवि चौधरी,सूरज चौधरी, निशांत यादव, सतीश मिश्रा ऋषभ सिंह अभिषेक मिश्रा ,बिप्तू सिंह, तारा प्रकाश, अनुभव प्रताप सिंह कुशाग्र सिंह चौहान, अरूप मोदक, कृष्णा विश्वकर्म, विष्णु चौरसिया उपेंद्र कुमार, रोहित राज पांडे, आशीष शर्मा,अरूप जी उपस्थित थे।

## बालाजी मंदिर में शास्त्रीय विधि-विधान से मनाया गया हिन्दू नववर्ष

### भगवान को संवत्सर फल वर्षफल और मासफल सुनाया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** तिरुपति बालाजी मंदिर में विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तदनुसार रविवार को पूरे शास्त्रीय विधान से हिंदू नववर्ष मनाया गया। सर्वसिद्धिस्वरूप का दूध, दधि, हल्दीचूर्ण, सुगंधित चंदन, शहद, नारियलयुक्त जल, गंगाजल, केसर, तुलसी और पुष्प मिश्रित जल इत्यादि से वेद विदित मंत्रों के द्वारा महाभिषेक कराया गया। तदन्तर भगवान और भगवती के श्रीअंग दिव्य रेशमी पीतांबर से आवृत्त करके सुंदर आभूषणों के समुदाय से अलंकार हुआ। पुष्प राशियों से भव्य श्रृंगार निवेदन हुआ। सूजी हलवा, आलू पकौड़ा, फल और मेवा का बालभोग निवेदन करके नक्षत्र कुंभ और कपूर की बाती से महाआरती की गयी। इसके बाद पुनः संकल्प और शोडषोपचार पूजा करके भगवान के समक्ष संवत्सर फल वर्षफल मासफल और राशिफल सुनाया गया। महाभिषेक के यजमान- सुरेश ठाकुर, गीता और शशि ठाकुर थे। अर्चक- सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने समस्त राष्ट्र और झारखंड वासियों के लिये नूतन वर्ष की शुभकामनायें और भगवान से मंगल प्रार्थना किया। मौके पर राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, गौरी शंकर साबू, रंजन सिंह, साबरमल बुधिया, सुशील गरोदिया, नीरू फोगला आदि उपस्थित थे।

# देश विभाजन के दौरान मानसिक रोगियों पर केंद्रित टोबा टेक सिंह नाटक के कलाकारों ने झकझोर डाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सआदत हसन मंटो द्वारा लिखित प्रसिद्ध नाटक टोबा टेक सिंह का निर्देशन भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा रांची जिला सचिव सुमेधा मल्लिक द्वारा किया गया। यह नाटक एक व्यंग्यात्मक लघु कथा है जो भारत के विभाजन के बाद लाहौर के पागलखाने में बंद पागलों की कहानी है, जो एक ऐसे बेतुके विभाजन पर व्यंग्य करती है। भारत और पाकिस्तान के विभाजन के बाद लाहौर के पागलखाने में बंद पागलों की अदला-बदली पर केंद्रित है। कहानी का मुख्य पात्र बिशन सिंह है, जो टोबा टेक सिंह नामक शहर से है और वह पागलखाने में बंद है। भारत और पाकिस्तान की सरकारों ने पागलखाने में बंद पागलों की अदला-बदली करने का फैसला किया, जिसमें बिशन सिंह को भी भारत भेजा जाना था। बिशन सिंह को जब पता चलता है कि उसका शहर टोबा टेक सिंह अब पाकिस्तान में है, तो वह जाने से इनकार कर देता है और चिल्लाता है कि टोबा टेक सिंह कहां है? भारत में या पाकिस्तान में? इन मानसिक रुप से बीमार पागलों के दिमाग में किस तरह से कौतूहल मचा हुआ था उसे रंगमंच पर उतरने का जो काम लेखक सआदत हसन मंटो ने किया है वह काबिले तारीफ है।

इस नाटक को शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव के शहादत दिवस के दौरान बीते रविवार 23 मार्च को 'शरफरोस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता से शुरूआत हुई थी और 30 मार्च को पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत वितरण किया गया। इसी उपलक्ष्य में बच्चों के नृत्य से कार्यक्रम की शुरूआत की गई, इसके बाद सआदत हसन मंटो का प्रसिद्ध नाटक टोबा टेक सिंह का भी यूनियन क्लब सभागार में किया गया । इस नाटक में इप्टा के कई कलाकारों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने किरदार को जीवंत करने में अपनी तरफ से पूरी कोशिश की। इन कलाकारों ने पात्र को जीने का कोशिश किया।

मुख्य रूप से डॉक्टर की भूमिका में सुमेधा मलिक, फौजी के भूमिका में प्रशांत, वकील बने पीयूष, प्रोफेसर अंजलि, चना वाला सौरभ ,नर्तकी ऐश्वर्या , कवित्री आस्था, चपरासी रोशन , फजल विवान, मुलाकाती एगनेटिश ने निभाया। इस मौके पर भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा झारखंड के पूर्व कार्य अध्यक्ष श्यामल मलिक, प्रदीप तरफदार, विनय भूषण, श्यामल चक्रवर्ती सोंटा, अधिवक्ता कलाम रशिदी, अजय सिंह, प्रवीण कर्मकार, परवेज कुरैशी सहित एकता के कई कलाकार व पदाधिकारीकरण शामिल थे।

## विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह के अंतिम दिन कई सांस्कृतिक कार्यक्रम

# मैथिली गीत एवं नृत्य पर झूमे लोग

- मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, भाजपा के झारखण्ड संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह शामिल हुए



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड मैथिली मंच, रांची के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह के अंतिम दिन हरमू मैदान में संध्या 7 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। पहले सत्र में उद्घाटन एवं दूसरे सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, भारतीय जनता पार्टी के झारखण्ड संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह शामिल हुए।

सर्वप्रथम अतिथियों को सादर मंचासीन कराया गया। साथ ही मैथिली मंच के संरक्षक अरूण कुमार झा, अध्यक्ष विनय कुमार झा, महासचिव जयन्त कुमार झा, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र, स्वागताध्यक्ष विद्या नाथ झा विदित ने आसन ग्रह ग्रहण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मिथिला की परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम भगवती वंदना जय जय भैरवि असुर भयाऊनि एवं राष्ट्र गान जन गण मंगल दायक की प्रस्तुति श्रीमती बबिता झा, श्रीमती डॉली तालुपदार, श्रीमती सोनी चौधरी, निखिल महादेव झा एवं मिथिलेश कुमार मिश्र के समूहगान के साथ हुई। तदुपरांत मंचासीन अतिथियों का पाग दोपटा एवं पौधा देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा महाकवि विद्यापति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

स्वागताध्य विद्या नाथ झा विदित ने स्वागत उद्गार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट योगदान के लिए अनेक विभूतियों को सम्मानित किया गया। माननीय मंत्री संजय सेठ का धन्यवाद ज्ञापन जयन्त कुमार झा ने किया।

दूसरे सत्र में सांस्कृतिक महाकुंभ का रंगारंग आगाज हुआ। जिसमें विद्यापति गीत, लोक गीत, पारंपरिक नृत्य आदि अनेक विधा में आकर्षक प्रस्तुति हुई।

मुख्य रूप से पटना से पधारी श्रीमती रंजना झा : विद्यापति गीत : पिया मोर बालक हमे तरूनी गे, चानन भेल विसम सर रे भूषण भेल भारी, रांची से श्रीमती बबिता झा : हे हर हमर करहु प्रतिपाला, सुतल पिया के जगाबै हो रामा, खाक मगहिया पान यौ पाहुन हमर जान किए लै छी।

निखिल महादेव झा : ललका धोती-कुर्ता पर पाग देखियौ, जनम मिथिले में भेल एचएमआर भाग देखियौ, माइ जोगिया ठाढ़ भवनमा में-- हेयौ पाहुन हमर करेज लेने जाइ छ, आजु नाथ एक ब्रत महासुख लागत हे आदि गीतों पर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

श्रीमती सोनी चौधरी झा : पिया परदेश स पटोर लेने आयब निखिल महादेव एवं सोनी चौधरी झा के द्वारा जुगल गीत : प्रीत जन्मो जनम के निमहई ले.., प्रेमक नाजुक बंधन..। गोहाटी से आयीं सुश्री डॉली तालुकदारः विद्यापति रचित ब्राह्मण बाबू यौ- तोहर पिया हौ शहर के बबुआ- हम नै शिव संग गौरी बियाहब--।

माधव जी एवं समूह के द्वारा पारंपरिक नृत्य में झिझिया, पमरिया, सामा चकेबा आदि अनेक विधा में आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

जमशेदपुर से मिथिलेश कुमार मिश्र ने ठेठ अंदाज में लोगों को खूब गुदगुदाया एवं ठहाके लगाने पर विवश कर दिया। मंच संचालन भारतेन्दु कुमार झा ने किया।

## सितारा होटल मैरियेट इंटरनेशनल का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** विश्व के अति प्रतिष्ठित सितारा होटल मैरियेट इंटरनेशनल की श्रृंखला में रविवार को रांची भी जुड़ गया। गुरु जी श्रीकांतजी शर्मा के आशीर्वाद एवं भगवान एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से इसका शुभारंभ झारखंड की राजधानी रांची में हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर बिष्णु अग्रवाल, निदेशक, एरोलाइन रियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड ने अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि सबके साथ एवं सहयोग से आज आपके सामने अंतरराष्ट्रीय होटल समूह मैरियेट का झारखंड एवं बिहार राज्य में पहला सितारा होटल रांची में स्थापित हो पाया।

मैरियेट इंटरनेशनल की रीजनल वाइस प्रेसिडेंट, साउथ एशिया रंजू एलक्स ने कहा कि न्यूक्लियस ग्रुप द्वारा बनाया हुआ कोर्टयार्ड बाय मैरियेट इंटरनेशनल रांची में खुलने का सपना साकार हो सका।

मैरियट बॉनवॉय के 30 से अधिक असाधारण होटल ब्रांडों के पोर्टफोलियो का हिस्सा, कोर्टयार्ड बाय मैरियट ने आज उद्घाटन की घोषणा की, जो झारखंड में पहले मैरियट इंटरनेशनल 111 कमरों वाला होटल परिष्कृत जीवन और आधुनिक डिजाइन का उदाहरण है। यह बेहतर आराम, यादगार अनुभव और स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के रमणीय मिश्रण के साथ व्यापार और अवकाश यात्रियों दोनों के लिए एक स्वागत योग्य स्थान प्रदान करता है। यह बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से केवल 35 मिनट और रांची जंक्शन और हटिया रेलवे स्टेशनों से 30 मिनट की दूरी पर स्थित है।

प्रेसिडेंट रंजू एलेक्स ने कहा, 'हम झारखंड की राजधानी में कोर्टयार्ड के उद्घाटन के साथ भारत में अपनी विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित करने के लिए उत्साहित हैं। यह लॉन्च रांची जैसे आशाजनक बाजारों में प्रवेश करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो शहरी ऊर्जा और प्राकृतिक सुंदरता का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है। कोर्टयार्ड आधुनिक यात्रियों की विकसित जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो नवीन प्रौद्योगिकी, आराम और शैली को एक साथ जोड़ता है। स्मार्ट सुविधाओं के साथ, प्रत्येक कमरा सुसज्जित है। जिसमें हाई-स्पीड वाई-फाई, एक फ्लैट-स्क्रीन टीवी और एक अच्छी तरह से सुसज्जित लेखन डेस्क जैसी सुविधाएं मिलती हैं। होटल में भोजन के स्थानों में एक पूरे दिन का भोजन- विरासत शामिल है, जहां एक गर्म, हलचल भरी खुली रसोई और स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों का एक आकर्षक चयन आपको संतुष्ट करने के लिए तैयार है यह होटल अत्याधुनिक कसरत मशीनों के साथ एक पूरी तरह से सुसज्जित 24 घंटे का फिटनेस सेंटर प्रदान करता है। इसके पूरक में रूफटॉप पूल है, जो शीर्ष मंजिल पर एक खुला आकाश जैसा स्थान है, साथ ही एक समर्पित स्टीम क्षेत्र है।

होटल में 9,100 वर्ग फुट का बहुमुखी इवेंट स्पेस है, जो कॉर्पोरेट और सामाजिक अवसरों दोनों के लिए लालित्य और कार्यक्षमता का मिश्रण है। विस्टा हॉल, क्राउन ज्वेल, 4,123 वर्ग फुट में फैला है और 300 मेहमानों को समायोजित करता है, जो इसे भव्य समारोहों, सम्मेलनों और रिसेप्शन के लिए आदर्श स्थान बनाता है। अधिक अंतरंग समारोहों के लिए, कार्यकारी कक्ष शीर्ष मंजिल पर एक निजी, 400 वर्ग फुट का स्थान प्रदान करता है, 4,000 वर्ग फुट का स्काईलाइन वेन्यू यह किसी भी अवसर को वास्तव में अविस्मरणीय अनुभव में बदलने का वादा करता है।

# श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति ने अखाड़ाधारियों के यहां दौरा कर की बैठक

- अरगोड़ा, पुनदाग, बजरा, हेहल, पंडरा के सभी अखाड़ा मंडल के संग की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के अध्यक्ष जयसिंह यादव के नेतृत्व में श्री रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने के लिए रविवार को कई क्षेत्रों का मंडल के अन्य पदाधिकारी के संग दौरा किया गया। सर्वप्रथम अरगोड़ा का दौरा कर श्री हनुमान मंदिर परिसर में बैठक की गयी।

अरगोड़ा, पुनदाग, हेहल बजरा, पंडरा क्षेत्रों का दौरा करते हुए सभी अखाड़ाधारी व मंडल पदाधिकारियो से मिलकर उनको हरसंभव सहयोग करने का आश्वाशन दिया गया। केंद्रीय अध्यक्ष ने रामनवमी महोत्सव को देखते हुए जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि मंडल अखाड़ा स्थल पर पीने का पानी की व्यवस्था, नाली की साफ-सफाई की व्यवस्था, क्षेत्रवार प्रत्येक थाना से सुरक्षा की व्यवस्था, शोभायात्रा के मार्ग पर छोटे-मोटे गड्ढे को भरकर मार्ग को सुलभ बनाने की व्यवस्था, शोभायात्रा मार्ग में बिजली और जनरेटर की व्यवस्था, साथ ही सुदूर इलाके से आने वाले ग्रामीणों को तपोवन मंदिर से उनके घर तक जाने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था कराने का आग्रह किया है।

## महिला सम्मान समारोह में दिव्यांग महिलाओं ने अन्याय के खिलाफ लड़ने का किया आह्वान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को दिव्यांग महिलाओं ने संगठित होकर अन्याय के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया। खेलगांव रांची में महिला सम्मान समारोह का आयोजन रांची सीसीएल के सौजन्य से किया गया। जिसमें सार्थक दिव्यांग नव किरण सशक्त फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिसमें सहयोगी संस्थाएं सक्षम झारखंड संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। जिसमें नृत्य प्रतियोगिता तथा सिंगिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। सभी महिलाओं को शील्ड और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दिव्यांग महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की बात कही गई और उनकी उपलब्धियों को समाज के सामने प्रस्तुत करने की भी बात कही गई। यह कार्यक्रम एक समावेशी कार्यक्रम के रूप में मनाया गया जिसमें दिव्यांग महिलाओं और समाज के अन्य वर्ग के लोग भी शामिल थे। जिसमें ग्राम विकास समिति की अध्यक्ष संगीता कुमारी, बीना शर्मा, प्रीति देवी तथा अन्य लोग भी उपस्थित थे। धनबाद से समाजसेवी कविता वर्मा, पूनम वर्मा व रेखा वर्मा, सार्थक दिव्यांग नव किरण सशक्त की डायरेक्टर रीमा साहू, बंधन समिति की मेंबर पूजा देवी तथा अन्य महिलाएं उपस्थित थी

## ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर सिल्ली थाना में की गई समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली थाना परिसर में रविवार को संध्या 5 बजे से ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में सदस्यों के बीच समीक्षा बैठक की गई। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूख ने किया।वहीं थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व की भांति ही उक्त सभी त्यौहार को शांतिपूर्ण व भाईचारगी के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। त्योहार के दौरान यदि नवयुवक सड़क सुरक्षा का पालन न करते हुए तेज रफ्तार में दो पहिया वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने पेयजल सुविधा,स्वास्थ्य चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सदस्यों ने कहा कि सिल्ली वासियों की सामूहिक भागीदारी से त्यौहार में शांति व्यवस्था कायम रहेगा एवं विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन को मदद मिलेगी। इसी क्रम में रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी ने कहा कि ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व के मद्देनजर सिल्ली में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने की आवश्यकता है। पर्व त्यौहार खुशियां मनाने और एक दूसरे से प्रेम बांटने का अवसर प्रदान करता है। मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उप प्रमुख आरती देवी,शांति समिति के सदस्य, प्रबुद्धजन, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

# बेड़ो में चैत्र प्रतिपदा नववर्ष पर निकली प्रभात फेरी



**खबरं मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** हिंदू नववर्ष पर रविवार को बेड़ो संच एकल अभियान विद्यालय के आचार्यों ने ग्रामीणों के साथ भारतीय नववर्ष मनाया। इस दौरान प्रखंड के ईंटाचिल्द्री में नमिता देवी, पुरियो में मुन्नी उरांव, हूंटार में विमल टोपनो, शहेदा में लक्ष्मी देवी, दिघिया में चिरंजीव देवी व ज्योति देवी के अगुवाई में प्रभात फेरी निकाल कर देशवासियों एवं सभी ग्राम वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। वहीं शाम में मंदिरों में महाआरती के बाद खीर प्रसाद का भोग वितरण किया गया। मौके पर रमेश प्रसाद गुप्ता ने ग्राम वासियों को नववर्ष की शुभकामना देते हुए कहा कि हमारा नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है। इसका ऐतिहासिक महत्व है। आज ही के दिन सृष्टि की रचना ब्रह्मा जी ने की थी। आर एस एस के संस्थापक डा हेडगेवार का जन्म दिवस, प्रभु श्री राम एवं युधिष्ठिर का राज्याभिषेक आदि कई कारणों से इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। कहा कि हम सभी भारतीय जनमानस इसी को अपना नववर्ष मानें। इस समय वसंत ऋतु के आरंभ पर चारों ओर उल्लास, उमंग, खुशी और फूलों की सुगंध से वातावरण भरा रहता है। इधर भारतीय नव वर्ष 2082 के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बेड़ो प्रखंड के द्वारा पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। जो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय से प्रारंभ होकर बेड़ो का परिभ्रमण करते हुए महादानी मंदिर और फिर वापस सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल में आकर समाप्त हुआ। वहीं मौके पर हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, राजेंद्र प्रसाद साहू रविंद्र वर्मा व डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता समेत दर्जनों लोगों व विद्यार्थियों ने सराहनीय योगदान दिया।

### बेड़ो में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम आज

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सोमवार को सरहुल पूजा महासमिति के तत्वाधान में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें परंपरागत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति के प्रखंड के सभी खोड़हा दलों से इस कार्यक्रम में पारंपरिक वेशभूषा, वाद्य यंत्र व अपनी टीम के साथ भाग लेने की अपील की है। वहीं सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष सुका उरांव ने बताया कि एक अप्रैल को सरहुल पूजा और दो अप्रैल को दोपहर में एक बजे से प्रखंड स्तरीय भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इधर कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य लगे हुए हैं।

## खबर एक नजर में

### कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर राज्य में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं, जनहित से जुड़े मुद्दों एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनजर प्रासंगिक विषयों पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा की वार्षिक आम सभा संपन्न, नीरज अग्रवाल बने शाखा अध्यक्ष




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा की वार्षिक आम सभा का आयोजन रविवार को अग्रसेन पथ अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन में किया गया। मौके पर शाखा अध्यक्ष युवा आशीष अग्रवाल ने स्वागत भाषण देकर सभी युवा साथियों का स्वागत किया। सचिव सोनित अग्रवाल ने बीते वर्ष के समस्त कार्यों का एवं कोषाध्यक्ष स्पर्श चौधरी ने बीते वर्ष के आय एवं खर्चो का ब्यौरा आम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष रखा। चुनाव पदाधिकारी सुभाष पटवारी द्वारा युवा नीरज अग्रवाल को मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा सत्र 2025-26 का निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया।

### शान्तनु सिन्हा स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट का कवि गोष्ठी सह चैता मिलन समारोह आयोजित

**रांची।** सृजन संस्थान के तत्वावधान में हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या के अवसर पर रविवार को कवि गोष्ठी सह चैता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ ममता मनीष सिन्हा, राज रामगढ़ी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कंचन सिंह मौजूद थी। उन्होंने ने वर्तमान साहित्य संसार में कविता की प्रासंगिकता पर व्याख्यान दिया और उन्होंने कहा कि अच्छी कविताओं की रचना होनी चाहिए, जो सरल भाषा में श्रोताओं के हृदय तक पहुंचे। कवियों को अपनी रचनाओं का प्रथम आलोचक स्वयं होना चाहिए, जिससे कविता परिष्कृत होकर कालजयी बन जाएगी। डॉ रेणुबाला धार, विजय रंजन, कामेश्वर कुमार कामेश, रेणु झा रेणुका, नितेश मिश्र, ऋतुराज वर्षा, संपदा ठाकुर, खुशबू वर्णवाल सीपी, सुनीता अग्रवाल पिंकी, अजित प्रसाद, पंकज पुष्कर ने भी कविता पाठ किया।

### श्री महावीर मंडल केन्द्रीय समिति की बैठक आयोजित



**नामकुम।** श्री,महावीर मंडल नामकुम केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को अखडास्थल पर आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि महोत्सव में भाग लेने वाले सभी सभी महावीर मण्डल को सांतवना पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और विधायक जेश कच्छप,विधायक सुरेश बैठा,पूर्व पुलिस महानिदेशक बीबी प्रधान उपस्थित रहेंगे। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष श्री महावीर मण्डल राँची जय सिंह यादव,बीडीओ विजय कुमार,सीओ कमल किशोर सिंह,थानेदार मनोज कुमार,निदेशक निशाएवं पूर्व डीडीसी हजारीबाग सहित आमंत्रित अतिथि गण शामिल होंगें। वहीं प्रशासन से मांग की गयी कि रविवार के दिन आयोजन होने के कारण 6 अप्रेल को सब्जी बाजार न लगाई जाय,बाजार के दिन पूरी तरह से शराब, हड़िया, दारू पर प्रतिबंध लगाया जाय। अखाड़ा में प्रवेश करने वाले रास्ते को अतिक्रमण मुक्त किया जाय। मेला के दिन अतिरिक्त पुलिस बल एंव महिला पुलिस बल भी पर्याप्त संख्या मे उपलब्ध करायी जाय। स्वास्थ कैंप के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र एवम माँ कलावती अस्साल को पत्र दिया गया। बैठक मे मुख्य रूप से अध्यक्ष मनोज सिंह,अनिल वर्मा,बिकु सिंह,रिंकू राय,अनिल सिंह,संजीव सिंह, छोटू गोप, विमल सिन्हा, मंटू राय, शारदा देवी, अनुप्रभा देवी, रूपा चौहान, सुषमा देवी, जयंती देवी, मीनू देवी, प्रकाश भारती, विकास सिंह, पवन सिंह सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

# दोनों हाथों से गोली चलाता था मुख्तार अंसारी का शूटर अनुज कनौजिया

- शूटर अनुज कनौजिया से खौफ खाते थे लोग, पत्नी भी है सलाखों के पीछे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** जमशेदपुर में यूपी एसटीएफ और झारखंड पुलिस ने मुख्तार अंसारी गैंग के शूटर अनुज कनौजिया को ढेर कर दिया। मुठभेड़ में मारा गया बदमाश कुख्यात अपराधी था। उस पर हत्या, लूट, रंगदारी और गैंगस्टर जैसे 23 संगीन मुकदमे मऊ-गाजीपुर समेत कई जिलों में दर्ज थे। यूपी के अलावा बिहार-झारखंड समेत कई राज्यों में उसने आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था। वह कई साल से फरार चल रहा था।

**लगातार ठिकाने बदल रहा था अनुज :** अनुज कन्नौजिया मुख्तार अंसारी गैंग का सक्रिय सदस्य था। वह गैंग के लिए शूटरों की भर्ती करने के साथ हत्याओं की साजिश भी रचता था। हथियारों का शौकीन भी था। वह दोनों हाथ में पिस्टल लेकर एक साथ फायर करता था। अपने ठिकाने बदलने की वजह से वह अब तक बचता चला आ रहा था। अनुज कद में छोटा था, लेकिन जरायम की दुनिया में उसका खौफ काफी बड़ा था।

मुख्तार अंसारी के अच्छे दिनों में अनुज के भी मजे थे। वह मुख्तार का काफी भरोसेमंद था। वर्ष 2012 में अनुज गोरखपुर जिला कारागार में बंद था। मुख्तार के बुरे दौर की शुरूआत होने के बाद से ही अनुज की भी मुसीबत बढ़ गई। वह एसटीएफ से बचने की पूरी कोशिश करता रहा। ठिकाने बदलकर लगातार चकमा देता रहा।

**प्रेमिका को परेशान करने वाले को मार दी थी गोली :** अनुज की पत्नी रीना राय मऊ जेल में बंद है। उसके साथ उसके दो बच्चे भी हैं। अनुज से उसकी शादी के पीछे की कहानी थोड़ी फिल्मी है। दरअसल रीना को कोई युवक परेशान करता था। उसने अनुज से इसकी शिकायत की। इसके बाद अनुज ने उस युवक को गोली मार दी। इससे रीना अनुज को पसंद करने लगी। इसके बाद परिवार के खिलाफ जाकर उससे शादी भी कर ली। शादी के दौरान अनुज जेल में ही था। पुलिस कस्टडी में ही उसकी शादी कराई गई थी।

**ठेके के विवाद में इंजीनियर को भी मार डाला था :** 28 मार्च 2024 में मुख्तार अंसारी की मौत हो गई थी। अब एक साल बाद एसटीएफ ने मुख्तार के दाहिने हाथ रहे अनुज को ढेर कर दिया। इसके बाद एक बार फिर से अनुज के अपराधों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। एक दौर में अनुज का मऊ में काफी खौफ था। वर्ष 2009-10 के दौरान उसने ठेके को लेकर एक इंजीनियर की भी हत्या कर दी थी।

**पुलिस ने कुर्क कर ली थी संपत्ति :** अनुज कनौजिया साल 2016 तक गोरखपुर जेल में बंद रहा। इसके बाद मेरठ भेज दिया गया। यहां उसकी जमानत हो गई। साल 2019 में मऊ में ही एक और हत्या में अनुज आरोपी था। इस मामले मुख्तार अंसारी पर भी मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद से अनुज फरार चल रह था। कोर्ट के आदेश पर साल 2021 में बहलोलपुर नवापुरा में मौजूद उसकी संपत्ति को भी कुर्क कर लिया गया था।

**मुठभेड़ के दौरान डीके शाही को लगी गोली :** एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने झारखंड पुलिस के साथ मिलकर जमशेदपुर में शूटर अनुज को मार गिराया। वह मऊ जिले के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव का रहने वाला था। एनकाउंटर की अगुवाई एसटीएफ के डिप्टी एसपी डीके शाही ने की। मुठभेड़ में उन्हें भी गोली लगी है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 5 साल से अनुज की तलाश की जा रही थी।

### रंगदारी मांगने पर गिरफ्तार हुई थी पत्नी रीना

शादी के बाद पति के जेल में होने के कारण रीना ही उसके अवैध धंधों को संभालने लगी। साल 2023 में रंगदारी के मामले में पुलिस ने रीना को झारखंड के रांची से गिरफ्तार किया था। अनुज कनौजिया पर पहले एक लाख रुपये का इनाम था। बीते गुरुवार को ही डीजीपी कार्यालय ने इनाम की राशि बढ़ाकर ढाई लाख रुपये कर दी थी। अनुज कनौजिया का आपराधिक इतिहास बहुत लंबा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उस पर मऊ जिले के कोतवाली थाने में सबसे ज्यादा 6 मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा रानीपुर में 5, दक्षिण टोला में 2 और चिरैयाकोट में 3 मुकदमे दर्ज हैं। गाजीपुर और आजमगढ़ में भी उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

# सरहुल प्रकृति व पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देता है : डॉ रविन्द्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**संवाददाता बेड़ो।** सरहुल हमें प्रकृति व पर्यावरण का संरक्षण का अनुपम संदेश देता है। यह पर्व मानवीय जीवन में सद्भावना, सहिष्णुता, एकजुटता, समरसता और मानवता का अमूल्य पाठ पढ़ाता है। यह बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति सह 10 पड़हा के संरक्षक डॉ रविन्द्र नाथ भगत ने कहीं। वे 10 पड़हा कटरमाली के तत्वावधान में रविवार को कटरमाली गांव स्थित पड़हा भवन के परिसर में आयोजित सरहुल पूर्व संध्या, विशु शिकार महोत्सव तथा पड़हा भवन उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। वहीं समारोह के दौरान पूर्व वीसी डॉ रविन्द्र नाथ भगत,10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा व 10 पड़हा राजा रोहित उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पड़हा भवन का उद्घाटन किया। इसके पूर्व संरक्षक डॉ रविन्द्र नाथ भगत, अध्यक्ष सुबोध लकड़ा व 10 पड़हा राजा रोहित उरांव के संयुक्त नेतृत्व में कटरमाली अखरा से ढोल, ढाक, मांदर, झंडा व नगाड़ा के थाप पर परंप रागत नाच गान के साथ एक शोभायात्रा निकाली गई। जो परिक्रमा करते हुए पड़हा भवन के पास पहुंचकर एक समारोह में बदल गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मां सरना की प्रार्थना किया। समारोह में पूर्व वीसी डॉ रविन्द्र नाथ भगत ने ग्रामीणों से एकजुट होकर सरहुल पर्व के महत्व और महिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहा कि पड़हा भवन के बनने से हमारी वर्षों पुरानी मांग व सपना साकार हुआ। जो पड़हा समाज की एकता और संगठन को मजबूत बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इधर समारोह में 10 गांव के खोड़हा टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह को सफल बनाने में 10 पड़हा राजा रोहित उरांव, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, पंसस विशेश्वर उरांव, मुखिया कुवांरी खलखो, अशोक लकड़ा, कुलदीप उरांव, खद्दी उरांव, नंदू उरांव, बांदे लकड़ा, सोमरा उरांव, बुधनाथ उरांव, पुसा उरांव, रंजीत उरांव व बिरसा उरांव आदि ने सराहनीय योगदान दिया। समारोह में 10 पड़हा क्षेत्र के 10 गांवों में क्रमशः जरिया, सरनाटोली, टेंगरिया, डोला, हुलसी, मासु, मुड़ामु, ताबेर, शहेदा व खूर्द के ग्रामीणों ने परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। वहीं समारोह की अध्यक्षता सुबोध लकड़ा, संचालन विजय उरांव व धन्यवाद ज्ञापन विशु उरांव ने किया।



कटरमाली में निकली सरहुल की शोभायात्रा में शामिल ग्रामीण।

## सीनियर एसपी के निर्देश पर पुलिस ने की कार्रवाई
# 22 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

- गाजीपुर का है गंगासागर राय
- चांदनी टुड्डू का था किरायेदार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सीनियर एसपी चंदन कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस ने रातू महाराजा तालाब किनारे अवस्थित शिवाला कॉलोनी के समीप चांदनी टुड्डू के मकान में रह रहे किरायेदार 52 वर्षीय गंगासागर राय को 20 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पास से रेडमी कंपनी की दो मोबाइल भी जब्त की गयी है। वह उत्तरप्रदेश के गाजीपुर भांवरकोल श्रीपुर निवासी स्व विभूति राय का पुत्र है। मामले को लेकर रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उसकी निशानदेही पर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।

**जाने क्या है मामला :** श्री सिन्हा को सूचना मिली कि कॉलोनी में मादक पदार्थों की तस्करी होती है। उन्होंने डीएसपी टू की अगुआई में टीम का गठन किया। टीम चांदनी की घर पहुंची। पुलिस को देख गंगासागर ने भागने की कोशिश की। लेकिन, उसे दबोच लिया गया और उसके कमरे की तलाशी ली गयी। बैगनी और ग्रे कलर के बैग में छिपाकर रखे 22 किलो गांजे को जब्त कर लिया गया।

**छापेमारी में थे शामिल**

डीएसपी अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थानेदार रामनारायण सिंह, अवर निरीक्षक अनुरंजन कुमार, संतोष यादव, नवीन शर्मा, छोटु कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सुनिल कुमार सिंह, आरक्षी अविनाश कुमार, देवराज राम, सशस्त्र बल के जवान व जीप चालक।

## खबर एक नजर में

### रातू : प्रखंड में ईद आज, 9 बजे होगी नमाज

- सजी है ईदगाह और मस्जिदें
- इस्लाम धर्मावलंबी उत्साहित

**रातू।** प्रखंड के विभिन्न हिस्से में सोमवार को ईद मनायी जायेगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसे लेकर इस्लाम धर्मावलंबी उत्साहित हैं। सुबह 9 बजे ईद उल फितर की नमाज होगी। क्षेत्र के ईदगाह और मस्जिदों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। रंग-बिरंगी सजावट भी की गयी है। इसकी मनोहारी छटा देखते ही बन रही है। शुक्रवार को अलविदा जुमा में हुये ऐलान के हवाले से अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी ने बताया कि फुटकलटोली ईदगाह में 8 : 30, मस्जिद ए अशरफी 8 :40, मस्जिद ए हमजा 8 :45, मस्जिद ए जमाले तैबा 8 :30, मस्जिद ए नूरी 8, सिमलिया ईदगाह में 8 :15, काठीटांड़ ईदगाह में 8 :30, बिजुलिया ईदगाह टंगरा में 9, पाली, हुरहुरी, चितरकोटा, परहेपाट, पुरियो, कन्नौज, बानापीड़ी व मुरगू मस्जिद में 8 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की जायेगी।

### किसानों के बीच ओल और अदाक के बीज बांटे गये



**अनगड़ा।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में उद्यान विभाग विकास की ओर से हाईब्रिड किस्म की अदरक एवं ऑल बीज का वितरण किया गया। नवागढ़, कुच्चू, सूरसू, बीसा पंचायत के विभिन्न गांवों में दर्जनों किसनों को बीज वितरण योजना के तहत लाभ दिया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप प्रमुख दीपा उरांव विशिष्ट अतिथि के रूप संयोजक एतवा उरांव उपस्थित थे प्रमुख दीपा उरांव ने की खेती किसानी के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रांची जिला के अनगड़ा प्रखण्ड मे 289 किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। उद्यान मित्र दुती बेदिया ने अदरक और ओल की खेती से संबंधित किसानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एव खेती के कार्यविधि को विस्तार पूर्वक बताया। इस मौके पर मुखिया सहदेव बेदिया, सुमित्रा देवी, मंज्योति देवी ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, रमेशचन्द्र, देवकी कुमारी प्रेम उरांव, इत्यादी उपस्थित थे।

### रोजेदारों के बीच ईद किट का वितरण



**इटकी।** इटकी सेवा निकेतन ट्रस्ट हॉस्पिटल प्रांगण में रविवार को हजारीबाग जैप 7 के डीएसपी मनीष लाल ने रोजेदारों के बीच ईद किट का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि त्योहार को हम सभी आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाये और हिंदुस्तान की खूबसूरती को बनाये रखे। कार्यक्रम में 50 जरूरतमंद लोगों के बीच ईद किट का वितरण किया गया। मौके पर कल्पना कसौल लाल, डॉ मकसूद आलम, अनिमेष चंद्र लाल, अबरार आलम, आरणवी लाल, लीला, इश्तेयाक अंसारी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रातू : समिति ने लोगों के बीच बांटी सेवईयां



सेवईयां बांटते समिति के पदधारी।

**रातू।** बिजुलिया रोड जामिया नगर स्थित प्रगति मानव सहयोग समिति के प्रधान कार्यालय में सभी समुदाय के बीच सेवईयां बांटी गयी। इस दौरान अध्यक्ष असलम अंसारी ने राज्यवासियों को ईद, सरहुल व रामनवमी की अग्रिम बधाई देते हुये शांति और सौहार्द के माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। मौके पर सचिव सैय्यद फिरोज आलम, मो नईम खान, मो शाहिद अंसारी, इश्तियाक अंसारी व चंद्रवीर उरांव आदि मौजूद थे।

### टाटीसिलवे में चार पर विद्युत उर्जा चोरी का मामला दर्ज

**नामकुम।** टाटीसिलवे पुलिस ने थानाक्षेत्र के सिलवे बगानटोली के सुरेन मछुआगुडडू नायक,क्रिस्टो मोची,लखीचरण नायक पर विद्युत उर्जा चोरी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। थानेदार रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि तीनो पर सहायक विद्युत अभियंता अशोक प्रिय के ब्यान पर प्राथमिकी दर्ज की है साथ ही सुरेन मछुआ पर साढे चैदह हजार रूप्ये,गुडडू नायक पर साढे पांच हजार रूप्ये, क्रिस्टो मोची पर साढे पांच हजार रूप्ये और लखीचरण नायक पर साढे बारह हजार रूप्ये का जुमार्ना लगाया गया है। टाटीसिलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन षुरू कर दी है।

# 53 किसानों में अदरख-ओल बीज का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदीरी।** कुच्चू पंचायत के बदरी में रविवार को उधान विकास योजना के तहत किसानों को ओल एवं अदरक का उन्नत किस्म का बीज निशुल्क वितरण किया गया। वितरण अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया व जेएलकेएम के केन्द्रीय सचिव बालेश्वर बेदिया ने संयुक्त रूप से किया। ओल एवं अदरक का उन्नत किस्म का बीज जिला उधान विकास विभाग रांची के सौजन्य से पंचायत के बदरी खभावन, बुटगोड़ा, अम्बाटुंगरी, कुच्चू के 20 किसानों को ओल एवं 33 किसानों को बांटे गए। प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव ने बीज को लगाने एवं रख-रखाव की तकनीकी जानकारी दी। कहा कि टपक सिंचाई अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उपज ले सकते है। जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव बालेश्वर बेदिया ने कहा कि इन बीजों का उपयोग कर किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते है। मुखिया सहदेव बेदिया ने कहा कि राज्य सरकार का किसानों के प्रति बेहतर प्रयास है कि किसानों को खेती से जोड़ कर उनकी आय में वृद्धि किया जा रहा है। मौके पर कांग्रेस प्रखंड संयोजक एतवा उरांव, उधान मित्र दूतिलाल बेदिया, पूर्व पंसस पंचमी देवी, वार्ड सदस्य सुनिता देवी, देवकी कुमारी, भुवनेश्वर शाही मुंडा, सोनी कुमारी, सरिता देवी, हेमन्ती देवी, नीतू देवी, बालो देवी, कमल देवी दुखनी देवी आदि उपस्थित थे।

### ईद से पूर्व पति ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के अंसारनगर इरबा से ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा फांसी में लटका गांव के 42 वर्षीय सरताज अंसारी का शव बरामद किया गया है। बताया गया कि मृतक वाहन चलक था। बताया गया कि वह पत्नी से किसी बात से नाराज हो आत्महत्या कर लिया। वहीं मृतक की पत्नी अनवरी बेगम द्वारा ओरमांझी थाना में अप्राकृतिक मौत (यूडी) का मामला दर्ज कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि सरताज अंसारी का घर में अक्सर विवाद होता रहता है। जब वह आत्महत्या किया उस समय घर में कोई नही था। दिन के ग्यारह बजे के करीब सबसे पहले मृतक की बेटी पिता को फांसी में लटका देखी। बगल में कई पत्नी दौड़ती हुई घर पहुंची, और लोगों का जानाकरी दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस द्वारा फांसी में लटका शव को उतरा व पंचनामा कर पोस्टर्माटम के लिए रिम्स भेज दिया। इधर ईद से पहले आत्महत्या की घटना पर आसपास के लोग द्वारा दुख जताया गया। बताया गया कि मृतक बाहर का था, और इरबा में मकान बना कर रहता था।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग में हादु मोड़ के समीप रविवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में बेड़ो जहानाबाज चेनया टोली गांव निवासी 22 वर्षीय अमित उरांव पिता खद्दा उरांव और 22 वर्षीय बलेश्वर उरांव पिता दिलीप उरांव है। जिन्हें अंचलाधिकारी प्रताप मिंज व पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने बेड़ो थाना पुलिस के गश्ती वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो भेजवाया। जहां डॉ मेघा भगत ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर उपप्रमुख मोददसिर हक व सीओ प्रताप मिंज ने सीएचसी पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

### ईद का चांद दिखा आज अदा की जायेगी नमाज

**अनगड़ा।** रविवार की शाम ईद का चांद नजर आते हीं रोजेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोग चांद देखने के बाद एक दूसरे को ईद की मुबारक बाद देते दिखे । और चांद दात की खरीदारी में जूट गए। सोमवार की सुबह विभिन्न मस्जिदों में मोर्कर समय के मोताबिक ईदुल फित्र की नमाज अदा की जाएगी। लोगों ने एक दूसरे के साथ भाईचारगी और सौहार्द पूर्ण वातवरण में ईद का त्यौहार मनाने की अपील की है।

**महेशपूर मे ईद मिलन समारोह का किया है आयोजनः** प्रखंड के महेशपूर गांव में नौजवान कमेटी महेशपूर की ओर सोमवार शाम को ईद मिलन समारोह का आयोजन किया है। इस समारोह में प्रखंड के लोगों को आमंत्रित किया गया है। आयोजकताओं ने बताया कि इस तरह के आयोजन से हिन्दु मुस्लिम के बीच सम्प्रदायिक सदभाव गहरा होता है। समारोह में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की है।

### रातू : प्रखंड के गांवों में मईयां स्वावलंबन कार्यक्रम आयोजित

**रातू।** डीसी के निर्देश पर प्रखंड के गांवों में संचालित सखी मंडल, ग्राम और संकुल संगठन में मईया सम्मान से मईया स्वालंबन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 1004 सखी मंडल, 52 ग्राम संगठन और 3 संकुल संगठन की 12144 सदस्य महिलाओं ने हिस्सा लिया। उन्हें मईया सम्मान योजना से प्राप्त राशि को आजीविका गतिविधियों में निवेश करने के लिये प्रेरित किया गया। राशि का उपयोग मुर्गी पालन और अंडा उत्पादन कर आजीविका को बढ़ाने की योजना तैयार की गयी। इससे सखी मंडल की महिलाएं मईया सम्मान योजना से मिलने वाले राशि से खुद को आर्थिक तौर पर मजबूत और सशक्त बना सकें। बैठक में जेएसएलपीएस के प्रबंधक कुणाल प्रसाद, संकुल समन्वयक, आईभीपीआरपी, जेएसएलपीएस के कर्मचारी, संकुल और ग्राम संगठन के सदस्य मौजूद थे।

### श्री श्री केन्द्रीय महावीर मंडल उरूगूटू की बैठक

**ठाकुरगांव।** श्री श्री केन्द्रीय महावीर मंडल उरूगूटू की बैठक रविवार को लाल अमन शाहदेव के अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्री केन्द्रीय महावीर मंडल काँके के अध्यक्ष अनिल टाईगर का स्वर्गवास 27 मार्च 2025 को हो गया था। जिसे लेकर श्री श्री केंद्रीय महावीर मंडल उरूगूटू ने शोक व्यक्त करते हुए 9 अप्रैल को होने वाले झारखण्ड स्तरीय अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता एवं मेला को इस वर्ष स्थगित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर लाल मृत्युंजय शाहदेव, जगदीश पांडेय, सचिव राजु नायक कोषाध्यक्ष प्रदीप पांडे, मनोज महतो, राजनाथ लोहरा, पिन्टू पांडे, मनोज कु महतो, संजय महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरहुल की तैयारी, नियम पालन करने का आह्वान

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न समितियों द्वारा सरहुल पूजा व मेला की तैयारी की गई। आदिवासी 22 पड़हा सरना समिति सदमा ओरमांझी के अध्यक्ष बाबूलाल महली ने इसकी जानाकरी देते हुए बताया प्राकृतिक महापर्व सरहुल पूजा का अंतिम तैयारी कर ली गई। वहीं पूजा व सरना स्थल की साफ सफाई करने के साथ मेला स्थल की भी व्यवस्था की जा रही है। साथ ही गांव के पाहनों द्वारा कोटवार से हक्वा कर उपवास रूसा दिन से पूजा तक गांव में लकड़ी कटना, धरती में हल कोड़ी कार्य करने से मना किया गया है। वहीं इसका पालन नही करने वालों पर समाज द्वारा बैठकर दंडित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावे युवा आदिवासी सरना समिति ओरमांझी, सरना पूजा समिति आनंदी व आदिवासी सरना पड़हा समाज मुनापतरा द्वारा सरहुल मेला व पूजा को लेकर विषेष तैयारी की जा रही है।

### शिव मंदिर सिकिदिरी में महाआरती का आयोजन



**सिकिदिरी।** स्वर्ण रेखानाथ महादेव मंदिर सिकिदिरी में हिंदू नववर्ष के अवसर महाआरती का आयोजन किया गया। पुजारी टिकेश्वरी पाण्डेय ने पूजन कर महाआरती कराया। मुख्य अतिथि हिन्दू युवा वाहिनी झारखंड प्रदेश के महामंत्री अभिषेक चौबे, जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार सम्मिलित हुए। अभिषेक चौबे ने कहा कि सर्वप्रथम विश्व के सबसे प्राचीनतम हिन्दू धर्म का कैलेंडेर जारी किया गया था और सनातन धर्म लोगों को एक दूसरे से जोड़ता है। सुजीत कुमार ने कहा कि धर्म और संस्कृति की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। मौके पर सीटू पांडेय, अधिवक्ता बिनोद चौबे, रवि कुमार सिंह, लीलावती देवी, संजू देवी, सोनी देवी, विभा जयसवाल, अनीता गुप्ता, कुसुम देवी, रूपाली जयसवाल आदि उपस्थित थे।

### बजरंग दल ने सोसई मंदिर में की पूजा अर्चना

**मांडर।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय हिंदू नव वर्ष के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल मंडल के कार्यकर्ताओं ने सोसई मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद प्रखंड के प्रमुख चौक चौराहों, आश्रम, हेशमी मोड, मांडर चौक, कंदरी मोड़, मुड़मा, ब्राम्बे चौक में ध्वजा स्थापित किया। साथ ही पांच अप्रैल को विहिप बजरंग दल द्वारा ब्राम्बे पानी टंकी से सोंस ओपा मेला टांड़ तक आयोजित होने वाले बाइक शोभायात्रा के निमित्त सभी क्षेत्रवासियों को आमंत्रित भी किया। कार्यक्रम के पश्चात ब्रांबे पानी टंकी में शोभायात्रा के निमित्त बैठक की गई एवं तैयारी की चर्चा भी की गई। मौके पर बजरंग दल के बजरंग सिंह, शशि सोनी, प्रदीप महली, आदर्श प्रसाद, त्रिपुरारी तिवारी, विशाल सिंह, नवल तिवारी, पवन सोनी, प्रीतम गोप, उत्कर्ष तिवारी, अमित कुमार, आशीष सिंह, सतेश्वर सिंह, संजय कच्छप, अरुण सिंह राजकुमार सिंह, अमित धर्मा, शशि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सरहुल पूर्व संध्या समारोह का कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** आदिवासी सहयोग समिति (फौजी-पुलिस) रांची के तत्वावधान में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन महुवाजाड़ी में रविवार को किया गया। कार्यक्रम में पूर्व आईजी अमर कुमार एक्का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। उन्होंने सामिति के माध्यम से आदिवासियों को एकजुट करने का संकल्प दोहराया और युवाओं को समाज से जुड़ने और इसे सशक्त बनाने के लिए आगे आने का आहवान किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने भी विचार व्यक्त किये और अपनी समृद्ध संस्कृति को संरक्षित करने की अपील की। समारोह में सेना व पुलिस से जुड़े शहीद परिवार के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

आदिवासी संस्कृति के संरक्षण को प्रोत्साहित करने व सामाजिक जागरूकता बढ़ाने को लेकर आयोजित इस समारोह में रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों के दस सांस्कृतिक नृत्य टीमों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम को समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रो गांवा उरांव, प्रो सोमरा उरांव, बीडीओ सोमनाथ उरांव, एतवा उरांव अनिता उरांव, मंगलदेव उरांव, रंथु उरांव, प्रकाश उरांव सहित अन्य मौजूद थे।


**NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA**
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll Plaza Putru (Km. 274.500) near village Putru in district East Singhbhum, Jamshedpur on NH-33**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Putru (Km.274.500) near village Putru in district East Singhbhum, Jamshedpur on NH-33 for the stretch from Km.233.350 to Km 277.500 of NH-33 (Jamshedpur-Mahulia Section) in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 01.04.2025.

| Category of Vehicles | Fee for single journey | Fee for return journey within a day | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month | Fee for single Journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 70 | 105 | 2310 | 35 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicles or Mini Bus | 110 | 170 | 3730 | 55 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 235 | 350 | 7820 | 115 |
| Three-axle Commercial Vehicles | 255 | 385 | 8530 | 130 |
| HCM or EME or MAV (four to six) | 370 | 550 | 12250 | 185 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 450 | 670 | 14930 | 225 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2025-26 shall be Rs. 350/-.

Project Director, NHAI, PIU-Ranchi
C-293, Road No. 01, Ashok Nagar,
Ranchi, Jharkhand, Ph. 0651-2240269
e-mail: ranchi@nhai.org/nhairanchi@gmail.com

BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS



**NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA**
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll Plaza Edalhatu (Km. 162.750) near village Edalhatu in district Ranchi on NH-33**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Edalhatu (Km. 162.750) near village Edalhatu in district Ranchi on NH-33 for the stretch from Km.140.000 to Km 217.300 of NH-33 (Ranchi Rargaon Section) in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 01.04.2025.

| Category of Vehicles | Fee for single journey | Fee for return journey within a day | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month | Fee for single Journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 125 | 185 | 4115 | 60 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicles or Mini Bus | 200 | 300 | 6650 | 100 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 420 | 625 | 13930 | 210 |
| Three-axle Commercial Vehicles | 455 | 685 | 15195 | 230 |
| HCM or EME or MAV (four to six) | 655 | 985 | 21845 | 330 |
| Oversized Vehicles (Seven or more axles) | 800 | 1195 | 26595 | 400 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2025-26 shall be Rs. 350/-.

Project Director, NHAI, PIU-Ranchi
C-293, Road No. 01, Ashok Nagar,
Ranchi, Jharkhand, Ph. 0651-2240269
e-mail: ranchi@nhai.org/nhairanchi@gmail.com

BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS


# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुल्ली में कार्यक्रम

- हिन्दू नववर्ष की इतिहास को जानने की जरूरत है



नववर्ष को निकली रैली में सचिव के साथ छात्राएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** हिन्दू नववर्ष को लेकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुल्ही ओरमांझी में एक कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों को विक्रम संवत हिन्दू नववर्ष की जानाकरी दी गई। रविवार को स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा भगवा झंडा लेकर रैली निकाली गई। रैली में कुच्चू से बाजार टांड होते हुए स्कूल पहुंचे। इस दौरान स्कूली बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। सभी भारत माता की जयकारा लगा रहे थें। वहीं विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय स्वंय सेवक (आरएसएस) के संस्थापक डॉ. बलिराम हेडग्वार की जयंती मनाई गई। उद्घाटन पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, विद्यालय के सचिव चन्नू महतो व प्राचार्य जयप्रकाश महतो सहित विद्यालय के षिक्षकों द्वारा भारत माता, संस्थापक व दूसरा सरसंघ चालक माधव राव षिव गोलकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। रामकुमार पाहन ने हिन्दू नववर्ष कार्यक्रम आयोजित करने पर विद्यालय की सराहना की, और प्रतिपदा तिथि को सर्वोत्तम तिथि बताया, और कहा विक्रम संवत हिन्दू नववर्ष पर संपूर्ण सृष्टि में सुंदर छटा बिखर जाती है। ब्रह्माजी ने आज के ही दिन सृष्टि की संरचना शुरू की थी। वहीं सचिव चन्नू महतो ने बताया भारत के महान गणितज्ञ भास्कराचार्य द्वारा आज के दिन से ही सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने व वर्ष की गणना की रचना की थी। इतिहास बताता है इसी दिन से 2082 वर्ष पूर्व महाराज विक्रमादित्य विदेशी आक्रांताओं से भारत-भू का रक्षा की थी। अक्षुण्ण भारतीय संस्कृति पर विदेशी अक्रांताओं ने आक्रमण कर सिंध, सौराष्ट्र, गुजरात व महाराष्ट्र में अपना अधिपत्य स्थापित कर भारत के लोगों पर क्रूरर अत्याचार किया था। तक विक्रमाादित्य ही विदेषी आक्रांताओं से मुक्ति दिलाई थी। उन्ही के नाम से विक्रम संवत वर्ष का नामकरण हुआ है। उपस्थित लोगों का धन्यवाद देते हुए विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाष महतो ने कहा भले ही दुनिया में अंग्रेजी कैलेंडर का प्रचलन हो, लेकिन आज भी भारतीय कैलेंडर की महत्ता कम नहीं हुई है। भारत में आज भी किसी भी व्रत-त्यौहार, महापुरुषों की जयंती, विवाह व अन्य शुभकार्य करने का मुहूर्त भारतीय कैलेंडर अनुसार ही होती है। कहा हिन्दू नववर्ष आने पर प्रकृति में बदलाव होता है। नववर्ष आगमन पर सृष्टि के प्रमुख देवी-देवता गंधर्व, ऋषिमुनियों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों व पेड़ पौधों के साथ कीट-पतंगों की भी पूजन होती है। इस दिन के इतिहास से लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में धर्मजागरण मंच जिला संयोजक अनिल कुमार महतो, अध्यक्ष बीरजू महतो, सहसचिव फुसेंदर महतो, कलेश्वर महतो, नेवालाल महतो, अरविंद कुमार, भरत प्रसाद गुप्ता, दिलेश्वर साहू, राम प्रकाश, बुधराम महली, प्राचार्य भास्कर नारायण, ऋतिक कुमार, शहदेव महतो, मंजु महतो, नीशा देवी, किरन देवी, सीता देवी, सरस्वती देवी, कविता कुमारी, सुमित्रा कुमारी, सोना देवी व छात्र आदि उपस्थित थें।

### मन की बात से मिलता है प्रधानमंत्री का संदेश



ओरमांझी। कुच्चू पंचायत के कुल्ही में रविवार को सामुहिक रूप से प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी गई। ग्रामीणों के साथ मन की बात सुनने के बाद राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा विष्व में सबसे ज्यादा भारत में कपड़े का बेस्टेज होता है। प्रधानमंत्री द्वारा पुराने कपड़े को रिसाइकिल कर उपयोगी में लाने संबंधित कई महत्वपूर्ण जानाकरी देश की जनता से साझा किया। कहा गर्मी में जब स्कूल में छुट्टी रहती है। उस समय बच्चें कुछ नया सीखने व अपना स्किल्स को बहतर बनाने का अवसर व गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए छतों में मिट्टी के बर्तन में पानी रखने सहित कई संदेश दिया गया। उन्होने सभी से प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने की अपील करते हुए कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनता को महत्वपूर्ण संदेश मिलता है।


**National Highways Authority of India**
(Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India)

**Rate of user fee at Toll Plaza Sosokhurd (Km. 53.740) near village Sosokhurd in district Ramgarh on NH-23**

All concerned are hereby informed that the following user fee will be collected at Toll Plaza Sosokhurd (Km. 53.740) near village Sosokhurd in district Ramgarh for the stretch from KM. 21.600 to Km 78.192 of NH-23 (Chas-Ramgarh Section) in the state of Jharkhand w.e.f. 00.00 Hr of 01.04.2025.

| Category of Vehicles | Fee for Single Journey (in rupees) | Fee for return Journey within a day(in rupees) | Fee for Monthly Pass for 50 single journeys in a month (in rupees) | Fee for Single Journey for the Commercial vehicles registered within the district of fee plaza (in rupees) |
|---|---|---|---|---|
| Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 50 | 75 | 1720 | 25 |
| Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 85 | 125 | 2780 | 40 |
| Bus or Truck (Two Axles) | 175 | 260 | 5825 | 85 |
| Three-Axle Commercial Vehicles | 190 | 285 | 6355 | 95 |
| HCM or EME or MAV (Four to Six axles) | 275 | 410 | 9135 | 135 |
| Oversized Vehicles (Seven or More Axles) | 335 | 500 | 11125 | 165 |

The rate for monthly pass applicable for local non-commercial vehicle residing within a distance of 20 km from the toll plaza for the year 2025-26 shall be Rs. 350/-.

Project Director, NHAI, PIU-Dhanbad

BUILDING A NATION, NOT JUST ROADS

खबर मन्त्र
रांची. सोमवार. 31 मार्च 2025



# भूकंप से तबाही

शुक्रवार को म्यांमार केंद्रित 7.7 तीव्रता वाले भूकंप ने यहां और थाईलैंड में भारी तबाही मचाई। भूकंप का असर करीब चार मिनट तक रहा। अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार बारह मिनट के अंतराल के बाद भूकंप का दूसरा झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 6.4 थी। भूकंप का केंद्र म्यांमार के सागाइंग से 18 किमी दक्षिण में था। भूकंप से म्यांमार में भारी तबाही दिखी और पुल व बिल्डिंगें ताश के पत्तों की तरह बिखरती दिखी। म्यांमार में तबाही इतनी ज्यादा बतायी जा रही है कि सैन्य प्रशासन ने अंतर्राष्ट्रीय मदद की गुहार लगायी है। इतना ही नहीं भूकंप के झटकों से म्यांमार से करीब एक हजार किमी दूर स्थित थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में कई भवनों के ध्वस्त होने व सड़कें फटने की खबरें हैं। बैंकॉक में एक तीस मंजिला बिल्डिंग धराशायी हो गई। भूकंप के झटकों से सहमे लोग मदद की गुहार लगाते रहे। घायल लोगों से अस्पताल भरे नजर आए। लेकिन अमेरिकन जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार मरने वालों का आंकड़ा हजारों तक पहुंच सकता है। यहां छह प्रांतों में आपात स्थिति घोषित हुई है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक तीस मंजिला इमारत के धराशायी होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई जगहों में इमारतों के रूफटॉप पर बने स्वीमिंग पूल का पानी सड़कों पर बहता नजर आया। भयभीत लोगों के चीखने से मंजर भयावह नजर आ रहा था। लोग मदद की गुहार लगा रहे थे। दरअसल, थाईलैंड भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील नहीं है, लेकिन म्यांमार में आने वाले भूकंप के झटकों का असर यहां दिखता है। भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील न होने के कारण थाईलैंड में भवन निर्माण में भूकंपरोधी तकनीक का उपयोग नहीं होता। जिसकी वजह से ज्यादा नुकसान की आशंका जतायी जा रही है।




मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सचमुच सिमट रही है दामन की प्रतिष्ठा ?



समय के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले ₹दामन₹ केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मयार्दा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। पारंपरिक वस्त्रों-साड़ी, घाघरा, अनारकली को महिलाओं की गरिमा से जोड़ा जाता था। दामन की प्रतिष्ठा अब भी बनी हुई है, परंतु उसकी परिभाषा बदल चुकी है। परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। क्या छोटे वस्त्र संस्कारों का ह्रास हैं, या फिर मानसिकता का परिष्करण? क्या स्त्री का सम्मान उसके पहनावे से तय होना चाहिए, या फिर उसकी बुद्धिमत्ता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता अधिक महत्वपूर्ण हैं? समय की करवटों ने जब फैशन के रेशों को बुना, तब परिधान भी परिवर्तनों की सीढ़ियाँ चढ़ते चले गए। परंतु क्या इस बदलाव ने ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ को भी प्रभावित किया है? क्या आधुनिक वस्त्रों ने पारंपरिक गरिमा को बिसरा दिया, या फिर समाज की दृष्टि अब और व्यापक हो चली है? समय के साथ परिधान और समाज की सोच में बदलाव आया है। पहले ₹दामन₹ केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, बल्कि मयार्दा और संस्कृति का प्रतीक माना जाता था। क्या हम ये कह सकते है कि जैसे-जैसे दामन छोटा हुआ वैसे-वैसे मयार्दा और संस्कृति भी घटती गई।

## पारंपरिक दामन: गरिमा का प्रतीक

₹दामन₹ केवल वस्त्र का टुकड़ा नहीं, यह मयार्दा का आँचल, संस्कृति की पहचान और शालीनता की परिधि रहा है। भारतीय नारी के परिधान-साड़ी, घाघरा, अनारकली और दुपट्टा न केवल उसके सौंदर्य को सँवारते थे, बल्कि उसकी गरिमा और मयार्दा का भी पर्याय बने। पहले ₹52 गज के दामन₹ का अर्थ भव्यता, शालीनता और गौरव से लिया जाता था। दामन संभालना मात्र वस्त्रों का सहेजना नहीं, बल्कि अपनी प्रतिष्ठा और चारित्रिक दृढ़ता को बचाए रखना भी था। समाज ने मयार्दा को बाह्य आवरण में समेट दिया, जिससे व्यक्तित्व का आकलन केवल परिधानों से होने लगा।

## बदलते परिधान, बदलती परिभाषाएँ

समय अपनी गति से प्रवाहमान रहा और उसके साथ समाज की सोच भी विस्तारित होती चली गई। अब वह समय नहीं, जब गरिमा की परिभाषा केवल कपड़ों की सिलवटों में समेट दी जाती थी। आज महिलाएँ अपने आत्मविश्वास की उड़ान को चुन रही हैं-जींस, टॉप, स्कर्ट, फॉर्मल सूट और इंडो-वेस्टर्न परिधानों के साथ। परिधान अब मात्र देह को ढकने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और विचारों की अभिव्यक्ति का स्वरूप बन गए हैं। परंपरा और आधुनिकता के ताने-बाने से एक नया फ्यूजन जन्म ले चुका है, जो संस्कृति और स्वतंत्रता के बीच संतुलन स्थापित करता है। गरिमा अब वस्त्रों की परिधि में सीमित नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और व्यवहार में प्रतिबिंबित होती है।



- प्रियंका सौरभ

> संस्कृति को आधुनिकता के साथ संतुलित करना आवश्यक है। महिलाओं को अपनी इच्छा से परिधान चुनने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। असली गरिमा पहनावे में नहीं, बल्कि विचारों, कर्मों और आत्म-सम्मान में बसती है। समय की सुइयाँ कभी पीछे नहीं दौड़तीं। परिधान बदल सकते हैं।

## क्या आधुनिकता ने दामन की प्रतिष्ठा को धूमिल किया?

यह एक जटिल प्रश्न है, जिसकी गूँज समय और समाज दोनों में सुनी जा सकती है। क्या वस्त्रों का लघु होना संस्कारों का ह्रास है, या फिर मानसिकता का परिष्करण? क्या किसी स्त्री का सम्मान उसके पहनावे तक सीमित रहना चाहिए? क्या उसकी बुद्धिमत्ता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता उससे अधिक मूल्यवान नहीं? क्या परिधान की लंबाई उसके विचारों की ऊँचाई से अधिक महत्त्व रखती है? कुछ का मत है कि आधुनिकता ने संस्कृति को धूमिल किया, परंतु अन्य इसे आत्म-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में देखते हैं। वास्तविकता यह है कि गरिमा बाह्य आवरण में नहीं, बल्कि आचरण और आत्मसम्मान में होती है।

## समाज का नजरिया और स्त्रियों की स्वतंत्रता

अब भी कई स्थानों पर परिधानों को लेकर परंपरा की बेड़ियाँ जकड़ी हुई हैं। ह्वऐसे वस्त्र मत पहनो, लोग क्या कहेंगे?ह्व जैसे शब्द आज भी अनगिनत घरों की दीवारों से टकराते हैं। ₹कपड़ों से संस्कार झलकते हैं!₹ ₹लड़की हो, थोड़ा सभ्य कपड़े पहनो!₹ ₹ऐसे खुले विचार नहीं, यह हमारी संस्कृति नहीं!₹ परंतु क्या परिधान ही संस्कारों की कसौटी है? समाज को इस सोच से आगे बढ़ना होगा कि स्त्रियों की मयार्दा वस्त्रों से नहीं, उनके विचारों से आँकी जानी चाहिए।

समय के प्रवाह में समाज ने अनेक रूप बदले हैं, परंतु स्त्रियों की स्वतंत्रता को लेकर उसकी सोच अब भी दो ध्रुवों में बँटी हुई प्रतीत होती है। एक ओर आधुनिकता की लहर उन्हें आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बना रही है, तो दूसरी ओर परंपरा की जड़ें अब भी उनकी उड़ान में अवरोध उत्पन्न करती हैं। सवाल यह उठता है कि क्या स्त्री सचमुच स्वतंत्र हुई है, या यह केवल एक भ्रम है?

## संस्कृति और स्वतंत्रता: संतुलन आवश्यक है

दामन की प्रतिष्ठा₹ अब भी बनी हुई है, बस उसकी परिभाषा ने एक नया रूप धारण कर लिया है। परंपरा हमारी जड़ों से जुड़ी होती है, लेकिन जड़ों को मजबूती देने के लिए शाखाओं का फैलना भी जरूरी है। संस्कृति को आधुनिकता के साथ संतुलित करना आवश्यक है। महिलाओं को अपनी इच्छा से परिधान चुनने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। असली गरिमा पहनावे में नहीं, बल्कि विचारों, कर्मों और आत्म-सम्मान में बसती है। समय की सुइयां कभी पीछे नहीं दौड़तीं। परिधान बदल सकते हैं, परंतु सम्मान और गरिमा की वास्तविक पहचान व्यक्ति के आचरण और आत्मसम्मान में होती है। ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ आज भी जीवंत है, बस उसका अस्तित्व अब कपड़ों की सिलवटों में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और स्वतंत्रता के विस्तृत आकाश में देखा जाता है।

कई बार जब ₹दामन की प्रतिष्ठा₹ पर चर्चा होती है, तो असल में यह संस्कृति और स्वतंत्रता के बीच संतुलन का मामला होता है। परंपराएँ समाज की जड़ों से जुड़ी होती हैं, लेकिन उनका बदलते समय के साथ ढलना भी जरूरी है।

महिलाओं को यह अधिकार होना चाहिए कि वे जो पहनना चाहें, पहन सकें, बिना किसी सामाजिक दबाव के। गरिमा और मयार्दा पहनावे से ज्यादा व्यक्ति के व्यवहार, सोच और कृत्यों में झलकती है। संस्कृति और आधुनिकता में संतुलन बनाए रखना सबसे अच्छा समाधान है। फैशन और पहनावा बदल सकते हैं, लेकिन सम्मान और गरिमा व्यक्ति की सोच और कर्मों से आती है। दामन की प्रतिष्ठा आज भी बनी हुई है, बस उसकी परिभाषा बदल गई है। यह अब सिर्फ कपड़ों में नहीं, बल्कि व्यक्तित्व और आत्म-सम्मान में दिखती है।

(लेखिका रिसर्च स्कॉलर एवं स्वतंत्र स्तंभकार हैं)

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है–वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्न के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**– रोहित शाह, हजारीबाग**

## ट्वीट

**उत्तम** चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है, क्योंकि धन संपदा आदि वसुधा के समस्त वैभव नैतिकता, सुसंस्कार एवं अच्छे चरित्र के अभाव में बेकार है।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

आज दुनिया के कई देशों में आर्थिक तंगी के हालात बन चुके हैं, वैश्विक अस्थिरता के कारण विकसित देशों का १ढ्ढ६३ १३ी भी हिचकोले खा रहा है।

वहीं, भारतीय अर्थव्यवस्था सभी चुनौतियों के बाद भी पूरी शक्ति के साथ डटी हुई है। राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की १शेस्त्रढ्ढ१३२, मोदी सरकार की दमदार नीतियों और आर्थिक प्रबंधन की तारीफ कर रही हैं।

**– भाजपा दिल्ली ईकाई**

# नव संवत्सर : भारत का नव वर्ष 2082 नाम कालयुक्त

सुरेश हिन्दुस्थानी

**समाज**

आज यह प्रामाणिक रूप से कहा जा सकता है कि अपने स्वर्णिम अतीत को विस्मृत करने वाला भारतीय समाज अब अपनी जड़ों की ओर लौट रहा है। सही मायनों में कहा जाए तो समाज प्राकृतिक होने की ओर कदम बढ़ा चुका है। विश्व की महान और शाश्वत परंपराओं का धनी भारत देश भले ही अपनी पहचान बताने वाली कई बातों का भूल गया हो, लेकिन कुछ बातें ऐसी भी हैं, जिनका स्वरुप आज भी वैसा ही दिखाई देता है, जैसा दिग्विजयी भारत का था। हम भले ही अपने शुभ कार्यों में अंग्रेजी तिथियों का उल्लेख करते हों, लेकिन उन तिथियों का उन शुभ कार्यों से कोई संबंध नहीं रहता। हम जानते हैं कि भारत में जितने भी त्यौहार एवं मांगलिक कार्य किए जाते हैं, उन सभी में केवल भारतीय काल गणना को ही प्रधानता दी जाती है। इसका आशय स्पष्ट है कि भारतीय ज्योतिष उस कार्य के गुण और दोष को भली भांति प्रकट करने की क्षमता रखता है। किसी अन्य कालगणना में यह संभव ही नहीं है।

वर्तमान में हम भले ही स्वतंत्र हो गए हों, लेकिन पराधीनता का काला साया एक आवरण की तरह हमारे सिर पर विद्यमान है। जिसमें चलते हम उस राह का अनुसरण करने की ओर प्रवृत्त हुए हैं, जो हमारे संस्कारों के साथ समरस नहीं है। अब नव वर्ष को ही ले लीजिए। अंग्रेजी पद्धति से एक जनवरी को मनाया जाने वाला वर्ष, नया कहीं से भी नहीं लगता। इसके नाम पर किया जाने वाला मनोरंजन फूहड़ता के अलावा कुछ भी नहीं है। सोचने की बात यह है कि आधुनिकता के नाम पर समाज का अभिजात्य वर्ग वह सब कुछ कर रहा है, जो सभ्य और भारतीय समाज के लिए स्वीकार करने योग्य नहीं है। विसंगति तो यह है कि हमारे समाज के यही लोग संस्कृति बचाने के नाम पर लम्बे चौड़े व्याख्यान देते हैं। भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्यौहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम जानते हैं कि हिन्दी के अंतिम मास फाल्गुन में वातावरण भी वर्ष समाप्ति का संकेत देता है। साथ ही नव वर्ष के प्रथम दिन से ही वातावरण सुखद हो जाता है। हमारे ऋषि-मुनि कितने श्रेष्ठ होंगे, जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है, इस बात की पूरी जानकारी समाहित है।

पिछले दो हजार वर्षों में अनेक देशी और विदेशी राजाओं ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा इस देश को राजनीतिक दृष्टि से पराधीन बनाने के प्रयोजन से अनेक संवतों को चलाया, किंतु भारत राष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रमी संवत के साथ ही जुड़ी रही। अंग्रेजी शिक्षा-दीक्षा और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण आज भले ही सर्वत्र ईसवी संवत का बोलबाला हो। भारतीय तिथि-महीनों की काल गणना से लोग अनभिज्ञ होते जा रहे हों। परंतु वास्तविकता यह भी है कि देश के सांस्कृतिक पर्व-उत्सव तथा राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक आदि महापुरुषों की जयंतियाँ आज भी भारतीय काल गणना के हिसाब से ही मनाई जाती हैं, ईसवी संवत के अनुसार नहीं। विवाह-मुण्डन का शुभ मुहूर्त हो या श्राद्ध-तर्पण आदि सामाजिक कार्यों का अनुष्ठान, ये सब भारतीय पंचांग पद्धति के अनुसार ही किया जाता है, ईसवी सन की तिथियों के अनुसार नहीं। इसके बाद भी हमारे समाज का एक वर्ग इस सत्य को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। इसके कारण हम सामाजिक मान मयार्दाओं का स्वयं ही मर्दन करते जा रहे हैं। जिसके चलते इसका दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहा है और समाज में अनेक प्रकार की विसंगतियां भी जन्म ले रही हैं, जो भारतीय जीवन दर्शन के हिसाब से स्वीकार योग्य नहीं हैं। भारतीय नव वर्ष का अध्ययन किया जाए तो चारों तरफ नई उमंग की धारा प्रवाहित होती हुई दिखाई देती है। जहां प्रकृति अपने पुराने आवरण को उतारकर नए परिवेश में आने को आतुर दिखाई देती है, वहीं भारत माता अपने पुत्रों को धन धान्य से परिपूर्ण करती हुई दिखाई देती है।

भारतीय नव वर्ष के प्रथम दिवस पूजा पाठ करने से असीमित फल की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि शुभ कार्य के लिए शुभ समय की आवश्यकता होती है और यह शुभ समय निकालने की सही विधा केवल भारतीय काल गणना में ही समाहित है। भारतीय नववर्ष का पहला दिन यानी सृष्टि का आरम्भ दिवस, युगाब्द और विक्रम संवत जैसे विश्व के प्राचीन संवत का प्रथम दिन, श्रीराम एवं युधिष्ठिर का राज्याभिषेक दिवस, मां दुर्गा की साधना चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक, प्रखर देशभक्त डॉ. केशवराव हेडगेवार का जन्मदिवस, आर्य समाज का स्थापना दिवस, संत झूलेलाल जयंती। इतनी विशेषताओं को समेटे हुए हमारा नव वर्ष वास्तव में हमें कुछ नया करने की प्रेरणा देता है। वास्तव में ये वर्ष का सबसे श्रेष्ठ दिवस है।

# अपनी भावनाएं व्यक्त करना क्यों जरूरी है?



अदिति भसीन

**मनोविज्ञान**

आज के दौर में हम शारीरिक स्वास्थ्य को तो प्राथमिकता देते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी कर देते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि हम भावनात्मक तनाव को गंभीरता से क्यों नहीं लेते? जब तक कोई बड़ी समस्या न हो, तब तक हम इसे नजरअंदाज करते रहते हैं। लेकिन मानसिक स्वास्थ्य का ख़्याल रखना उतना ही जरूरी है जितना शारीरिक स्वास्थ्य का। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही अपने जीवन में संतुलन बना सकता है, बेहतर निर्णय ले सकता है और खुशहाल जीवन जी सकता है।

मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रभावी कदम

अपनी भावनाओं को समझें और स्वीकार करें झ हर भावना का एक कारण होता है। अगर आप गुस्सा, दुःख, या चिंता महसूस कर रहे हैं, तो इसे नकारने की बजाय इसे समझने की कोशिश करें।

**दुख का न दबाये:** कई बार हम अपने दुख और तकलीफ को अपने भीतर दबा लेते हैं, जिससे वह अंदर ही अंदर बढ़ता जाता है। किसी भरोसेमंद व्यक्ति से अपनी भावनाएँ साझा करें–चाहे वह परिवार का सदस्य हो, दोस्त हो या मनोवैज्ञानिक। जब हम अपनी भावनाओं को शब्दों में ढालते हैं, तो मन हल्का महसूस करता है और समस्याओं के समाधान की दिशा में बढ़ सकते हैं।

स्वस्थ जीवनशैली अपनाएँ झ शारीरिक गतिविधियाँ, अच्छा खान-पान और पर्याप्त नींद मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। नियमित व्यायाम तनाव को कम करता है और सकारात्मकता को बढ़ाता है।

सकारात्मक सोच विकसित करें झ नकारात्मक विचारों में फँसने की बजाय, हर परिस्थिति में सकारात्मक पहलू खोजने की कोशिश करें। यह बदलाव धीरे-धीरे आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करेगा।

मनोरंजन और आत्म-देखभाल को समय दें झ अपनी पसंद के अनुसार कोई हॉबी अपनाएँ, जैसे कि किताबें पढ़ना, संगीत सुनना, पेंटिंग करना या प्रकृति के साथ समय बिताना। यह मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।

**मदद माँगने से न हिचकें:** अगर आपको लगता है कि आपका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है और आप खुद से ठीक महसूस नहीं कर पा रहे हैं, तो मनोवैज्ञानिक या काउंसलर से परामर्श लें।

**अपनी भावनाएँ व्यक्त करना क्यों जरूरी है?:** कई लोग यह मानते हैं कि अपनी भावनाएँ जाहिर करना कमजोरी की निशानी है, जबकि सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। जब हम अपनी भावनाओं को दबाते हैं, तो वे हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगती हैं। लगातार तनाव, चिंता और अवसाद का कारण बन सकती हैं। भावनाएँ व्यक्त करने से मन हल्का होता है, समस्याओं को सुलझाने में मदद मिलती है और हमारे रिश्ते भी मजबूत होते हैं।

निष्कर्ष मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की जरूरत है। जब हम अपनी भावनाओं को समझते हैं, व्यक्त करते हैं और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रयास करते हैं, तो न केवल हम बेहतर महसूस करते हैं, बल्कि हमारे आसपास का माहौल भी सकारात्मक बनता है। याद रखें, मानसिक स्वास्थ्य भी स्वास्थ्य है!

## देवी मां की शरण में पीएम मोदी



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा के पटेलनगर में सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के फेज-2 का उद्घाटन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसबीआई बैंक के समीप थर्ड फ्लोर पर अवस्थित सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के प्रति विद्यार्थियों के बढ़ते विश्वास को देखते हुए रविवार को सेल्फ स्पेस लाइब्रेरी के फेज-2 का उद्घाटन दिलीप मिश्रा ने किया। संस्था के निदेशक आशीष कुमार ने कहा कि सेल्फ स्पेस लायब्रेरी में दूसरे फेज को खोलने का उद्देश्य बच्चों की सफलता के उड़ान में पंख लगाना और अधिक से अधिक बच्चों को सीट की सुविधा उपलब्ध कराना है। दूसरे फेज में विद्यार्थियों के लिए 145 सीटो के साथ-साथ एक अच्छी क्राइटेरिया की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें चाय, कॉफी, स्नैक्स, कोल ड्रिंक्स आदि की संपूर्ण व्यवस्था की गई है।

### रामगढ़ में जन शिकायत शिविर 16 को

रामगढ़। डीजीपी के आदेशानुसार आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु रामगढ़ जिला में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 16 अप्रैल को होगा। एसपी अजय कुमार 16 अप्रैल को 11:00 बजे फुटबॉल मैदान, रामगढ़ में जन शिकायत समाधान शिविर लगायेंगे। जिला के आम नागरिक उपस्थित होकर अपना शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। मोबाईल नंबर-9162388444 एवं ईमेल आइडी- जनशिकायम-आरजीएच/ जेएचपुलिस. गोव.इन पर नता शिकायतों को साझा कर सकतें है।

### कोयलांचल में चैत नवरात्र शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** या देवी सर्वभूतेषु...,जय जयंती मंगलाकाली आदि मंत्रों से भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, पतरातू, सयाल-उरीमारी सहित आसपास का क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है। अवसर है चैत्र नवरात्र का। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रिभर साईड सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में रविवार को पूरे को विधि-विधान से कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र पाठ का शुभारंभ हुआ। न रिभर साईड, सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सेंट्रल सौंदा, लपंगा, पटेलनगर, चैनगडा, चिकोर, देवरिया, कुरसे, मतकमा, निम्मी, पाली, सुद्दी, कुरसे, बलकुदरा, लबगा, बौनर धौड़ा, शितला मंदिर आदि क्षेत्रों के मंदिरों, घरों और पूजा-पंडाल का निर्माण कर कलश स्थापना की गई।

### कुरसे में झामुमो की कमेटी गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पंचायत भवन में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से पंचायत प्रभारी वीरेंद्र यादव एवं जिला संयोजक सदस्य हरिलाल बेदिया उपस्थित थे। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए जिला संयोजक के दिशा-निर्देश पर पंचायत कमेटी का पुर्नगठन किया गया। इसमें अध्यक्ष गणेश बेदिया, सचिव गुलाब करमाली, कोषाध्यक्ष अजय उरांव, उपाध्यक्ष अनिल तुरी, संजय रवि, सहसचिव राजेंद्र तुरी, संगठन सचिव कृष्ण कुमार बेदिया चुने गये।

### समाजसेवी संघ ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गरीब समाजसेवी संघ की ओर से साप्ताहिट हाट भुरकुंडा में रामनवमी के अवसर पर रविवार को साड़ी वितरण किया गया।संघ के उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार के नेतृत्व में दर्जनों जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। साथ ही सैंकड़ों गरीबों को चाय-नाश्ता कराया गया। समाजसेवी पप्पू सिंह ने बताया कि संघ के सभी सदस्यों के सहमति और सहयोग से जरूरतमंदों के बीच साड़ी का वितरण किया गया है। पप्पू सिंह ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर जनता टॉकीज के समीप स्टॉल लगाकर रामनवमी जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के बीच मीठे शरबत और ठंडे पानी का वितरण उनका स्वागत किया जायेगा।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नवरात्र के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया।अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है।

### भाजपाईयों ने सुनी मन की बात



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लपगा पंचायत के बूथ संख्या 408 स्थित श्रीनगर 80 यूनिट के चबूतरा पर रविवार को भाजपाईयों ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी। इस दौरान भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने पीएम मोदी के मन की बात का प्रसारण देख उनके बातों को आत्मसात किया। साथ ही देशहित में कार्य करते हुए पीएम मोदी के हाथों को और मजबुत करने का संकल्प लिया गया। मौके पर अनूप ठाकुर, भगवान ठाकुर, संजय भारती, आशीष पासवान, राजू पासवान, सिकंदर, गोलू कुमार, निलेश रजवार सहित कई लोग मौजूद थे।

# हत्यारोपी पर जमीन कब्जाने का आरोप

## पीड़ित परिवार ने लगायी न्याय की गुहार

### दहशत में वृद्ध परिवार गुंडों का तांडव जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** एक तरफ न्याय के मंदिर में कानून की दुहाई दी जाती है, तो दूसरी तरफ अपराधी सड़कों पर अपनी बादशाहत कायम कर रहे हैं। उदय साव की हत्या के आरोप में जेल गया संतोष मेहता अब खुली हवा में सांस ले रहा है, और सिर्फ सांस ही नहीं, आतंक भी फैला रहा है। ब्लैक स्कॉर्पियो में गुर्गों के साथ घूमता यह अपराधी न केवल खुलेआम धमकियां दे रहा है, बल्कि जमीन पर कब्जा जमाने के लिए खुलेआम गुंडागर्दी पर उतर आया है। ऐसा आरोप मटवारी, कृष्णापुरी में रहने वाला एक बुजुर्ग परिवार लगा रहा है। हजारीबाग के मटवारी, कृष्णपुरी का एक परिवार इन दिनों दहशत के साए में जी रहा है। तेज नारायण प्रसाद (70), बालदेव महतो (90) और भुनेश्वर महतो (68) ने बताया कि उदय साव और संतोष मेहता की नजर उनकी कृष्णापुरी स्थित 8 डिसमिल जमीन पर थी। इस जमीन की आज कीमत 1 करोड़ से ऊपर की है। संपत्ति पर कब्जे की इस लड़ाई में झूठे आरोपों से लेकर जानलेवा साजिशें तक बुनी



जानकारी देते पीड़ित।

गईं। यहाँ तक की इन वृद्धों को बलात्कार जैसे मामलो में फंसाने की कोशिश की गयी। महिला गैंग का इस्तेमाल किया गया। इसी दौरान 2 दिसंबर 2024 को उदय साव की हत्या हो गई। पुलिस की जांच में उसी के पार्टनर संतोष मेहता को मास्टरमाइंड माना गया और उसके साथी निरंजन यादव व राहुल पासवान को जेल भेजा गया। आश्चर्य की बात यह है कि खुद



कमरे में लगाया गया ताला।

संतोष बेल पर बाहर आकर पहले से भी ज्यादा दबंग बन चुका है। 25 मार्च की शाम, जब तेज नारायण प्रसाद अपने जमीन पर मकान की नींव खुदवा रहे थे, तभी संतोष मेहता 15-20 गुंडों के साथ पहुंचा। गालियां दीं, धमकियां दीं और निर्माण कार्य जबरन रुकवा दिया। दो कमरों में ताले जड़ दिए और ऐलान कर दिया कि अगर मकान बना तो लाशें गिरेंगी। यह कोई पहली बार नहीं था। यह परिवार पिछले एक साल से आतंक में जी रहा है। 95 साल के बालदेव महतो, 75 साल के तेज नारायण और 68 साल के भुनेश्वर महतो अपनी जिंदगी के आखिरी पड़ाव में न्याय की भीख मांग रहे हैं। लेकिन कोई उनकी नहीं सुन रहा है। कानून साफ कहता है कि किसी भी गंभीर अपराध के आरोपी पर 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल करनी होती है, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया। क्या यह सिर्फ लापरवाही थी, या किसी बड़े खेल का हिस्सा। संतोष मेहता आजाद घूम रहा है और पुलिस उसकी दबंगई के आगे सिर झुकाए खड़ी है। इस परिवार के लोगो का आरोप है कि शनिवार को जब संतोष मेहता निर्माणाधीन मकान में तोड़फोड़ करने पहुंचा, तो यह वृद्ध परिवार पुलिस के पास मदद मांगने के लिए पंहुचा, लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। क्या अब हजारीबाग में कानून का राज खत्म हो चुका है? क्या अब यहां सिर्फ अपराधियों की सत्ता चलेगी? सवाल उठता है कि अगर कानून का राज है, तो संतोष मेहता जेल से बाहर कैसे आया? अगर आ भी गया तो उसे गुंडई करने का लाइसेंस किसने दिया। इस पीड़ित परिवार को न्याय कौन देगा और न्याय कैसे मिलेगी ये एक गंभीर विषय है।

# हजारीबाग में ईद व रामनवमी को ले डीसी-एसपी ने किया फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग में ईद और रामनवमी पर्व को देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए शहर में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। फ्लैग मार्च के दौरान रामनवमी जुलूस के निर्धारित रूट का पूरी तरह से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने मार्ग में आने वाली सभी संभावित समस्याओं पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। रामनवमी के दौरान सुचारू यातायात और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने रूट से भवन निर्माण सामग्री को हटाने का आदेश दिया है। यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि पर्वों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ाई जाएगी और हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों का उपयोग किया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। हजारीबाग जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि सभी धर्मों के त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों और शांति व्यवस्था बनी रहे।

### जायसवाल ने 285 अखाड़ा धारियों को दिया लाठी-तलवार



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में 285 अखाड़ा धारियों को लाठी और तलवार दिया। सांसद ने अभियान की शुरूआत पिपरवार से की, फिर पतरातु, भदानीनगर, भुरकुंडा, बड़कागांव, हरली और केरेडारी में भी अस्त्र-शस्त्र वितरण किया। उन्होंने अखाड़ा धारियों से आग्रह किया कि वे पारंपरिक कला-कौशल का प्रदर्शन करें और नशामुक्त जुलूस की परंपरा को कायम रखें। उन्होंने यह भी अपील की कि इन हथियारों का उपयोग केवल कला प्रदर्शन के लिए हो। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने इस पहल को सराहनीय बताया, जबकि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने सांसद के जनसेवा कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, राधेश्याम अग्रवाल, पूनम साहू, कृष्णा राम समेत कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रामगढ़ में आज मनेगा ईद



**रामगढ़।** झारखंड का रामगढ़ जिला अपनी खनिज संपदा और ऐतिहासिक माता छिन्नमस्तिके मंदिर के लिए पूरे भारत में प्रसिद्ध है। झारखंड का रामगढ़ जिला अपनी खनिज संपदा और माता छिन्नमस्तिके मंदिर के लिए तो प्रसिद्ध है ही। इसके अलावे रामगढ़ अपने नाम के अनुरूप होते हुए सदैव मयार्दा का उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है यहां की संस्कृति भी गंगा-यमुनी तहजीब की मिसाल रही है जहां हिन्दू मुस्लिमों के मुहर्रम जुलूस में शामिल होते रहे हैं। जबकि मुस्लिम भी हिन्दुओं के रामनवमी जुलूस में शामिल होते रहे हैं। मुस्लिम समाज द्वारा 31 मार्च को ईद का त्योहार मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी में समाज के लोग जुट हुए हैं। जबक हिन्दू समाज 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व मनायेगा। जिसकी तैयारी में हिन्दू समाज के लोग लगे हुए हैं। रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक स्व यमुना शर्मा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरूण कुमार सिन्हा सहित कई पुराने व गणमान्य लोगों ने हमेशा रामगढ़ में हिन्दू -मुस्लिम एकता को बढ़ावा दिया। दोनो मुस्लिम समाज के मुहर्रम के जुलूस में शामिल होते थे। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मरहूम शब्बीर अहमद कुरैशी उर्फ भेड़ा सिंह हिन्दुओं के रामनवमी के जुलूस में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। साथ ही उनके भाई मरहूम नजीर अहमद कुरैशी रामनवमी के जुलूस में हनुमान जी का वेश धारण कर शामिल होते थे।

### वैष्णो देवी मंदिर में अनुष्ठान शुरू



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में रविवार को बासंती नवरात्र अनुष्ठान कलश स्थापना के साथ शुरू हुआ। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा ने बासंती नवरात्र पूजन के मुख्य यजमान सुमित मारवाह व उनकी पत्नी जया मारवाह से कलश स्थापना कराने के बाद विधिवत पूजन आरंभ किया। आठ दिवसीय इस बासंती नवरात्र अनुष्ठान के अवसर पर माता वैष्णों देवी मंदिर सहित पूरे मंदिर परिसर को फूलों एवं विद्युत सज्जा कर आकर्षक बनाया गया है। रविवार की सुबह पांच बजे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा मंदिर परिसर भक्तों के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व महासचिव महेश मारवाह के अलावे बिरादरी के सभी सदस्य बासंती नवरात्र के अवसर पर आगामी 4 अप्रैल को माता की चौकी एवं 6 अप्रैल को होने वाले भंडारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

# छिन्नमस्तिका मंदिर में चैत्र नवरात्र शुरू

## मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया



**रजरप्पा (रामगढ़)।** झारखंड के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में चैती नवरात्र की शुरूआत हो गई है। रविवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार दर्शन के लिए लग गई। नवरात्रि में माता छिन्नमस्तिका का दर्शन और पूजन कर श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिर न्यास समिति और जिला प्रशासन के जरिये तैयारियां की गई है। मंदिर को बेहद आकर्षक तरीके से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए भी व्यवस्था की गई है। माता का भोग प्रसाद भी श्रद्धालुओं को मिलेगा। झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ से भी श्रद्धालु रजरप्पा मंदिर आते हैं और मां की आराधना करते हैं।

चैती नवरात्रा में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा रजरप्पा मंदिर में होती है सिद्ध पीठ होने की वजह से श्रद्धालु अमावस्या के दिन भी होने वाले विशेष पूजन में शामिल होते हैं। नवरात्र से एक दिन पहले ही श्रद्धालु रजरप्पा पहुंचते है। अमावस्या के दिन आयोजित होने वाले विशेष पूजन संध्या आरती में लोगों ने हिस्सा लिया पुजारी सुभाशीष पांडा ने बताया कि इस चैत्र नवरात्रि में मां हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। जिसे समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। मां के पूजन से लोगों की मनोकामना पूर्ण होगी। रजरप्पा आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा करने में परेशानी नहीं हो इसके लिए मंदिर न्यास समिति ने पूरी व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं को पूरी सुरक्षा मिले इसके लिए पुलिस ने भी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। मंदिर प्रांगण बाहरी क्षेत्र और यहां तक की पार्किंग में भी पुलिस मौजूद रहेगी। एसपी अजय कुमार ने बताया कि मंदिर के पास पुलिस की व्यवस्था तो है ही, रजरप्पा थाने को भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लगे रहने का विशेष निर्देश दिया गया है। नवरात्र में वीआईपी मूवमेंट भी होता है, इसका भी ख्याल रखा जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर के चारों तरफ शेड लगाए गए हैं, भक्तों को धूप में भी किसी प्रकार की परेशानी न हो। दूर-दूर से आने वाले भक्तों के लिए धर्मशाला में ठहरने की व्यवस्था की गई है।

### ऑपरेटर के पुत्र को मिला नियुक्ति पत्र



**कुजू।** सीसीएल करमा परियोजना में कार्यरत टैंकर ऑपरेटर विश्वनाथ महतो का मौत डंपर ऑपरेटर शनिवार की शाम हो गई थी, जिसके बाद परिजनों व यूनियन प्रतिनिधियों ने मिलकर उसके पुत्र को नौकरी व परिजन को चेक दिलाने में अहम भूमिका निभाये। मृत्यु उपरान्त उनके पुत्र महेंद्र कुमार को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र जारी किया गया। उक्त पत्र एवं मृत्यु लाभ का चेक उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी को महाप्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा ने महाप्रबंधक कार्यालय में दिया। मौके पर करमा पीओ पवन कुमार, एसओपी गिरीश चंद्रा, खान प्रबंधक संजय कुमार सिंह, संतोष कुमार, अविनाश श्रीवास्तव, जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### हाथियों के दस्तक से दहशत में शहरवासी



**हजारीबाग।** हजारीबाग में करीब 10 हाथियों का झुंड अचानक शहरी क्षेत्र में पहुंच गया। ये हाथी डेमोटांड़-रांची मार्ग के पास स्थित राइस रिसर्च सेंटर के जंगली इलाके में डेरा डाल चुके हैं, जो कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अधिकरण (आत्मा) के करीब है। इस क्षेत्र में घनी आबादी और दो स्कूल भी हैं, जिससे लोगों में खौफ फैल गया है। शनिवार रात कुछ लोगों ने हाथियों की चिंघाड़ सुनी, लेकिन डर से कोई बाहर नहीं निकला। सुबह होते ही पता चला कि झुंड ने परिसर की चारदीवारी तोड़ने की कोशिश की है। वन विभाग को तुरंत इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद उनकी टीम हाथियों को वापस जंगल की ओर खदेड़ने में जुट गई। वन अधिकारियों का कहना है कि हाथियों को दिन में भगाना कठिन होता है, इसलिए रात में उन्हें जंगल की ओर लौटाने की कोशिश की जाएगी। प्रशासन और वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और हाथियों के पास जाने से बचने की अपील की है।

### आइसीएआर ने लगाया पशु स्वास्थ्य शिविर



**बरही।** गौरीयाकर्मा स्थित आईसीएआर-आईएआरआई में अनुसूचित जाति उप परियोजना के तहत शनिवार को निचितपुर (गौरीयाकर्मा) गांव में पशु स्वास्थ्य शिविर लगा। नोडल पदाधिकारी डॉ. कृष्ण प्रकाश ने बताया कि शिविर के दौरान किसानों को पशुओं की देखभाल, बीमारियों की पहचान और उनके उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के मुख्य कृषि वैज्ञानिक डॉ. विशाल नाथ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर समन्वयक पशु वैज्ञानिक डॉ. शिल्पी केरकेट्टा और बैकयार्ड पोल्ट्री वैज्ञानिक डॉ. मोनिका एम. ने किसानों को पशु रोगों की रोकथाम और उपचार की तकनीकों पर प्रशिक्षित किया। शिविर में आसपास के गांवों से लगभग 100 किसान पशुओं को लेकर पहुंचे और विशेषज्ञों की सलाह के साथ मुफ्त दवाओं का लाभ उठाया।

### डाइट में आरोग्य दूत प्रशिक्षण संपन्न



**हजारीबाग।** डाइट में पांच दिवसीय गैर आवासीय स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूत प्रशिक्षण संपन्न हुआ। विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम जिले के 640 विद्यालयों में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय के दो और उच्च माध्यमिक विद्यालय के चार शिक्षकों को स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूत के रूप में प्रशिक्षित किया जाना था। वर्ष 2023-24 में 140 विद्यालयों का प्रशिक्षण पहले ही पूरा हो चुका था, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिसंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच 20 बैच में 500 स्कूलों का रिफ्रेशर प्रशिक्षण और 9 बैच में 148 स्कूलों के अतिरिक्त आरोग्य दूतों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अब तक जिले में कुल 1458 शिक्षकों को इस भूमिका के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है।समापन समारोह में जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार ने आरोग्य दूतों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए और प्रशिक्षण के सफल संचालन के लिए सभी डीआरजी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डाइट संकाय सदस्य रंजीत वर्मा, महेंद्र प्रसाद, जिले के सभी डीआरजी और अभिनव कुमार उपस्थित थे।

### भारत माता चौक पर बदला गया ध्वज



**हजारीबाग।** शहर के प्रवेश मार्ग स्थित भारत माता चौक पर नौ वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत 35 फीट ऊंचे ध्वज को बदला गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्यों ने ध्वजारोहण किया और भारत माता का पूजन कर देश की समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संस्थापक और गौ सेवा प्रमुख टेकलाल साहू ने की। स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय और ह्ववंदे मातरम के नारे लगाए। नववर्ष के अवसर पर उपस्थित लोगों को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। अखिल भारतीय ग्राम पंचायत के जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष यादव, बृजेश कुमार और छठ पूजा फल वितरण समिति के अध्यक्ष चंदन मेहता ने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। चंदन मेहता ने बताया कि चौक पर भारत माता का मंदिर प्रस्तावित है, और इसके निर्माण के लिए सांसद और विधायक से शीघ्र ही मुलाकात कर सहयोग की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में कहीं भी भारत माता का मंदिर नहीं है, इसलिए 2022 में चौक की स्थापना की गई थी। इस चौक की देखरेख सामाजिक कार्यकर्ता अमेरिका भवानी सिक्योरिटी कंपनी द्वारा की जाती है, जबकि प्रत्येक वर्ष ध्वज उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी खंडेलवाल वस्त्रालय, फैशन हाउस और हैंडलूम की है। इस अवसर पर काजल शादी घर के संचालक तिलेश्वर साहू, सुदामा राम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### ईद व रामनवमी को ले शांति समिति की बैठक

**बरही।** नगर भवन में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीओ जोहन टुडू और संचालन बीडीओ जयपाल महतो ने किया। इसमें एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, सीओ अमित किस्कू, थाना प्रभारी आभास कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, समाजसेवी अब्दुल मन्नान वारसी, गुरुदेव गुप्ता, राज सिंह चौहान, चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रकाश ज्ञानी समेत कई जनप्रतिनिधि, अखाड़ा पदाधिकारी, समाजसेवी और बुद्धिजीवी उपस्थित थे। बैठक में रामनवमी समिति के पदाधिकारियों से कार्यक्रम की जानकारी ली गई। प्रशासन ने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी आभास कुमार ने अखाड़ा पदाधिकारियों से कार्यकर्ताओं की सूची देने को कहा, ताकि पहचान पत्र बनाए जा सकें। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने शांति बनाए रखने की अपील की और उपद्रवियों पर कड़ी नजर रखने की बात कही। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।

### शूटिंग चैंपियनशिप में आकाश को मिला गोल्ड




**कटकमसांडी।** प्रखंड के लुपूंग पंचायत निवासी आकाश कुमार ने इंडिया ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। यह प्रतियोगिता इंदौर में 23 से शुरू हुई थी और 31 मार्च तक चलेगी। आकाश ने 300 मीटर तीनों पोजीशन स्पर्धा में 288 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया।महिला वर्ग में, हजारीबाग के शिवपुरी की शोभा रानी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने 300 मीटर तीनों पोजीशन स्पर्धा में 271 अंक अर्जित कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।आकाश कुमार झारखंड के 300 मीटर शूटिंग स्पर्धा के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और हजारीबाग स्थित आकाश शूटिंग क्लब में प्रशिक्षण लेते और देते हैं।

# प्रकृति और पर्यावरण को समर्पित पर्व सरहुल

**प्रकृति पर्व सरहुल, जानिए क्या हैं इसकी मान्यताएं**

**सेनगे सुसुन, काजिगे दुरंग,** इसका तात्पर्य है कि जहां चलना नृत्य है और बोली ही गीत और संगीत है. यही झारखंड की जीवनधारा है, जीतोड़ मेहनत के बाद रात को पूरा गांव अखड़ा में सबका समागम होता है और एकसाथ पूरा गांव मांदर और नगाड़े की थाम पर थिरकता और गाता है। बसंत में सरहुल पर्व खुशियां का पैगाम लाता है। फसल से घर और फल-फूल से पूरा जंगल भरा जाता है। क्योंकि प्रकृति किसी को भूखा नहीं रहने देती।

सरहुल दो शब्द से मिलकर बना है, सर और हूल। सर यानी सरई या सखुआ का फूल और हूल का तात्पर्य क्रांति से है। इस तरह सखुआ फूल की क्रांति को ही सरहुल कहा गया है। मुंडारी, संथाली और हो भाषा में सरहुल को बा या बाहा पोरोब, खड़िया भाषा में जांकोर, कुड़ुख में खद्दी या खेखेल बेंजा कहा जाता है। इसके अलावा नागपुरी, पंचपरगनिया, खोरठा और कुरमाली भाषा में इसको सरहुल कहा जाता है। प्रकृति पर्व सरहुल, सरहुल आदिवासियों का मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है जो वसंत ऋतु में मनाया जाता है। आदिवासियों का ये पर्व झारखंड के अलावा कई प्रदेशों में मनाया जाता है। सरहुल प्रकृति को समर्पित पर्व है। पतझड़ के मौसम के बाद प्रकृति खुद को नए पत्तों और फूलों के आवरण से खुद को सजा लेती है, आम के मंजर, सरई और महुआ के फूलों से पूरी फिजा



महक उठती है। झारखंड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल के आदिवासी बहुल इलाकों में धूमधाम से सरहुल मनाया जाता है। सरहुल का उत्सव चैत्र महीने में तीसरे दिन चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इसमें साल के वृक्ष की पूजा होती है। यह पर्व आदिवासियों के नव वर्ष की शुरूआत का भी प्रतीक है।

सरहुल के पूजन की विधिः चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाने वाला प्रकृति पर्व सरहुल की मुख्य पूजा उनके धर्मगुरु यानी पहान करवाते हैं। वो अखड़ा में विधि-विधान पूर्वक अपने आदिदेव सींग बोंगा की पूजा करते हैं। इस दौरान सुख समृद्धि के लिए रंगा हुआ मुर्गा की बलि देने की परंपरा निभाई जाती है। इसमें ग्राम देवता को रंगा यानी रंगवा मुर्गा अर्पित किया जाता है। पहान ईष्ट देवता से बुरी आत्मा को गांव से दूर भगाने की मनोकामना करते हैं। पूजा के दौरान पहान रस्म के पहले दिन घड़े का पानी देखकर वार्षिक वर्षा की भविष्यवाणी करते हैं। पुजारी यानी पहान ही लोगों को बताते हैं कि इस साल बारिश कैसी होगी।

इस अनुष्ठान से एक दिन पहले प्रकृति पूजक उपवास रहकर केकड़ा और मछली पकड़ने जाते हैं। परंपरा के अनुसार विभिन्न मौजा के पहान भी केकड़ा और मछली पकड़ने की रस्म निभाते हैं। ऐसी परंपरा है कि घर के नए दामाद या बेटा केकड़ा पकड़ने तालाब या पोखर में जाते हैं। इसके बाद उस केकड़े को साल पत्तों से लपेटकर घर में बने चूल्हे के सामने लटका कर रखा जाता है। इसके बाद आषाढ़ महीने में बीज बोने के समय केकड़ा का चूर्ण बनाकर उस बीज के साथ मिलाकर खेतों में बोया जाता है। इसके पीछे ऐसी मान्यता है कि केकड़े के पैर की तरह उनके फसल में भी वृद्धि होगी।

इस पूजा के बाद शाम को विभिन्न मौजा के पाहनों के द्वारा ढोल-मांदर बजाते हुए कुएं या तालाब से दो घड़ा पानी लाकर जल रखाई की रस्म निभाई जाती है। गांव के नदी, तालाब या कुएं से दो घड़े में पानी लाकर सरना स्थल की उत्तर और दक्षिण दिशा में रखा जाता है। पानी की गहराई को साल के तने से नापा जाता है। जिसके बाद दूसरे दिन घड़े में पानी को उसी तने से ही नापा जाता है। घड़े में पानी के कम होने या नहीं होने की स्थिति पर उस साल वर्षा का पूवार्नुमान लगाया जाता है।

पौराणिक कथा में सरहुलः महाभारत में सरहुल से जुड़ी कई कहानी प्रचलित है। किवदंतियों की मानें तो जब महाभारत का युद्ध चल रहा था तब आदिवासी समुदाय ने युद्ध में कौरवों का साथ दिया था, जिस कारण कई मुंडा सरदार पांडवों के हाथों मारे गए थे। इसलिए आदिवासियों के शव की पहचान के लिए उनके शरीर को साल के पत्तों और टहनियों से ढका गया। महाभारत के युद्ध के बाद ऐसा देखने को मिला कि जिन शवों को साल के पत्तों से ढका गया था वो नहीं सड़े और उनकी अवस्था ठीक थी। लेकिन जो अन्य चीजों से ढके हुए थे वो शव सड़ गए थे। इस घटना के बाद आदिवासियों में साल के पेड़ों और पत्तों के प्रति उनकी अटूट आस्था और अगाध विश्वास जाग उठा। उनकी यही आस्था वर्तमान रुप में सरहुल पर्व के रूप में जाना जाता है।

सरहुल में लोक नृत्य और पारंपरिक परिधानः जे नाची से बांची यानी जो नाचेगा वही बचेगा। सरहुल पर्व को लेकर मान्यता है कि हमारी लोक नृत्य ही हमारी सभ्यता है और संस्कृति है। सरहुल के मौके पर पूरे झारखंड में नृत्य उत्सव का आयोजन किया जाता है। महिलाएं सफेद रंग की लाल पाड़ की साड़ी धारण करती हैं। सफेद रंग पवित्रता और शालीनता का और लाल रंग संघर्ष का प्रतीक माना जाता है। सफेद रंग आदिवासी समुदाय के सर्वोच्च देवता सिंगबोंगा और लाल रंग ईष्टदेव बुरुबोंगा का प्रतीक है। इसलिए सरना का झंडा भी लाल और सफेद रंग का ही होता है।

झारखंड में 5 समुदाय अलग तरह से सरहुल मनाते हैं, उन्हें अलग नामों से भी पुकारा जाता है। मुंडा समाज में इसे बहा पोरोब कहते है। सखुआ, साल या सरजोम पेड़ के नीचे मुंडारी खूंटकटी भूमि पर मुंडा समाज के सरना स्थल में सर्वोच्च सिंगबोगा की पूजा होती है। हो समुदाय में इसे बा पोरोब कहते हैं। यहां बा का तात्पर्य फूलों से है अर्थात ये फूलों का त्योहार है। 3 दिन के इस पर्व में बा गुरि, मरंग पोरोब और बा बसि के तौर पर मनाते हैं। जिसमें उनके ईश्वर सिंगबोंगा की पूजा होती है।

उरांव समुदाय में सरहुल के दिन सृष्टि के दो महान स्वरूप शक्तिमान सूर्य और कन्या रूपी धरती का विवाह होता है। जिसको कुड़ुख या उरांव भाषा में खेखेल बेंजा कहते हैं। इसका प्रतिनिधित्व उरांव पुरोहित नयगस और उनकी धर्मपत्नी नगयिनी करती हैं। केकड़ा पकड़ना, घड़े का पानी देखकर बारिश की भविष्यवाणी, पहान सरना स्थल पर तीन मुर्गा की बलि और खिचड़ी बनाकर प्रसाद के रूप में खाते हैं। बाहा संथालियों के प्रकृति से प्रेम को दशार्ता है।

प्राचीन काल से साल और महुआ को देव स्वरूप मानकर इनको पूजते हैं। बाहा फागुन का चांद निकलने के पांचवें दिन शुरू होता है और महीनेभर मनाया जाता है। बाहा नृत्य में महिलाएं अकेली नृत्य करती हैं और पुरुष पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाते हैं। खड़िया जांकोर पर्व मनाते हैं। जांग और एकोर अर्थात फलों-बीजों का क्रमवार विकास है।

फागुन पूर्णिमा के एक दिन पहले उपवास रखकर इसकी शुरूआत होती है।







## सरहुल की परम्परा

सरहुल मध्य-पूर्व भारत के आदिवासी समुदायों का एक प्रमुख पर्व है, जो झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य भारत के आदिवासी क्षेत्रों में मनाया जाता है। इस पर्व को मुख्य रूप से मुण्डा, भूमिज, हो, संथाल और उराँव आदिवासियों द्वारा मनाया जाता है, और यह उनके महत्वपूर्ण उत्सवों में से एक है।

यह उत्सव चैत्र महीने के तीसरे दिन, चैत्र शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है। यह नए साल की शुरूआत की निशानी है। हालांकि इस त्योहार की कोई निश्चित तारीख नहीं होती क्योंकि विभिन्न गांवों में इसे विभिन्न दिनों पर मनाया जाता है। इस वार्षिक उत्सव को बसंत ऋतु के दौरान मनाया जाता है और इसमें पेड़ों और प्रकृति के अन्य तत्वों की पूजा शामिल होती है। इस समय, साल (शोरिया रोबस्टा) पेड़ों में फूल आने लगते हैं। झारखण्ड में, इससे एक राजकीय अवकाश घोषित किया गया है।

**परिचय**

सरहुल का शाब्दिक अर्थ है 'साल वृक्ष की पूजा', सरहुल त्योहार धरती माता को समर्पित है - इस त्योहार के दौरान प्रकृति की पूजा की जाती है। सरहुल कई दिनों तक मनाया जाता है, जिसमें मुख्य पारंपरिक नृत्य सरहुल नृत्य किया जाता है।

आदिवासियों का मानना है कि वे इस त्योहार को मनाए जाने के बाद ही नई फसल का उपयोग मुख्य रूप से धान, पेड़ों के पत्ते, फूलों और फलों का उपयोग कर सकते हैं। भूमिज इस पर्व को 'हादी बोंगा' के नाम से और संथाल इसे 'बाहा बोंगा' के नाम से मनाते हैं। इसे 'बाः परब' और 'खाद्दी परब' के नाम से भी जाना जाता है।

**त्योहार की क्रिया**

त्योहार के दौरान साल के फूलों, फलों और महुआ के फलों को जायराथान या सरनास्थल पर लाए जाते हैं, जहां पाहान या लाया (पुजारी) और देउरी (सहायक पुजारी) जनजातियों के सभी देवताओं की पूजा करता है। ₹जायराथान₹ पवित्र सरना वृक्ष का एक समूह है जहां आदिवासियों को विभिन्न अवसरों में पूजा होती है। यह ग्राम देवता, जंगल, पहाड़ तथा प्रकृति की पूजा है जिसे जनजातियों का संरक्षक माना जाता है। नए फूल तब दिखाई देते हैं जब लोग गाते और नृत्य करते हैं। देवताओं की साल और महुआ फलों और फूलों के साथ पूजा की जाती है। आदिवासी भाषाओं में साल (सखुआ) वृक्ष को 'सारजोम' कहा जाता है।

देवताओं की पूजा करने के बाद, गांव के पुजारी (लाया या पाहान) एक मुर्गी के सिर पर कुछ चावल अनाज डालता है स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि मृगी भूमि पर गिरने के बाद चावल के अनाज खाते हैं, तो लोगों के लिए समृद्धि की भविष्यवाणी की जाती है, लेकिन अगर मुर्गी नहीं खाती, तो आपदा समुदाय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इसके अलावा, आने वाले मौसम में पानी में टहनियाँ की एक जोड़ी देखते हुए वर्षा की भविष्यवाणी की जाती है। ये उम्र पुरानी परंपराएं हैं, जो पीढ़ियों से अनमोल समय से नीचे आ रही हैं।

सभी झारखंड में जनजाति इस उत्सव को महान उत्साह और आनन्द के साथ मनाते हैं। जनजातीय पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को रंगीन और जातीय परिधानों में तैयार करना और पारंपरिक नृत्य करना। वे स्थानीय रूप में चावल से बनाये गये 'हांडिया' पीते हैं। आदिवासी पीसे हुए चावल और पानी का मिश्रण अपने चेहरे पर और सिर पर साल फुल (सारजोम बाहा) लगाते हैं, और फिर जायराथान के आखड़ा में नृत्य करते हैं।

हालांकि एक आदिवासी त्योहार होने के बावजूद, सरहुल भारतीय समाज के किसी विशेष भाग के लिए प्रतिबंधित नहीं है। अन्य विश्वास और समुदाय जैसे हिंदू, मुस्लिम, ईसाई लोग नृत्य करने वाले भीड़ को बधाई देने में भाग लेते हैं। सरहुल सामूहिक उत्सव का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है, जहां हर कोई प्रतिभागी है। आदिवासी मुंडा, भूमिज, कोल, हो और संथाल लोग इस त्योहार को हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं।

# आदिशक्ति की आराधना और भारतीय समाज

**योगेश कुमार गोयल**

**भारतीय** समाज में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरूआत होती है और इस बार नवरात्रि पर्व की शुरूआत 09 अप्रैल से हो चुकी है, जिसका समापन रामनवमी के दिन 17 अप्रैल को होगा। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है।

नवरात्र के प्रथम स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके।

मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप ह्यब्रह्मचारिणीह्न को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। ह्यब्रह्मचारिणीह्न अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्ज्वल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों




में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

दुर्गा मां का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुईं। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में ये ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

मां दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें ह्यशुभंकारीह्न भी कहा जाता है। ह्यकालरात्रिह्न केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड़ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्र के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय आठ वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्ज्वल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली ह्यमहागौरीह्न सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं।

नौवीं शक्ति ह्यसिद्धिदात्रीह्न सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# भारतीय नव वर्ष का शुभारंभ

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

भारतीय नव वर्ष का शुभारंभ प्रकृति की नवचेतना के साथ होता है। वृक्ष नए रूप में पल्लवित होते है। प्रकृति सर्वत्र उत्साह का संचार करती है। मां दुर्गा की उपासना से माहौल भक्तिमय हो जाता है। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन व वैज्ञानिक कालगणना का आविष्कार भारत में हुआ था। इसमें समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश है। प्रलय के बाद भी यह कालगणना निरन्तर जारी रहेगी। प्रासंगिक रहेगी। इसके नववर्ष में प्रकृति भी नए रूप में परिलक्षित होती है। यह संधिकाल आध्यात्मिक ऊर्जा को प्राप्त करने का अवसर होता है। इसमें पाश्चात्य नववर्ष की तरह देर रात का हंगामा नहीं होता। भारतीय कालगणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। इसलिए यह पूर्णतया वैज्ञानिक है। भारतीय नववर्ष का प्रथम दिन अपने में व्यापक संदेश देने वाला होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही पृथ्वी माता का प्रादुर्भाव हुआ। इसी के साथ ब्रह्मा जी ने कालगणना का श्रीगणेश किया। नवरात्रि का प्रथम दिवस मत्स्यावतार, प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्य तिलक इसी दिन हुआ था। यह सभी अवसर भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाले है। पृथ्वी के प्रादुर्भाव के एक अरब सत्तानबे करोड़ उनतीस लाख उनचास हजार एक सौ बाइस वर्ष हो चुके हैं। इस अवधि में एक पल का भी अंतर नहीं हुआ है। यह भारतीय



वैज्ञानिक कालगणना कि विशेषता है। इसकी बराबरी के विषय में दुनिया की अन्य कालगणना कल्पना भी नहीं कर सकती। ईसा पूर्व और ईसा बाद का प्रचलन तथ्य परक नहीं है। प्राचीन भारत के गुरुकुल अनुसंधान के केंद्र हुआ करते थे।

कालगणना में क्रमशः प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन,संवत्सर, दिव्यवर्ष,मन्वन्तर, युग, कल्प और ब्रह्मा की गणना की जाती है। हमारे ऋषियों ने चक्रीय अवधारणा का सुंदर वर्णन किया है। काल को कल्प और मन्वन्तर युग में विभाजित किया गया है। इसमें चार युग -सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग हैं। इनकी चक्रीय व्यवस्था है। अर्थात ये शाश्वत रूप से आते-जाते हैं। इसकी पुनरावृत्ति होती रहती है। इसके अनुरूप इस समय ब्रह्मा की आयु के दूसरे खंड में, श्वेतावाराह कल्प में, वैवस्वत मन्वन्तर में 20वां कलियुग चल रहा है। इस कलियुग की समाप्ति के पश्चात चक्रीय नियम में पुनः सतयुग आएगा। वस्तुतः यह अवधारणा ही प्राकृतिक है।

# डॉ. जे. शरण पैथोलॉजिकल लैबोरेटरी एवं स्कैनिंग सेंटर का भव्य उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के स्वास्थ्य क्षेत्र में आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई जब डॉ. जे. शरण पैथोलॉजिकल लैबोरेटरी एवं स्कैनिंग सेंटर का भव्य उद्घाटन 76 न्यू बाराद्वारी, एपेक्स हॉस्पिटल के पास, साकची, जमशेदपुर में किया गया। यह अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर डॉ. अभिषेक मुंडा और प्रबंध निदेशक निशांत शरण के नेतृत्व में स्थापित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य समय पर, सटीक और विश्वसनीय मेडिकल रिपोर्ट प्रदान करना है ताकि बीमारियों का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके और उनका प्रभावी इलाज किया जा सके। बता दें कि डा अभिषेक मुंडा पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बेटे हैं।

डा अभिषेक मुंडा ने इस अवसर पर कहा कि समय पर और सटीक जांच किसी भी स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ होती है। नवीनतम तकनीक और किफायती दरों पर मल्टी-स्पेशियलिटी डायग्नोस्टिक सुविधाओं के साथ यह सेंटर क्षेत्र में चिकित्सा परीक्षण और इमेजिंग सेवाओं में नई क्रांति लाने का लक्ष्य रखता है।



बोरेटरी एंड स्कैनिंग सेंटर का उद्घाटन करते पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा। साथ में झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, सांसद विद्युतबरण महतो, विधायक सरयू राय, उद्योगपति एसके बेहरा व अन्य।



डा जे शरण पैथोलोजिकल लेबोरेटरी के संस्थापक डा जे.शरण व परिवार के साथ अर्जुन मुंडा एवं अन्य अतिथिगण।

## उपलब्ध प्रमुख सुविधाएं

डॉ. जे. शरण पैथोलॉजिकल लैबोरेटरी एवं स्कैनिंग सेंटर में निम्नलिखित प्रमुख सेवाएँ प्रदान की जाती हैं :

- संपूर्ण पैथोलॉजी लैब जमशेदपुर के किसी भी स्थान से फ्री होम सैंपल कलेक्शन की सुविधा
- सीटी स्कैन (फिलिप्स इनसिव सीटी 128 स्लाइस विद कार्डियक एंजियोग्राफी)
- अल्ट्रासाउंड (यूएसजी) विद लिवर फैट क्वांटिफिकेशन
- डिजिटल एक्स-रे (डीआर-400 टअ)
- इकोकार्डियोग्राफी (इको)
- इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (इसीजी)
- न्यूरोलॉजिकल टेस्ट, ईईजी, ईएमजी, एनसीवी, वीईपी, बीईआरए, आरएनएसटी और एसईपी
- व्यापक स्वास्थ्य जांच पैकेज, जिसमें एनीमिया, मधुमेह, किडनी और लिवर फंक्शन टेस्ट, हृदय रोग मार्कर, संक्रामक बीमारियों और कैंसर की जांच शामिल है।

डा अभिषेक मुंडा के अनुसार एमआरआई सेवाएं जल्द ही उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर के किसी भी स्थान से फ्री होम सैंपल कलेक्शन की सुविधा मरीजों के लिए विशेष सहूलियत प्रदान करती है, जिससे वे बिना सेंटर आए भी आवश्यक जांच सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

### उद्घाटन समारोह में उपस्थित विशिष्ट जन

उद्घाटन समारोह में झारखंड और जमशेदपुर के कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति, चिकित्सा विशेषज्ञ और समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैं। रामदास सोरेन, मंत्री, झारखंड सरकार, बिद्युत बरन महतो, सांसद, सरयू राय, विधायक एस. के. बेहरा, उद्योगपति एवं समाजसेवी, सुधांशु ओझा, जिला अध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली, जिला कोषाध्यक्ष, मीरा मुंडा, भाजपा नेत्री डॉ. एम. एम. सिंह, दिलीप गोयल, कृष्णा भालोटिया, विजय आनंद मूनका, मानव केडिया, डॉ. लायक, मंटू सिंह, अशोक सिंह, विनोद सिंह इसके अलावा, डॉ. राकेश शरण और श्रीमती विनिता शरण, जो डॉ. जे. शरण पैथोलॉजिकल लैबोरेटरी एवं स्कैनिंग सेंटर के संस्थापक हैं, ने भी इस शुभ अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस सेंटर की भविष्य की योजनाओं पर अपने विचार साझा किए। समारोह के दौरान, डॉ. अभिषेक मुंडा और निशांत शरण ने सेंटर की उच्च-गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक्स सेवाओं की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि बीमारियों का समय पर पता लगाना और उनका सही प्रबंधन ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की कुंजी है। डॉ. जे. शरण पैथोलॉजिकल लैबोरेटरी एवं स्कैनिंग सेंटर आधुनिक तकनीक और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सेंटर जमशेदपुर में विश्वसनीय चिकित्सा जांच सेवाओं का एक नया मानदंड स्थापित करने की दिशा में कार्य करेगा।




हिन्दू नववर्ष के शुभ अवसर पर आज संध्या श्रीराममंदिरम,बिष्टुपुर के प्रांगण में श्रद्धालुओं ने 5100 दीये जला कर नववर्ष का स्वागत किया। इन दीयों के प्रकाश से उत्पन्न प्रभाव देखने योग्य था।

## एक नजर में

### चैती छठ पूजा को लेकर सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति कर रही विशेष तैयारियां

**जमशेदपुर।** चैती छठ पूजा को लेकर सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर समिति ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। रविवार को सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के पदाधिकारियों ने पूजा की सफल आयोजन हेतु अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को सुनिश्चित किया। इस बैठक में सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह भी मौजूद रहे। सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह ने बताया कि सूर्य मंदिर के मुख्य संरक्षक एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास तथा संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह के मार्गदर्शन में छठ व्रतियों के लिए स्वच्छता और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। मंदिर परिसर में स्थित दोनों तालाबों की सफाई कर उनमें स्वच्छ और निर्मल जल भरा जाएगा, ताकि श्रद्धालु पवित्र भाव से सूर्य उपासना कर सकें। साथ ही, मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है। वहीं, पूजा के दौरान व्रतधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यहां 4 अप्रैल को सुबह अर्घ्य के लिए गाय का कच्चा दूध, अगरबत्ती, चाय की व्यवस्था की गई है।

### तुरियाबेड़ा में धूमधाम से आयोजित हुआ बाहा हादी सरहुल मिलन समारोह

**जमशेदपुर।** तुरियाबेड़ा गाँव में आदिवासी सरना क्लब द्वारा आयोजित बा ः बाहा हादी सरहुल मिलन समारोह का आयोजन एक भव्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जुगसलाई विधानसभा के विधायक मंगल कालिंदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही, संथाल, भूमिज और अन्य आदिवासी समुदाय के बुद्धिजीवी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें संथाल और भूमिज संस्कृति का एक साथ झलक मिली। तीनों समुदाय ने एक साथ एक मंच पर अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्कृति कार्यक्रम के साथ-साथ खेल-कूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। तीरंदाजी महिला प्रतियोगिता में धालभूमगढ़ की दुमिनी मुर्मू ने प्रथम पुरस्कार के रूप में साइकिल जीती, जबकि पुरुष वर्ग में देवघर गाँव के सुन्दर सोरेन ने मोबाइल फोन जीता। दोनों विजेताओं को विधायक मंगल कालिंदी ने अपने हाथों से पुरस्कार वितरित किए। आदिवासी सरना क्लब के प्रमुख सुनील हेब्रम ने कहाँ कि उद्देश्य आदिवासी समुदाय की संस्कृति और परंपराओं को प्रोत्साहित करना और उनके बीच एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी सरना क्लब द्वारा किया गया था, जो आदिवासी समुदाय के विकास और उत्थान के लिए काम करता है।

### श्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर में सरयू राय ने की कलश स्थापना

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, केबुल टाउन में रविवार को जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने विधि-विधान से कलश स्थापना की और संकल्प लिया। मंदिर परिसर में ही बने मां रक्षक काली मां मंदिर में यह धार्मिक आयोजन हुआ। ख्यातिनाम पंडित विनोद पांडेय ने संकल्प और कलश स्थापना करवाई। उनके साथ सहयोग के लिए पंडित अजय तिवारी मौजूद थे। आज कलश स्थापना के ठीक बाद देवी जी का पूजन हुआ। पूजन के बाद आरती हुई और उपस्थित लोगों को चरणामृत तथा प्रसाद वितरण किया गया। संध्या काल में दुर्गा सप्तशती और राम चरित मानस का पाठ हुआ। पूरे नवरात्र तक दुर्गा सप्तशती और राम चरित मानस का पाठ होता रहेगा। पाठ में आस-पास के दर्जनों लोग शामिल हुए। दुर्गा सप्तशती और राम चरित मानस का पाठ पंडित विनोद पांडेय, पंडित श्याम मिश्रा, पंडित अजय तिवारी, पंडित राकेश ओझा ने किया। सुबह के पूजन में मुख्य रुप से जद(यू) के पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जद(यू) के पूर्वी सिंहभूम की महिला मोर्चा की अध्यक्ष अमृता मिश्रा, विधायक जनसुविधा समिति के पूर्वी जमशेदपुर के संयोजक सुधीर सिंह, साकेत गौतम, असीम पाठक, उदय मंडल, विवेक पांडेय आदि मौजूद रहे।

### परसूडीह क्षेत्र में मासिक चक्र जागरुकता कार्यक्रम चला

**जमशेदपुर।** परसुडीह क्षेत्र के तुपुदांग गांव में विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से डॉ. मनीष झा के नेतृत्व में महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल के तहत किशोरियों और महिलाओं को मासिक धर्म से जुड़ी स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया और निःशुल्क ह्यबाला पैडह्न का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गुरुबारी सामद, सपना सामद समेत कई अन्य महिलाओं ने भी सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और सुरक्षित व स्वच्छ तरीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस तरह की पहल से महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। विश्व जन सेवा ट्रस्ट आगे भी इस प्रकार के जागरूकता अभियानों को जारी रखेगा।

### बी.ए. कॉलेज ऑफ इंजी. में लीडरशिप इनसाइट पर सेमिनार संपन्न

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर में टाटा वर्कर्स यूनियन के साथ लीडरशिप इनसाइट्स पर एक दिवशीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे कॉलेज के प्रबंधन, प्रोफेसर्स और टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारीगण अध्यक्ष के साथ डिप्टी प्रेजिडेंट, वाईस प्रेजिडेंट, सचिव, सहायक सचिव एवं कोषाध्यक्ष शामिल हुए। अपने सम्बोधन में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार चौधरी ने कॉलेज की आधारभूत संरचना की सराहना की और उन्होंने नेतृत्व की विशिस्टताओं पर चर्चा करते हुए जोर दिया कि एक संगठन को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए दूरदर्शी नेतृत्व अनिवार्य है। । यूनियन के उपाध्यक्ष श्री शाहनवाज आलम ने नेतृत्व और औद्योगिक क्रांति पर प्रकाश डाला। यूनियन के डिप्टी प्रेजिडेंट श्री शैलेश कुमार सिंह ने कॉलेज के विभिन्न उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसके उज्जवल भविष्य की कामना की। यूनियन पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की कि यह कॉलेज दूसरे बड़ों शहरों की तुलना में एक चौथाई फीस पर तकनीकी शिक्षगा प्रदान कर रहा है जिसमे हॉस्टल और ट्रांसपोर्ट सुविधा मुफ्त है। कार्य करने वाले विद्यार्थियों के लिए ए आई सी टी इ द्वारा संचालित डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्सेज भी यंहा उपलब्ध है जिससे टाटा स्टील एवं अन्य कंपनियों में नौकरी करते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त करना आसान है। और ऐसे कर्मचारियों को टाटा स्टील से ब्रिज कोर्स करने की आवश्यकता नहीं होगी।

# मारा गया मुख्तार अंसारी का शार्प शूटर अनुज कनौजिया, एक साथी जिंदा गिरफ्तार, दो फरार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार की बीती देर रात जमशेदपुर पुलिस के सहयोग से यूपी एटीएस ने मुख्तार अंसारी गैंग का शार्प शूटर अनुज कनौजिया को एनकाउंटर में मार गिराया। इस दौरान उसके एक साथी को पुलिस ने जिंदा दबोच लिया है जबकि दो फरार हो गए हैं। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए यूपी एटीएस लगातार छापेमारी कर रही है। एनकाउंटर के दौरान यूपी एटीएस के डीएसपी पीके शाही घायल हो गए हैं जिनका इलाज यहां टाटा मेन हॉस्पिटल में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि जमशेदपुर के राजनीतिक संरक्षण प्राप्त गैंगस्टर गणेश सिंह की हत्या करने के लिए अनुज कनौजिया ने सुपारी ली थी। इसके लिए कई दिनों से वह गणेश सिंह को निशाने पर लेने के लिए ताक में था। गणेश सिंह विधानसभा चुनाव में एक प्रत्याशी के साथ कई बार देखा गया था। गणेश सिंह को जातीय संरक्षण भी हासिल है। इसी बीच, यूपी एटीएस ने उसे ढेर कर दिया। दूसरी ओर, रविवार को कनौजिया के शव का पोस्टमार्टम विडियो ग्राफी के बीच किया गया। इस दौरान एमजीएम मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस में पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखा था। बता दें कि कनौजिया की पत्नी रीना मऊ जेल में बंद है। संभवतः उसके बेल पर छूटने के बाद ही कनौजिया के परिजन शव को ले जा पायेंगे। यूपी एटीएस को सूचना मिली थी कि ढाई लाख रुपये का इनामी शूटर अनुज कनौजिया जमशेदपुर में छुपा हुआ है। उसके मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसे यहां गोविंदपुर स्थित अल्तमस सिटी आवासीय क्षेत्र में यूपी एटीएस ने जमशेदपुर पुलिस के सहयोग से घेर लिया।



मारे गए अपराधी अनुज कनौजिया की फाइल फोटो।

### शव लेकर मऊ गई बहन

जमशेदपुर। अनुज कनौजिया के शव का आज एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में दंडाधिकारी मृत्युंजय कुमार की उपस्थिति में पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के पश्चात अनुज की बहन अपने परिजनों के साथ जमशेदपुर पहुंची और उसने अपने भाई के शव को लेकर वापस मऊ चली गई जहां अनुज की अंत्येष्टि होगी। अनुज की पत्नी रीना मऊ जेल में बंद है और उसने अपनी पति का शव अपनी ननद को देने का अनुरोध पत्र भेजा था।

## अनुज के पीछे कौन था, पुलिस उजागर करे : सरयू

- इस मुठभेड़ को हल्के में न ले पुलिस
- कौन सी ताकतें हैं जिन्होंने अनुज को छुपाए रखा
- स्पेशल ब्रांच और थाने को अनुज की सूचना क्यों न मिल सकीं
- एसटीएफ गठित करें या सीबीआई से जांच करवाएं
- यूपीएटीएस से भी सहयोग लिया जाना चाहिए



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सूरयू राय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के एटीएस (आतंक निरोधी दस्ता) द्वारा जमशेदपुर के गोविंदपुर में छुपे हुए यूपी के दुर्दांत अपराधी रहे मुख्तार अंसारी का शूटर अनुज कनौजिया का एनकाउंटर किया जाना और एनकाउंटर के दौरान यूपी के पुलिस अधिकारी के हाथ में गोली लगना एक सामान्य घटना नहीं है। जमशेदपुर पुलिस को इस घटना को गंभीरता से लेना होगा और इसके पीछे छुपे हुए चेहरों को उजागर करना होगा ताकि बाहर के अपराधी यहां आकर महीनों छुप न सकें और किसी वारदात को अंजाम न दे सकें।

यहां जारी एक बयान में श्री राय ने कहा कि यूपी का दुर्दांत अपराधी जमशेदपुर आकर महीनों छुपा रहता है तो इसके पीछे जमशेदपुर के किसी न किसी गिरोह का हाथ संभव है। अनुज कनौजिया जमशेदपुर बिना किसी मकसद के क्यों आएगा। जमशेदपुर के आपराधिक अथवा राजनीतिक जगत की कौन सी ऐसी शक्तियां हैं, जिन्होंने इसे जमशेदपुर बुलाया और महीनों छुपा कर रखा? इन शक्तियों का इसके पीछे क्या मकसद था, इसकी पड़ताल आवश्यक है। यह भी आश्चर्यजनक है कि जिस थाना क्षेत्र में बाहर का दुर्दांत अपराधी आकर रहता है, उसकी सूचना थाना तथा पुलिस की संबंधित विशेष शाखा को नहीं हो पायी। ऐसा लगता है कि पुलिस का सूचना तंत्र थाना स्तर पर कामयाब नहीं रहा। अब, जबकि इस मामले में एकाध गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, तो अनुज कनौजिया के जमशेदपुर आने का असली उद्देश्य क्या था और इसके पीछे प्रत्यक्ष और परोक्ष रुप से किनका हाथ था, इसका रहस्योद्घाटन कठिन नहीं है। संभव है कि अनुसंधान के दौरान प्रभावशाली स्तर से पुलिस पर दबाव आए और पुलिस को निष्पक्ष अनुसंधान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़े।

सरयू राय ने कहा कि इस संभावना को ध्यान में रखते हुए और मामले का एक से अधिक राज्यों से संबंध होने के नाते इसकी जांच या तो पुलिस में एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) गठित किया जाए या इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी जाए। जब यूपी एटीएस विगत कई दिनों से अनुज कनौजिया के बारे में सटीक सूचनाएं जमा कर रहा था, तब उन्होंने वैसे लोगों की शिनाख्त जरूर की होगी, जिन्होंने इस दुर्दांत अपराधी को आश्रय प्रदान किया था तथा अपना स्वार्थ पूरा करने के लिए कनौजिया को जमशेदपुर बुलाया था। इस मामले की जांच में यूपीएटीएस द्वारा एकत्र की गई सूचनाओं को भी जमशेदपुर पुलिस को मंगाना चाहिए और जांच प्रक्रिया में यूपीएटीएस का भी सहयोग लिया जाना चाहिए।

श्री राय ने कहा कि यह महज संयोग नहीं हो सकता कि जिस मकसद से अनुज कनौजिया को किसी खास प्रभावशाली समूह द्वारा जमशेदपुर बुलाया गया था, वह उद्देश्य पूरा होने के पहले ही वह यूपी एटीएस के हाथों मारा गया। जितने दिनों से अनुज कनौजिया जमशेदपुर में था, अवश्य ही उसे लाने वालों ने उसका इस्तेमाल करने की योजना बनाई होगी और योजना को अंजाम देने का प्रयास भी किया होगा। परिस्थिति अनुकूल नहीं होने के कारण यह योजना अभी तक कामयाब नहीं हुई होगी होगी और इसी बीच यूपी एटीएस के एनकाउंटर में अनुज मारा गया। संभव है कि अगर वह मारा नहीं गया होता तो कुछ दिनों में जमशेदपुर के अपराध जगत में भी कोई न कोई संगीन कारनामा हो सकता था। जमशेदपुर पुलिस की जांच में इन सभी आयामों पर अनुसंधान होना चाहिए। अनुज कनौजिया जितने दिनों तक छुप कर रहा था, उतने दिनों तक उसकी गतिविधियों तथा उसे यहां लाने वालों और छुपा कर रखने वालों की गतिविधियों और उनके संपर्क सूत्रों की भी छानबीन होनी चाहिए।

# स्वामी सहजानंद सरस्वती के विचारों को आत्मसात करने की जरुरत : डा. अखिलेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वामी सहजानंद सरस्वती कल्याण संस्थान, कदमा के द्वारा आज ब्रह्मर्षि भवन में स्वामी सहजानंद सरस्वती की १३६ वी जयंती सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, परशुराम समिति के अध्यक्ष कमल किशोर, राजकिशोर सिंह, ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष विकास सिंह उपस्थित थे।




जयंती समारोह में मंच पर उपस्थित अतिथिगण।

कार्यक्रम की शुरूआत में स्वामी जी की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा पुष्प माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्जवलित किया गया। इसके उपरांत अतिथियों कक स्वागत अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ, मोमेंटो प्रदान कर किया गया। स्वामी सहजानंद सरस्वती कल्याण संस्थान के अध्यक्ष दीपू सिंह द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं महासचिव जयकुमार द्वारा संस्थान के कार्यकलापों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध लोक गायक गोलू राजा एवं गायिका निशा पांडेय के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लोक गीत सुनाकर उपस्थित लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में स्वरूचि भोज का आयोजन किया गया। मंच संचालन श्री निवास ने किया।

राज्यसभा सांसद डा. अखिलेश प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी जी के विचारों को अपने जीवन में अवश्य अपनाने की जरूरत है। स्वामी जी ने आजीवन किसान और मजदूरों के लिए आवाज उठाई। स्वामी जी भले ही भूमिहार जाति में जन्मे हों लेकिन उनका कार्य और जीवन संघर्ष संपूर्ण राष्ट्र की भलाई और कल्याण के लिए समर्पित था।

कार्यक्रम को जमशेदपुर के सांसद विद्युतबरण महतो, पूर्व डीएसपी कमलकिशोर ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।

## अडानी पर राहुल के स्टैंड में कोई चेंज नहीं: के राजू

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के संगठन सृजन वर्ष 2025 के तहत पांच दिवसीय मंथन कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। इस मौके पर झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मंथन कार्यक्रम में लिये गये निर्णय और कांग्रेस की नीतियों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि उद्योगपति गौतम अडानी के बारे में जो स्टैंड राहुल गांधी ने लिया है, उस स्टैंड में एक इंच भी चेंज नहीं होगा। इस मामले में कोई सेकेंड ओपिनियन नहीं है। हमारे नेताओं या सहयोगी दलों के नेताओं का भी इस मुद्दे पर कोई दूसरी राय नहीं है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के.राजू का यह बयान इस मायने में बेहद खास है क्योंकि शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गौतम अडानी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया था।

उन्होंने कहा कि मुद्दा यह है कि राहुल गांधी किस मुद्दे पर फाइट कर रहे हैं। वहअडानी के बिजनेस के बारे में नहीं, बल्कि जो रास्ता उन्होंने चुना पब्लिक प्रॉपर्टी उनके हाथ में देने के लिए गलत प्रोसेस अपनाया गया। पांच दिवसीय मंथन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए के. राजू ने कहा कि कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ी राय ली गई है। सबके निचोड़ से जो बेस्ट निकला उसके आधार पर अगले 05 वर्षों के कार्यक्रम की रूपरेखा बनायी गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी को 15 जुलाई तक पुनर्गठित कर ली जायेगी। इस दौरान प्रदीप यादव, राजेश ठाकुर, बंधु तिर्की, सुबोधकांत सहाय समेत कई नेता मौजूद थे।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह सेवानिवृत, दी ऐतिहासिक विदाई

### प्रबंधन ने भी गुरमीत सिंह के कार्यकाल को सराहा , टेल्को क्लब में गुरमीत को सपरिवार आमंत्रित कर दी विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स कर्मी सह टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह शनिवार को कंपनी के सेवा कार्य से सेवानिवृत्त हुए। शनिवार को यूनियन कार्यालय, टेल्को क्लब एवं फाउंड्री डिवीजन में गुरमीत सिंह के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित की गई। सर्व प्रथम फाउंड्री डिवीजन में सुबह 10 बजे विदाई समारोह आयोजित की गई। तत्पश्चात यूनियन कार्यालय में भव्य विदाई समारोह आयोजित की गई। जिसमें महामंत्री आरके सिंह के द्वारा अध्यक्ष गुरमीत सिंह को शॉल , बुके , पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तमाम कमेटी मेंबर्स , ऑफिस बेयरर, आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्यों ने हिस्सा लिया।



टाटा मोटर्स परिसर में यूनियन अध्यक्ष को यूनियन में विदाई देते प्रबंधन के अधिकारीगण।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि अध्यक्ष जी के रहते मुझे कभी कार्यक्रम को याद रखने की जरूरत नहीं पड़ी। गुरमीत सिंह जी शुरू से समय के पाबंद रहे। कहां किस कार्यक्रम में कब जाना है। वो सारा कुछ याद रखते थे। समय से दस मिनट पहले कार्यक्रम में पहुंचने का उनका प्रयास रहता था। उनके व्यक्तित्व एवं आचरण से हमें सीख लेने की जरूरत है।

अध्यक्ष गुरमीत सिंह कंपनी में अपने सेवाकाल से लेकर यूनियन में कमेटी मेंबर से लेकर अध्यक्ष पद तक के सफर को साझा किये। साथ ही इस दौरान मजदूर हित में यूनियन की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान यूनियन के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए इसे अबतक का सबसे अव्वल यूनियन करार दिया । उन्होंने महामंत्री आरके सिंह को सम्मान और साथ के लिए बधाई दिये। यूनियन कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया।

टेल्को क्लब में प्रबंधन ने अध्यक्ष को दी विदाई

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह के सेवानिवृत्त होने पर प्रबंधन के द्वारा टेल्को ऑफिसर क्लब में विदाई समारोह आयोजित की गई। यहां कार्यक्रम में अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह सपत्नी व सपरिवार शिरकत किये। जबकि प्रबंधन की ओर से वर्चुअल रूप में सीएचआरओ , टाटा मोटर्स सीताराम कांडी, वीपी , कमर्शियल व्हीकल ऑपरेशन विशाल बादशाह, जमशेदपुर प्लांट हेड सुनील तिवारी, एच आर हेड प्रणव कुमार, ईआर हेड सौमिक रॉय समेत विभिन्न विभागों के जीएम कार्यक्रम में शिरकत किये। सी. एच. आर. ओ. सीताराम कांडी ने कहा कि गुरमीत सिंह आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं ।



# स्टार्क ने तोड़ा हैदराबाद का घमंड, दिल्ली की शानदार जीत

## दिल्ली कैपिटल्स की लगातार दूसरी जीत, सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराया

एजेंसी

**विशाखापट्टनम।** आइपीएल 2025 के 10वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हुआ। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने आसानी से 7 विकेट से बाजी मारी। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स की टीम सिर्फ 163 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में दिल्ली की टीम ने आसानी से 16 ओवर्स में चेज कर लिया। सनराइजर्स हैदराबाद की ये इस सीजन लगातार दूसरी हार है।

**दिल्ली के बल्लेबाजों का कमाल**

गेंदबाजों के कमाल के प्रदर्शन के बाद दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। इस मैच में दिल्ली के लिए फाफ डु प्लेसिस ने 50 रन की पारी खेली। वहीं 38 रन की पारी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने खेली। इसके अलावा अभिषेक पोरेल 34 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 21 रन बनाए। हैदराबाद के लिए जीशान अंसारी ने 3 विकेट हासिल किए।

**मिचेल स्टार्क रहे जीत के हीरो**

मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव की धारदार गेंदबाजी से दिल्ली कैपिटल्स ने पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद को 163 रन पर समेट दिया। स्टार्क ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 35 रन पर पांच जबकि कुलदीप ने 22 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे सनराइजर्स की पूरी टीम 18.4 ओवर में पवेलियन लौट गई। सनराइजर्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और सिर्फ अनिकेत वर्मा (74 रन, 41 गेंद, छह छक्के, पांच चौके) और हेनरिक क्लासेन (32) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी भी की। इन दोनों के अलावा ट्रेविस हेड (22) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

**पैट कमिंस के फैसले पर फिरा पानी**

पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन सनराइजर्स ने पांचवें ओवर में 37 रन तक ही सलामी बल्लेबाजों हेड और अभिषेक शर्मा (01) तथा इशान किशन (02) और नितीश कुमार रेड्डी (00) के विकेट गंवा दिए। हेड ने स्टार्क के पहले ओवर में लगातार दो चौकों से शुरूआत की लेकिन इसी ओवर में अभिषेक रन आउट हो गए। स्टार्क के अगले ओवर में इशान ने बाउंड्री पर ट्रिस्टन स्टब्स को कैच थमाया जबकि एक गेंद बाद नितीश भी दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को कैच दे बैठे। स्टार्क ने हेड को विकेटकीपर लोकेश राहुल के हाथों कैच कराके सनराइजर्स को चौथा झटका दिया।

**अनिकेत ने खेली अच्छी पारी**

हेनरिक क्लासेन ने आते ही स्टार्क की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ तेवर दिखाए। सनराइजर्स ने पावर प्ले में चार विकेट पर 58 रन बनाए। अनिकेत ने भी विपराज निगम की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा और फिर अक्षर पर लगातार दो छक्के जड़े। क्लासेन ने 10वें ओवर में कुलदीप यादव पर छक्के के साथ टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। क्लासेन हालांकि अगले ओवर में पवेलियन लौट गए जब मोहित शर्मा की गेंद पर विपराज ने उनका शानदार कैच लपका। उन्होंने 19 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और दो चौके मारे। अभिनव मनोहर भी चार रन बनाने के बाद कुलदीप का शिकार बने जिससे सनराइजर्स का स्कोर छह विकेट पर 119 रन हो गया। अनिकेत ने कुलदीप की गेंद पर एक रन के साथ 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगली गेंद पर कमिंस (02) जैक फ्रेजर मैकगर्क को कैच थमा दिया। अनिकेत ने अक्षर के अगले ओवर में लगातार गेंदों पर एक चौका और दो छक्के मारे लेकिन कुलदीप की गेंद पर मैकगर्क को कैच दे बैठे। स्टार्क ने 19वें ओवर में हर्षल पटेल (05) और वियान मुल्डर (09) को पवेलियन भेजकर सनराइजर्स की पारी का अंत किया।



**हैदराबाद 163/10 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा रन आउट | 01 | 01 | 00 | 00 |
| ट्रैविस हेड कै. राहुल बो. स्टार्क | 22 | 12 | 04 | 00 |
| किशन कै. स्टब्स बो. स्टार्क | 02 | 05 | 00 | 00 |
| रेड्डी कै. अक्षर बो. स्टार्क | 00 | 02 | 00 | 00 |
| अनिकेत कै. मैकगर्क बो. यादव | 74 | 41 | 05 | 06 |
| क्लासेन कै. निगम बो. मोहित | 32 | 19 | 02 | 02 |
| मनोहर कै. डु प्लेसिस बो. यादव | 04 | 06 | 00 | 00 |
| कमिंस कै मैकगर्क बो. यादव | 02 | 07 | 00 | 00 |
| मुल्डर कै. प्लेसिस बो. स्टार्क | 09 | 11 | 01 | 00 |
| हर्षल पटेल कै. अक्षर बो. स्टार्क | 05 | 09 | 00 | 00 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 01 | 01 | 90 | 00 |

**अतिरिक्त** : 11

**विकेट पतन** : 11-1, 20-2, 25-3, 37-4, 114-5, 119-6, 123-7, 148-8, 162-9, 163-10.

**.गेंदबाज** : मिचेल स्टार्क : 3.4-0-35-5, मुकेश कुमार : 2-0-17-0, अक्षर पटेल : 4-0-43-0, विप्रराज निगम : 2-0-21-0, मोहित शर्मा :3-0-25-1, कुलदीप यादव : 4-0-22-3.

**दिल्ली 166/3 (16 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मैकगर्क कै.एंड बोल्ड जीशन | 38 | 32 | 04 | 02 |
| डु प्लेसिस कै. मुल्डर बो जीशन | 50 | 27 | 03 | 03 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 34 | 18 | 02 | 02 |
| लोकेश राहुल बो. जीशन | 15 | 05 | 02 | 01 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 | 14 | 03 | 00 |

**अतिरिक्त** : 08

**विकेट पतन** : 81-1, 96-2, 115-3.

**गेंदबाज** : मोहम्मद शमी : 3-0-31-0, अभिषेक शर्मा : 3-0-27-0, पैट कमिंस : 2-0-27-0, हर्षल पटेल : 3-0-17-0, जीशन अंसारी : 4-0-42-3, वियान मुल्डर : 1-0-16-0.



**आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +2.266 |
| दिल्ली | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.320 |
| लखनऊ | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.963 |
| गुजरात | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.625 |
| पंजाब | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | +0.550 |
| कोलकाता | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -0.308 |
| चेन्नई | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.771 |
| हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.871 |
| राजस्थान | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -1.112 |
| मुंबई | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -1.163 |



**पर्पल कैप**
09 विकेट
नूर अहमद
चेन्नई




**ऑरेंज कैप**
145 रन
निकोलस पूरन
लखनऊ

## विजयी लय बरकरार रखने उतरेगी केकेआर

**मुंबई।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच सोमवार को आइपीएल 2025 का मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच रिकॉर्ड को देखें तो मुंबई का पलड़ा भारी है, लेकिन मुंबई को इस सीजन शुरूआती दोनों मैच में हार मिली है जिससे मनोवैज्ञानिक तौर पर केकेआर मजबूत स्थिति में दिख रही है।

**हेड टु हेड रिकॉर्ड :** केकेआर की कोशिश होगी कि वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस लय को बरकरार रखे। वहीं, अगर केकेआर के खिलाफ वापसी नहीं कर सकी तो वह हार की हैट्रिक लगा लेगी। केकेआर और मुंबई के बीच आइपीएल में अब तक 34 मैच हुए हैं जिसमें से पांच बार की चैंपियन मुंबई ने 23 बार जीत हासिल की है, जबकि कोलकाता की टीम सिर्फ 11 मुकाबले ही जीत सकी है। दोनों के बीच हेड टु हेड रिकॉर्ड में मुंबई अपने प्रतिद्वंद्वी केकेआर से काफी आगे है, लेकिन कोलकाता का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से शानदार चल रहा है। मुंबई के लिए आइपीएल सत्र की शुरूआत लगातार हार के साथ करना कोई नई बात नहीं है। टूर्नामेंट में हमेशा धीमी शुरूआत करने वाली यह टीम ट्रॉफी जीतने के लिए एकजुट होकर खेलने के लिए जानी जाती है लेकिन अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए मुंबई को अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन और बल्लेबाजों से निरंतरता की आवश्यकता होगी, विशेषकर तब जब उनके पास निचले क्रम में विशेषज्ञ फिनिशर की कमी है।




# भारत वनडे और टी20 सीरीज के लिए आस्ट्रेलिया का दौरा करेगा

एजेंसी

**मेलबर्न।** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने रविवार को कहा कि भारतीय पुरुष टीम इस साल के अंत में तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। मेहमान टीम 19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच सफेद गेंद के मैच खेलेगी। 50 ओवर के मैच जहां दिन-रात के होंगे तो वहीं टी20 मुकाबले रात के मैच होंगे। आगामी 2025-26 सत्र के दौरान पहली बार आस्ट्रेलिया के सभी आठ राज्यों और क्षेत्रों में पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आयोजन होगा। कैनबरा और होबार्ट दोनों पांच मैच की टी20 श्रृंखला के दौरान भारत की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत और आस्ट्रेलिया इससे पहले पर्थ, एडीलेड और सिडनी में भी 50 ओवर के मैच खेलेंगे। भारत 2024-25 में पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद आस्ट्रेलिया लौटेगा। बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आस्ट्रेलिया में दर्शकों की संख्या के नए रिकॉर्ड बने थे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, हमने पिछली गर्मियों में मैदान पर दर्शकों की संख्या, टीवी पर दर्शकों की संख्या और डिजिटल जुड़ाव के कई रिकॉर्ड तोड़े और हमें विश्वास है कि यह अविश्वसनीय गति पूरे सत्र में जारी रहेगी। उन्होंने कहा, हम अपनी सभी सरकारों, आयोजन स्थलों, प्रसारण और वाणिज्यिक भागीदारों के सहयोग और समर्थन के लिए बेहद आभारी हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि आस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय खेल स्टेडियमों में शानदार अनुभव प्रदान करता रहे और पूरे देश में भागीदारी को बढ़ावा दे।




**शेड्यूल इस प्रकार है :**

एकदिवसीय श्रृंखला :
- 19 अक्टूबर : पर्थ स्टेडियम, पर्थ (दिन-रात्रि)
- 23 अक्टूबर : एडीलेड ओवल, एडीलेड (दिन-रात्रि)
- 25 अक्टूबर : एससीजी, सिडनी (दिन-रात्रि)

टी20 श्रृंखला :
- 29 अक्टूबर : मनुका ओवल, कैनबरा
- 31 अक्टूबर : एमसीजी, मेलबर्न
- 2 नवंबर : बेलरीव ओवल, होबार्ट
- 6 नवंबर : गोल्ड कोस्ट स्टेडियम, गोल्ड कोस्ट
- 8 नवंबर : द गाबा, ब्रिस्बेन

# चेन्नई के लिए नहीं चला माही मैजिक, आखिरी ओवर के रोमांच में राजस्थान ने पलटा मैच, दर्ज की पहली जीत



एजेंसी

**गुवाहाटी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 11वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने आखिरी ओवर के रोमांच में चेन्नई सुपर किंग्स को 6 रन से हरा दिया। लगातार दो हार के बाद राजस्थान को 18वें सीजन में पहली जीत मिली है। इस मुकाबले में राजस्थान की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 182 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में सीएसके ने दमदार खेल बावजूद 20 ओवर के खेल में 6 विकेट पर 176 रन ही बना पाई। इस तरह राजस्थान रॉयल्स की टीम 18वें सीजन में हार की हैट्रिक से बच गई।राजस्थान के खिलाफ इस मैच में लक्ष्य का पीछा का करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरूआत कुछ खास नहीं थी। पहले ही ओवर में ओपनर बल्लेबाज रचिन रविंद्र को जोफ्रा आर्चर ने आउट कर दिया। इसके बाद राजस्थान के गेंदबाजों ने कसी हुई बॉलिंग की, जिससे सीएसके की टीम एक समय पर दबाब में आ गई थी, लेकिन कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने धैर्यपूर्ण पारी खेलते हुए मैच को रोमांचक बना दिया।

**राजस्थान की बैटिंग में चमके थे नितीश राणा**

इससे पहले राजस्थान के लिए बल्लेबाजी में नितीश राणा ने कमाल का खेल दिखाया। नीतिश राणा ने 36 गेंद में 81 रन बनाए लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए राजस्थान रॉयल्स को आइपीएल के मैच में रविवार को नौ विकेट पर 182 रन पर रोक दिया। नीतिश ने चेन्नई के गेंदबाजों पर दबाव बनाते हुए अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाए। इससे पहले चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे रॉयल्स के कप्तान रियान पराग (37) ने दो चौके और दो छक्के लगाए लेकिन उनकी पारी में लय का अभाव दिखा । रॉयल्स आखिरी पांच ओवर में 37 रन ही बना सके। लेकिन रॉयल्स के लिये अच्छी बात यह है कि 2019 के बाद से चेन्नई की टीम 180 से ऊपर के लक्ष्य का पीछा कर पाने में नाकाम रही है।

**राजस्थान की शुरूआत रही थी खराब**

मुकाबले में रॉयल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही और पहली गेंद पर चौका जड़ने के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को खलील ने आउट कर दिया। इसके बाद नीतिश और संजू सैमसन (20) ने 42 गेंद में 82 रन की साझेदारी की। नीतिश ने फ्लिक, पूल , स्लॉग स्वीप जैसे कई शॉट खेले। उन्होंने सिर्फ 21 गेंद में पहला पचासा पूरा किया। रॉयल्स ने पावरप्ले में एक विकेट पर 79 रन बनाए जो आइपीएल के इतिहास में उनका तीसरा सर्वोच्च स्कोर है।

**राजस्थान 182/9 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. अश्विन बो. खलील | 04 | 03 | 01 | 00 |
| सैमसन कै. रचीन बो. अहमद | 20 | 16 | 01 | 01 |
| राणा स्टं. धोनी बो. अश्विन | 81 | 36 | 10 | 05 |
| रियान पराग बो. पथिराना | 37 | 28 | 02 | 02 |
| जुरेल कै. पथिराना बो. अहमद | 03 | 07 | 00 | 00 |
| हसरंगा कै. शंकर बो. जडेजा | 04 | 05 | 00 | 00 |
| हेटमायर कै. अश्विन बो. पथिराना | 19 | 16 | 01 | 01 |
| आर्चर कै. गायकवाड बो. खलील | 00 | 02 | 00 | 00 |
| कुमार कार्तिकेय रन आउट | 01 | 01 | 00 | 00 |
| महीश थीक्षाना नाबाद | 02 | 04 | 00 | 00 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 01 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 10

**विकेट पतन** : 4-1, 86-2, 124-3, 134-4, 140-5, 166-6, 174-7, 175-8, 176-9.

**गेंदबाज** : खलील अहमद : 4-0-38-2, जेमी ओवर्टन : 2-0-30-0, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-46-1, नूर अहमद : 4-0-28-2, मथीशा पथिराना : 4-0-28-2, रवींद्र जडेजा : 2-0-10-1.

**चेन्नई 176/6 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रचीन कै. जुरेल बो. आर्चर | 00 | 04 | 00 | 00 |
| त्रिपाठी कै. हेटमायर बो. हसरंगा | 23 | 19 | 03 | 01 |
| ऋतुराज कै. जयसवाल बो. हसरंगा | 63 | 44 | 07 | 01 |
| दुबे कै. पराग बो. हसरंगा | 18 | 10 | 01 | 02 |
| विजय शंकर बो. हसरंगा | 09 | 06 | 00 | 01 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 32 | 22 | 02 | 01 |
| धोनी कै. हेटमायर बो. संदीप | 16 | 11 | 01 | 01 |
| जेमी ओवर्टन नाबाद | 11 | 04 | 00 | 01 |

**अतिरिक्त** : 04

**विकेट पतन** : 0-1, 46-2, 72-3, 92-4, 129-5, 164-6.

**गेंदबाज** : जोफ्रा आर्चर : 3-1-13-1, तुषार देशपांडे : 4-0-45-0, संदीप शर्मा : 4-0-42-1, दाहीश थीक्षाना : 4-0-30-0, वानिंदु हसरंगा : 4-0 35-4, कुमार कार्तिकेय : 1-0-10-0.

## धीमे ओवर रेट पर हार्दिक पर लगा 12 लाख रू. का जुमार्ना

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के सत्र में मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपए का जुमार्ना लगा हैं। आइपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत मुंबई का इस सत्र का पहला ओवर-रेट अपराध है, जो न्यूनतम ओवर-रेट उल्लंघन को संबोधित है।

## आवासीय बालिका तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र सिल्ली की अंजू और माधुरी कुमारी ने जीती कांस्य पदक

**सिल्ली।** 25 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित मिनी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन आंध्र प्रदेश के गुंटूर शहर में आयोजित की गई थी जिसमें आवासीय तीरंदाजी बालक बालिका प्रशिक्षण केंद्र सिल्ली के तीन तीरंदाज शामिल हुए जिसमें कंपाउंड डिवीजन में बालिका टीम ने कांस्य पदक लेकर केंद्र के साथ साथ रांची जिला और झारखंड राज्य का नाम रोशन किया। टीम में शामिल सिल्ली केंद्र की अंजू गाड़ी, माधुरी कुमारी, जोना डे बॉडिंग केंद्र की आरुषि कुमारी और जमशेदपुर की अनुष्का सिन्हा शामिल थी। वहीं इंडियन राउंड में सोनी कुमारी ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

## राष्ट्रीय सीनियर खो-खो चैंपियनशिप के लिए बिहार टीम रवाना

**पटना।** खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पुरी (ओड़िशा) में 31 मार्च से 04 अप्रैल तक आयोजित होने वाली 57वीं सीनियर नेशनल पुरुष एवं महिला खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार की 34 सदस्यीय टीम पुरी के लिए रवाना हो गई। खो-खो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव नीरज कुमार पप्पू ने बताया कि महिला टीम में चंपारण से ललिता कुमारी (कैप्टन), कविता कुमारी, अनिता कुमारी, रोमा रॉय, कृष्णा प्रिया, पूजा कुमारी, मौसम कुमारी, मोनिका, लखीसराय से गुड़िया कुमारी, साक्षी कुमारी, मुंगेर से रिया रानी, आकांक्षा कुमारी, स्मिता कुमारी, अंशु कुमारी, स्मृति भारती शामिल है।

## सबालेंका ने जीता मियामी ओपन का खिताब

एजेंसी

**मियामी गार्डस (फ्लोरिडा)।** दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने मियामी ओपन टूर्नामेंट अपने नाम किया। उन्होंने यहां खिताबी मुकाबले में जेसिका पेगुला को एकतरफा मुकाबले में शिकस्त देकर पहली बार यहां चैंपियन बनने की उपलब्धि हासिल की। मौजूदा यूएस ओपन और आस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बेलारूस की शीर्ष वरीय 26 साल की सबालेंका ने अमेरिका की चौथी वरीय 31 साल की पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन का खिताब जीता। सबालेंका ने 24 विनर्स लगाए और 11 लाख डॉलर की इनामी राशि भी अपने नाम की। बारिश के कारण खिताबी मुकाबले में करीब एक घंटे की देर भी हुई। यह उनके करियर का 19वां टूर खिताब है। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने इससे पहले यूएस ओपन 2024 के फाइनल में भी पेगुला को लगातार सेट में 7-5, 7-5 से पराजित किया था। इस बार भी उन्होंने पेगुला का सपना चकनाचूर कर दिया।

**शानदार उपलब्धि**

इसके साथ ही सबालेंका ने एक और शानदार उपलब्धि हासिल कर ली है। वह डब्ल्यूटीए इतिहास की तीसरी शीर्ष खिलाड़ी हैं जो एक ही साल आस्ट्रेलियन ओपन, इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के फाइनल में पहुंची हैं। उन्होंने अपने शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ियों के खिलाफ पिछले 14 में से 12 मुकाबले जीते हैं। साथ ही यह सबालेंका का इस साल का दूसरा खिताब है। इससे पहले उन्होंने जनवरी में ब्रिस्बेन ओपन का खिताब भी जीता था। सबालेंका ने अपने 19 में से 17 खिताब हार्डकोर्ट पर जीते हैं।



## रियल मैड्रिड ने ला लीग में लेगानेस को हराया



**मैड्रिड।** किलियन एमबाप्पे के दो गोलों की बदौलत रियल मैड्रिड ने लेगानेस को 3-2 से हराकर ला लीगा के शीर्ष पर अपने प्रतिद्वंद्वी एफसी बार्सिलोना के साथ अंकों के मामले में बराबरी कर ली। शनिवार रात खेले गये मुकाबले में रिलय मैड्रिड के एमबाप्पे का पहला गोल एक पेनल्टी था, जिसका लेगनेस ने जोरदार विरोध किया, क्योंकि अर्डा गुलर को चुनौती के तहत नीचे गिरा दिया गया था, लेकिन डिएगो गार्सिया ने मैड्रिड क्षेत्र में एक ढीली गेंद पर तुरंत गोलकर स्कोर 1-1 से बराकर कर दिया। इसके बाद दानी रबा ने मध्यांतर से चार मिनट पहले तेज ब्रेक लेकर मेहमान टीम को बढ़त दिला दी।

## भारत की प्रगनिका बनी विश्व अंडर 7 स्कूल शतरंज चैंपियन

एजेंसी

**सर्बिया।** आखिर क्यूँ भारतीय शतरंज इस समय दुनिया की शतरंज का केंद्र बना हुआ है इसका जबाब है देश में मौजूद शानदार प्रतिभाओं का खजाना। सर्बिया में सम्पन्न हुई विश्व स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में कुल 43 देशो से विभिन्न आयु वर्गो के 462 खिलाड़ियों नें प्रतिभागिता की। भारत से इस प्रतियोगिता में 22 खिलाड़ियों के दल नें भाग लिया और एक स्वर्ण और दो रजत पदक अपने नाम किए। भारत की सात वर्षीय खिलाड़ी प्रागनिका वाका लक्ष्मी नें 9 राउंड में से सभी नौ राउंड जीतकर अंडर 7 बालिका वर्ग का विश्व स्कूल खिताब अपने नाम किया। प्रागनिका नें अपनी नजदीकी प्रतिद्वंदीयों से दो अंक की बढ़त के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया । 7 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर उज्बेकिस्तान की मोहिनूर अजम्खुजेवा दूसरे और न्यूजीलैंड की जिंतियान वेरा तीसरे स्थान पर रही। बालक अंडर 7 वर्ग में भारत के ओम गोद्दुमुकला नें 7.5 अंक बनाकर रजत पदज जीता, 9 अंक बनाकर कजाकिस्तान के अब्दुल मालिक स्वर्ण और रूस के ऑस्कर फटख्लिसलमोव 6.5 अंक बनाकर कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे। बालिका वर्ग में भारत को एक और पदक मिला अंडर 11 बालिका वर्ग में भारत की दिवि विजेश दुर्भाग्यशाली रही क्यूंकी पहले स्थान पर टाई होने पर टाईब्रेक के कारण 8 अंक बनाकर वह दूसरे तो इतने ही अंक बनाकर मंगोलिया की चिंजोरीग नंदिनजिगुर पहले स्थान पर रही और दिवि को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा जबकि मंगोलिया की ही मुंख आयलगु तीसरे स्थान पर रही ।

स्पीड न्यूज

## बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मियों का विदाई समारोह संपन्न



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से मार्च 2025 माह में सेवानिवृत्त होने वाले कुल 06 अधिशासी एवं 37 अनाधिशासी कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में अधिशासी निदेशक माइंस विकास मनवटी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज डॉ बीबी करुणामय विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। समारोह के आरम्भ में सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया। अधिशासी निदेशक माइंस विकास मनवटी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज डॉ बी बी करुणामय ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी द्वारा किया गया।

## झारखंड मैथिली मंच द्वारा साहित्यकार बुद्धिनाथ झा हुए सम्मानित



**बोकारो।** झारखंड मैथिली मंच रांची द्वारा आयोजित कार्यक्रम मैथिली ग्रंथ 'ॐ महाभारत पर परिचर्चा' में हित नाथ झा हितेन्द्र झा शैलजा झा शंभू झा की उपस्थिति में बोकारो के राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार एवं कवि बुद्धिनाथ झा को सम्मानित करने पर बोकारो के मैथिल समाज में हर्ष व्याप्त है। इसके लिए बोकारो से बुद्धिनाथ झा द्वारा रचित ॐ महाभारत को महाग्रंथ कहते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं देने में मुख्य रूप से तुलानंद मिश्र गणेशचन्द्र झा उमेश झा बलराम झा अमिरिनाथ झा अमर भूटकुन झा अमन कुमार झा डॉ रंजीत झा शैलजा झा अरुण कुमार पाठक गंगेश कुमार पाठक मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी महासचिव नीरज चौधरी।

## सुझाव मेला में मिले 1200 से अधिक सुझाव

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा मार्च माह के दौरान विभिन्न विभागों में सुझाव मेला का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों से 1200 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए। यह पहल बीएसएल में सतत विकास तथा कर्मचारियों को नवाचार और प्रक्रिया सुधार में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने एवं दक्षता व सुरक्षा और उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है। अब तक बीएसएल के प्रमुख विभागों- स्टील मेल्टिंग शॉप-2 एवं कंटीन्यूअस कास्टिंग शॉप कोक ओवन एवं कोल केमिकल्स हॉट स्ट्रिप मिल स्टील मेल्टिंग शॉप-1 और कोल्ड रोलिंग मिल- 3 इत्यादि में सुझाव मेला का सफल आयोजन किया गया। इन सत्रों के दौरान संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और परिचालन, कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। प्राप्त सुझावों का बीएसएल के औद्योगिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गहन मूल्यांकन किया जा रहा है ताकि उनके कार्यान्वयन की संभावनाओं का अध्ययन कर उन्हें प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। सुझाव मेला का आयोजन महाप्रबंधक आईईडी हिमांशु गुप्ता वरीय प्रबंधक आईईडी प्रीति प्रिया तथा सम्बंधित विभागों के वरीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

# ईद व रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** आगामी ईद व सरहुल तथा रामनवमी त्यौहार को देखते हुए बोकारो शहर के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन के नेतृत्व में सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

इसके अलावा संवेदनशील जगहों पर उपद्रवियों द्वारा विधि-व्यवस्था को चुनौती दिये जाने की स्थिति में उनसे निपटने के तरीके पर मॉक ड्रिल भी किया गया। उल्लेखनीय है कि बोकारो जिला प्रशासन ईद एवं रामनवमी के त्यौहार को लेकर काफी गंभीर है और किसी भी स्थिति से निपटने की तैयारी की जा चुकी है। जिले भर में शांति समितियों की बैठक आयोजित कर स्थानीय स्तर पर शांति-व्यवस्था बनाये रखने पर जोर दिया गया है।

## सभी समुदाय के लोग मिलजुलकर अमन व शान्ति के साथ मनाएं त्योहारः पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक

**गोड्डा।** ईद एवं महारामनवमी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सदभावपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से रविवार को सदर पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक एवं थाना प्रभारी आनन्द कुमार साहा के नेतृत्व मे पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों के साथ मिलकर मुफ्फसिल थाना अंतर्गत कई गाँवो के मंदिर, मस्जिद एवं जुलूस के रूटो का पैदल फ्लैग मार्च किया गया। इस फ्लैग मार्च में एस० आई० जोगेश कुमार, विकास कुमार गुप्ता, ए० एस० आई० सीताराम महतो सहित जिलाबल के जवान शमिल थे।

## असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर





**बेरमो।** गोमिया-रामनवमी एवं ईद त्यौहार को लेकर रविवार को गोमिया थाना परिसर में अंचल अधिकारी आफताब आलम की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव महतो,गोमिया सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार,थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, ए एस आई एस के मंडल,मुख्य रूप से मौजूद थे।

बैठक में हिंदू, मुश्लिम, सहित थाना क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग व विभिन्न अखाडा के अध्यक्ष सचिव शामिल हुए। बैठक मे सर्वप्रथम अंचल अधिकारी द्वारा सरकार द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को सभी के समक्ष रखते हुए कहा की निर्धारित दिशा निर्देश के अनुरूप कार्य नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ईद त्योहार व रामनवमी में सभी लोग एकता का परिचय देते हुए पर्व को सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाएंगे किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देंगे, शोशल मिडिया व असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी, कानून को कोई भी व्यक्ति अपने हाथ मे नहीं लेंगे। अखाडा में सभी लोग समय से पहुंचेंगे, किसी भी धर्म के खिलाफ नारेबाजी व गाना बजना नहीं चाहिए, पर्व के दौरान किसी भी तरह के असामाजिक तत्वों द्वारा खलल डालने का प्रयास किया जाता है तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें। बैठक मे उपस्थित तमाम लोगो ने दोनों त्योहारों को शांति पूर्ण व सौहार्द के साथ मनाने की सहमति दी। बैठक में जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज,आजसू केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, मुखिया शोभा देवी, अनारकली, सावित्री देवी, रामवृक्ष मुर्मू, पसस गीता देवी, विष्णु लाल सिंह, हेमंत केवट, समाज सेवी सुरेंद्र यादव, महावीर रविदास, रोहित यादव, मुकुंद साव, महिपाल रविदास एवं अजीत सिन्हा सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना के तहत

## बीएसएल ने दी 25 लाख की राशि



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल द्वारा बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत भूतपूर्व ट्रेनी कर्मचारी स्वर्गीय बुलु किसन के माता-पिता को 25 लाख रुपये बीमा की राशि प्रदान की गई। इस मौके पर सीजीएम मानव संसाधन सह अध्यक्ष- बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा समिति हरि मोहन झा जीएम वित्त एवं लेखा प्रवीण कुमार गुप्ता वरीय प्रबंधक मानव संसाधन सह प्रबंधन समिति की सचिव कल्पना आदि उपस्थित थे। स्वर्गीय बुलु किसन ने 26 नवंबर 2022 को बीएसएल ज्वाईन किया था तथा एक दुर्घटना में इनकी मृत्यु 22 अप्रैल 2024 को हो गई थी। आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात उनके परिवार को न केवल मानसिक सदमा पहुंचा बल्कि उन्हें आर्थिक कठिनाई का सामना भी करना पड़ा। बीएसएल में बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत बीमित सदस्य या उनके आश्रितों को दुर्घटना के कारण मृत्यु या पूर्ण स्थायी अशक्तता के मामले में बीमा राशि रुपये 2500000/- बीमा कंपनी द्वारा भुगतान की व्यवस्था है। स्वर्गीय बुलु किसन इस योजना के सदस्य थे एवं उन्होंने ऑप्ट आउट नहीं किया था। अतः स्वर्गीय बुलु किसन के माता-पिता को बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत रुपये 2500000/- की धनराशि प्रदान की गई। समिति के अध्यक्ष ने एक बार पुनः सभी कर्मचारियों से इस योजना का सदस्य बनने की अपील की है।


## रोटरी क्लब चास ने स्कूल के बच्चों संग मनाया अपना जन्मोत्सव




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्कूली बच्चों के साथ जन्मदिन मनाना एक बहुत ही खुबसूरत और यादगार अनुभव है। यह न केवल खुशी और उत्साह का माहौल बनता है, बल्कि बच्चों के साथ समय बिताने से उनकी मासूमियत और ऊर्जा का भी अनुभव करवाता है। यह कहना है रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा का। सामाजिक कार्यकर्ता डिंपल कौर ने भी अपना जन्मदिन स्थानीय सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ मना कर समाज सेवा का अनूठा उदाहरण पेश किया। डिंपल कौर ने अपने इस विशेष दिन पर स्कूल में पढ़ने वाले 80 से अधिक बच्चों के बीच बैग स्टेशनरी का सामान स्वादिष्ट नाश्ता एवं अमूल की लस्सी का वितरण किया। इस अभिनव पहल से न केवल बच्चों के चेहरे खिल उठे बल्कि स्कूल के शिक्षक भी इस सराहनीय कदम से अभिभूत हुए। डिंपल कौर ने कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को महसूस कराना था कि वे भी विशेष है।

## चार पहिया वाहन में लगी भीषण आग, दो लोग बाल-बाल बचे



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल अंतर्गत पेटरवार थाना क्षेत्र के दारिद में रांची-बोकारो मुख्य मार्ग के किनारे शनिवार देर शाम को एक चार पहिया वाहन में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

हालांकि, गनीमत रही कि वाहन में सवार दो लोग समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। प्रत्यक्षदर्शि के अनुसार, चार पहिया वाहन पेटरवार से बोकारो की ओर जा रही थी। इसी दौरान वाहन चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और कार सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन में आग लग गई। वाहन में मौजूद दो लोग किसी तरह दरवाजा खोलकर बाहर निकलने में सफल रहे, जिससे उनकी जान बच गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद की। उन्होंने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में दमकल की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था।

## स्वच्छता के प्रति जागरूकता व स्वच्छता-संस्कृति का विकास आवश्यकः बीके तिवारी





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सिटी पार्क पिकनिक एरिया में आयोजित प्लॉगिंग कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी की अगुवाई में अधिशासी निदेशक संकार्य सीआर महापात्रा अधिशासी निदेशक वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी अधिशासी निदेशक माइंस विकास मनवटी मुख्य महाप्रबंधक व वरीय अधिकारी बीएसएल कर्मी सहित अन्य ने भागीदारी निभाई। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना एवं स्वच्छता की संस्कृति विकसित करना और जन सहभागिता से इस मुहिम को आगे ले जाना है। कार्यक्रम में शामिल अन्य अधिकारियों ने भी स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और सभी को इस अभियान से जुड़कर इसे सार्थक बनाने का आह्वान किया। एक अन्य कार्यक्रम में बीएसएल के एचआरसीएफ विभाग के अमृत उद्यान में आंतरिक संसाधनों से निर्मित ओपन एयर जिम का उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने अधिशासी निदेशकों एवं अन्य वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया। एचआरसीएफ विभाग के समीप खाली पड़े स्थान को साफ कर अमृत उद्यान के तौर पर विकसित किया गया है। यहां मुख्यतः स्क्रैप मैटेरियल का उपयोग कर कर्मियों द्वारा उसे कलाकृतियों का रूप देकर आकर्षक ढंग से स्थापित किया गया है। इसके अलावा उद्यान में विभिन्न प्रकार के फूल के पौधे एवं वृक्ष भी लगाए गए हैं। इसे विकसित करने में विभागाध्यक्ष केके पांडेय के मार्गदर्शन में एचआरसीएफ के महाप्रबंधक राम निवास एनके साव वरीय प्रबंधक अमित रंजन हर्ष पुंज ओम कुंजार सिंह सहायक प्रबंधक उत्पल कुमार कनीय प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह ओसीटी संजीत कुमार सिंह भवानी महतो आलोक मिश्रा एवं राकेश कुमार का अहम योगदान रहा।

## कसमार को बाल विवाह मुक्त व आदर्श गांव बनाने में आम सहभागिता जरूरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के गर्री गांव में बाल विवाह मुक्त व आदर्श गांव बनाने को लेकर सहयोगिनी की ओर से स्टेकहोल्डर की बैठक आयोजित की गई?। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय उप मुखिया मासूम अली रजा ने की। बैठक सभी में एक ने एक स्वर में अपने पंचायत व अपने गांव को बाल विवाह मुक्त गांव बनाते हुए एक आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने की बात कही। उप मुखिया ने बताया कि बाल संरक्षण तथा बाल विवाह को रोकने के लिए हमें पहले गांव स्तर पर लोगों को जागरूक करना होगा। लोग जागरूक होंगे तो समाज हित की सोचेंगे और बाल संरक्षण के अलावा बाल विवाह पर रोक लगेगी। सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने समाज के लोगों को बाल संरक्षण बाल विवाह बाल मजदूर बाल श्रम आदि की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिये माता पिता को आगे आना होगा। गांव से ही इस तरह की कुरीतियों को खत्म करने के लिए जागरूकता अभियान चलाना होगा। इस दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मौजूद महिलाओं व अन्य लोगों को दी गई। बैठक के दौरान मंइया सम्मान योजना छात्रवृत्ति की समस्या सावित्रीबाई फुले योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई?। वहीं जिन लाभुकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है वैसे लोगों को चिन्हित किया गया। बैठक में वार्ड सदस्य पार्वती देवी जोबा देवी आंगनबाड़ी सेविका अजमेरुन बीबी सुलेखा देवी सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश जायसवाल निरंजन प्रजापति अंजू देवी पायल देवी द्रौपदी देवी कुंती देवी आशा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### तीन- दिवसीय सेमिनार का समापन

**बेरमो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में डीएवी, सीएइ की ओर से आयोजित तीन दिवसीय क्षमता-संवर्धन कार्यशाला का रविवार दिनांक 30 मार्च को विधिवत समापन हुआ। समापन के पूर्व प्रातःकालीन बेला में आर्य समाज के 150 वर्ष होने पर जूनियर विंग से कथारा बाजार होते हुए सीनियर विंग तक शोभा यात्रा निकाला गया जिसमें मुख्य रूप से कथारा परियोजना के महाप्रबंधक संजय कुमार, झारखंड जोन के निदेशक बिपिन राय, जोन जी डीएवी स्कूल के सभी प्राचार्य, कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति समेत सात विद्यालयों के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि इस विहंगम दृश्य को देखकर काफी प्रसन्न दिखे। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को धन्यवाद दिया। शोभा यात्रा के बाद सभी कार्यशाला में शामिल हुए। सेमिनार में बोकारो क्लस्टर के सात विभिन्न डीएवी विद्यालयों से 300 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर एवं रिसोर्स पर्सन ने शिक्षण के नए टिप्स देकर विभिन्न स्कूलों से आए हुए शिक्षक शिक्षिकाओं को आधुनिक तरीके से शिक्षण कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। तीन दिनों में कई क्रियाकलाप किए गए जिससे सभी प्रतिभागी काफी ऊजार्वान थे।

### ईद और रामनवमी को लेकर एनएपीएल ने कामगारों के बीच बांटें बोनस

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह परियोजना में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी एनएपीएल (नूराबी ग्रुप )ने बेरमो के इतिहास में शनिवार की देर संध्या एक नया अध्याय जोड़ दिया। आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा पहली बार बेरमो के इतिहास में अपने कामगारों को वेतन के अलावे अतिरिक्त बोनस का भुगतान किया है। उक्त जानकारी आउटसोर्सिंग कंपनी एनएपीएल के चेयरमैन रवि रंजन चौबे ने बताया कि उनकी कंपनी सदैव मजदूर हित को प्राथमिकता देती रही है ताकि कंपनी का उत्तरोत्तर विकास का छवि बेहतर हो सके। उन्होंने बताया कि ईद तथा रामनवमी पर्व को लेकर कंपनी द्वारा मजदूर हित को ध्यान में रखते हुए उनके मूल वेतन के अलावा प्रति मजदुर एक-एक हजार का अतिरिक्त बोनस व कोल ट्रिपर को 5हजार का भुगतान किया गया है।

### पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ कलश यात्रा के साथ हुआ शुरू

**बेरमो।** गोमिया-गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत स्वांग उत्तरी पंचायत के महावीर स्थान शिव मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्री श्री 1008 पाँच दिवसीय रुद्र महायज्ञ रविवार को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लम्बोदर महतो उपस्थित थे.कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारम्भ होकर हाड़ी पारधौड', मल्लाह टोली,फाइव स्टार,भुइयां टोली,पुराना माइनस का भ्रमण करते हुए कोनार नदी तट पर पहुंचकर कलश में जल भर कर गाजे बाजे के साथ जय कारा लगते हुए यज्ञ स्थल पहुंचकर कर कलश को स्थापित किया गया. यज्ञ 30मार्च दिन रविवार से प्रारम्भ होकर 03अप्रैल को समाप्त होगी.इस दौरान प्रत्येक दिन की संध्या वृन्दावन से पधारी परम पूज्य साध्वी लक्ष्मी रामायणी द्वारा प्रवचन किया जाएगा. यज्ञ को सफल बनाने में बिट्ठू कुमार रवानी,विनोद चौधरी,अमृत लाल,मनोज चौहान,संजय सिंह एवं शंकर रवानी अहम योगदान निभा रहे हैं।

### नव वर्ष के मौके पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टाफ क्वार्टर ढोरी में हिन्दु नव वर्ष धूम धाम से मनाया गया तथा वार्षिक परीक्षाफल भी घोषित किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान लाने भैया बहन को पुरस्कार देके सम्मानित किया गया तथा सर्वाधिक प्रतिशत लाने वाला कक्षा प्रभात के भैया अनुभव राज और सर्वाधिक उपस्थिति लाने वाली बहन तन्नु कुमारी को भी पुरस्कार देके सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमान ओम शंकर सिंह, समिति सदस्य अंजली कुमारी, प्रधानाचार्य परमानन्द सिंह, आचार्य और दीदी जी रेणु सिंह, विजय उपाध्याय, इन्द्रजीत सिंह, संजय पांडेय, सुषमा कुमारी, मंजु कुमारी, जगदीश महतो, प्रमेन्द्र सिन्हा, पूजा चक्रवर्ती, प्रेरणा सिंह, सुनील कुमार ,राखी मजूमदार ,रजत कुमार, जयंतिका कुमारी आदि मौजूद थे।

### त्रि-दिवसीय आचार्य वार्षिक कार्यशाला का समापन

**बेरमो।** रविवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, फुसरो' में विद्यालय स्तरीय 28 मार्च से 30 मार्च तक चले इस 'त्रि-दिवसीय आवासीय आचार्य वार्षिक कार्यशाला' का समापन धूम धाम से किया गया। तीन दिनों तक चले इस कार्यशाला में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी जी विद्यालय में ही रहकर विद्यालय में चलने वाले वर्ष भर के सभी क्रियाओं की योजना बनाने का काम किए। ताकि भैया बहनों के उज्जवल भविष्य को बनाने में कोई बाधा उत्पन्न न हो। इस कार्यशाला में लगभग 32 आचार्य दीदी जी एवं कर्मचारी बंधु भगिनी ने भाग लिया।

### पेंशन सिर्फ चंद हजार रुपये नहीं होती बल्कि एक चादर होती है बुढ़ापे की : लखन लाल

**बेरमो।** पेंशन सिर्फ चंद हजार रुपए नहीं होती बल्कि एक चादर होती है बुढ़ापे की जिससे एक रिटायर्ड आदमी अपने इज्जत को ढकता है ताकि उसके बच्चे उसे बोझ न समझें। उक्त बातें आज करगली महिला मंडल में सीसीएल के बेरमो कोयलांचल के तीनों प्रक्षेत्रों से रिटायर्ड कर्मियों की बैठक में झारखंड एटक के कार्यकारी अध्यक्ष सह जेबीसीसीआई के सदस्य लखन लाल महतो ने कही। करगली महिला मंडल में बेरमो कोयलांचल के तीनों प्रक्षेत्रों के रिटायर्ड दर्जनों सीसीएल कर्मी विभिन्न श्रमिक संगठनों से ताल्लुक रखने वाले पहुंचे।

### भारतीय नव वर्ष हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बेरमो।** कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया' कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता, सम्राट विक्रमादित्य और डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडेय एवं प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह ने पूरे विद्यालय परिवार को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मौके पर उन्होंने कहा -भारत प्रारंभ से ही विश्व गुरु रहा है। भारत संस्कृति, धर्म एवं विज्ञान का देश है' उन्होंने कहा -भारतीय कालगणना एवं ज्योतिष पूरे विश्व में सबसे अधिक वैज्ञानिक है। भारत ने पूरे विश्व को सभी क्षेत्र में ज्ञान ज्योति से प्रकाशित किया। उन्होंने कहा आज चैत्र नवरात्र का पहला दिन है। सृष्टि की रचना आज के दिन ही ब्रह्मा जी ने की थी।

पेज 1 का शेष

### कामाख्या एक्सप्रेस बेपटरी...

**हेल्पलाइन नंबर जारी :** 8455885999 और 8991124238, भुवनेश्वर - 8114382371, भद्रक -9437443469, कटक-7205149591, जाजपुर क्योंझर रोड-9124639558। **कई ट्रेनों के मार्ग बदले :** ट्रैक बाधित होने के कारण तत्काल प्रभाव से कई ट्रेनों के मार्ग बदल दिये गये हैं। इनकी सूची इस प्रकार है। 12822 पुरी-हावड़ा धौली एक्सप्रेस, 12875 पुरी-आनंद विहार नीलाचल एक्सप्रेस, 22606 तिरुनेलवेली-पुरुलिया एक्सप्रेस, 12704 सिकंदराबाद-हावड़ा फलकनुमा एक्सप्रेस, 12513 सिकंदराबाद-सिलचर एक्सप्रेस।

# आरएसएस भारतीय संस्कृति का वट वृक्ष

## राष्ट्रीय चेतना को निरंतर बना रहा है ऊर्जावान :मोदी

- प्रधानमंत्री मोदी ने संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार व पूर्व सर संघ चालक गोलवरकर को दी श्रद्धांजलि
- दीक्षाभूमि में डॉ अंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण
- एकल विद्यालय में आदिवासी बच्चों को पढ़ा रहे स्वयंसेवक
- महाकुंभ में स्वयंसेवकों ने लाखों लोगों की मदद की

एजेंसी

**नागपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी भी राष्ट्र के अस्तित्व के लिए उसकी राष्ट्रीय राष्ट्रीय चेतना और संस्कृति के विस्तार को महत्वपूर्ण बताते हुए रविवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी सोच और सिद्धांतों के साथ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक वट वृक्ष है तथा यह राष्ट्रीय चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। मोदी ने कहा कि कठिन से कठिन दौर में भी भारत की चेता को जागृत रखने वाले नए-नए सामाजिक आंदोलन होते रहे हैं। उन्होंने आरएसएस की स्थापना को भी सौ साल पहले शुरू हुआ इसी तरह का एक आंदोलन बताया। मोदी नागपुर के माधव नेत्रालय के नए भवन (प्रीमियर सेंटर) के शिलान्यास पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने नागपुर के दौरे में आरएसएस के मुख्यालय का दौरा किया और वहां संगठन के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार और आरएसएस के पूर्व सर संघ चालक स्वर्गीय माधव सदाशिव गोलवरकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम दीक्षाभूमि भी गए और डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

उन्होंने संघ के कार्यकर्ताओं को इस अक्षय वट की टहनियां बताया। मोदी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का अस्तित्व, पीढ़ी दर पीढ़ी, उसकी संस्कृति के विस्तार, उस राष्ट्र की चेतना के विस्तार पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि हम अपने देश का इतिहास देखें, तो सैकड़ों वर्षों की गुलामी, इतने आक्रमण, भारत की सामाजिक संरचना को मिटाने की इतनी क्रूर कोशिशें, लेकिन भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इसलिए संभव हुआ क्यों कि भारत में समय समय पर चेतना को जागृत करने वाले आंदोलनों के संदर्भ में मध्य काल के भक्ति आंदोलन का उदाहरण दिया और कहा कि मध्यकाल के उस कठिन कालखंड में हमारे संतों ने भक्ति के विचारों से हमारी राष्ट्रीय चेतना को नयी ऊंचाई दी।

उन्होंने कहा कि कोई स्वयं सेवक कहीं वनवासी कल्याण आश्रम के कामों को उसको अपना ध्येय बनाकर के जुटा हुआ है, कहीं कोई एकल विद्यालय के माध्यम से आदिवासी बच्चों को पढ़ा रहा है, कहीं कोई संस्कृति जागरण के मिशन में लगा हुआ है। कहीं कोई सेवा भारती से जुड़कर गरीबों-वंचितों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में स्वयंसेवकों ने लाखों लोगों की मदद की। कहीं कोई आपदा आ जाए, बाढ़ की तबाही हो या भूकंप की विभीषिका हो, स्वयंसेवक एक अनुशासित सिपाही की तरह तुरंत मौके पर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक अपनी परेशानी नहीं देखता, अपनी पीड़ा नहीं देखता, बस सेवा भावना से हम काम में जुट जाते हैं। हमारे तो हृदय में बसा है, सेवा है यज्ञकुन्ड, समिधा सम हम जलें, ध्येय महासागर में सरित रूप हम मिलें।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पर सैकड़ों वर्षों तक विदेशी आक्रमण हुए। कई क्रूर आक्रमणकारियों ने हमारी सभ्यता और संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन भारतीयता की जड़ें कभी भी कोई समाप्त नहीं कर सका। भारतीय संस्कृति के संरक्षण और उसे जीवित रखने के लिए देश में कई आंदोलन हुए। उनमें से भक्तिरस से भरा आंदोलन महत्वपूर्ण था। हमारे देश के महान संतों ने भक्तिरस आंदोलन के माध्यम से राष्ट्रीय विचारधारा को जीवित रखा और समाज में विद्यमान दूरी को समाप्त कर सबको एक सूत्र में बांधने का काम किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, स्वामी अवधेशानंद गिरी और स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज मुख्य रूप से उपस्थित थे।



माधव नेत्रालय के भूमि पूजन में पीएम मोदी व संघ प्रमुख भागवत।


पूर्व सर संघ चालक गोलवरकर को श्रद्धांजिल देत प्रधानमंत्री मोदी।

## स्पीड न्यूज

### मणिपुर, नागालैंड व अरुणाचल में छह महीने बढ़ा अफस्पा

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने मौजूदा हालातों को देखते हुए पूर्वोत्तर के दो राज्यों मणिपुर व नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा ) को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा मणिपुर में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद अफस्पा को छह महीने के लिए बढ़ाया।

### पटना विवि में अभाविप की अध्यक्ष बनी मैथिली



**पटना।** पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के अध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की मैथिली मृणालिनी अध्यक्ष चुनी गई हैं। उन्होंने एनएसयूआइ के मनोरंजन को हराया। उपाध्यक्ष पद पर धीरज कुमार जीते हैं। वे निर्दलीय उम्मीदवार थे। संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष पद एनएसयूआई के खाते में गए हैं। रोहन कुमार संयुक्त सचिव और सौम्या श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष बनी हैं। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने सभी विजेताओं को सर्टिफिकेट दिए। उन्होंने छात्रों को बधाई दी और विश्वविद्यालय के काम में मदद करने की अपील की।

### म्यांमार को कंबोडिया एक लाख डॉलर देगा

नोम पेन्ह। कंबोडिया के विदेश मंत्री प्राक सोखोन ने रविवार को कहा कि उनका देश भूकंप से तबाह म्यांमार को प्रारंभिक आपातकालीन सहायता के रूप में एक लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान करेगा। उप प्रधानमंत्री सोखोन ने म्यांमार में भूकंप के बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित आसियान विदेश मंत्रियों की विशेष आपातकालीन बैठक के दौरान किया एलान।

### इंडोनेशिया के आचे में भूकंप के झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी आचे प्रांत में रविवार को भूकम्प के मध्यम दर्जे के झटके महसूस किये गए। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 09 :58 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 आंकी गयी।

### पाकिस्तान में छह आतंकी मारे गये

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में खुफिया सूचना पर आधारित अभियान के दौरान छह आतंकी मारे गये। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि सुरक्षा बलों ने प्रांत के कलात जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर अभियान चलाया। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। छह आतंकवादी मारे गए।

### म्यांमार बचाव दल भेजेगा बांग्लादेश

**ढाका।**बांग्लादेश सशस्त्र बलों की बचाव टीम भूकंप राहत और बचाव प्रयासों में सहायता के लिए रविवार को एक विशेष उड़ान से म्यांमार के लिए रवाना होगी। बांग्लादेश सशस्त्र बलों के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने रविवार को यह घोषणा की। बांग्लादेश सशस्त्र बल देश को आपातकालीन दवा, राहत आपूर्ति, बचाव अभियान और चिकित्सा सहायता प्रदान करेंगे।

# नीतीश के चेहरे पर चुनावी जंग में आगे बढ़ेगा एनडीए

## घटक दल के नेताओं ने अमित शाह के सामने दिखायी एकजुटता

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे के साथ ही एनडीए बिहार में इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में आगे बढ़ेगा। चुनाव के बाद भी एनडीए उनके नेतृत्व में एकजुट रहेगा। नीतीश कुमार के नाम पर एकजुटता दिखाने को ले रविवार को मुख्यमंत्री आवास में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पहल पर एनडीए के वरिष्ठ नेताओं की बैठक शाम चार बजे के करीब हुई। लगभग 40 मिनट तक यह बैठक चली।

बैठक के बाद सभी नेताओं ने नीतीश कुमार के नेतृत्व पर अपनी सहमति जतायी। आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की सक्रियता और नीतीश कुमार के नेतृत्व की बात सीधे तौर पार्टी नेताओं और लोगों के बीच जाए इसे केंद्र में रख रविवार की इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा।

पटना में जल्द होगी एक और बैठक : जानकारी के अनुसार गृह मंत्री ने एनडीए को एकजुट होकर चुनाव में सक्रिय रहने की बात कही। यह बात भी सामने आयी कि नीतीश कुमार के नेतृत्व को लेकर किसी तरह का कोई संशय नहीं है। एनडीए की बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि डबल इंजन की इस सरकार में केंद्र से किसी तरह की मदद मिल रही। लोगों के बीच यह बात नीचे तक जाना चाहिए कि विकास से जुड़े काम में किस तरह से डबल इंजन की सरकार में काम हो रहा। चुनाव के पहले एनडीए की यह पहली बड़ी बैठक बिहार में थी जिसमें अमित शाह शामिल हुए। नीतीश कुमार के नेतृत्व को लेकर को संशय नहीं रहे इस वजह से यह बैठक मुख्यमंत्री आवास में आयोजित की गयी।

**इन दिग्गजों की रही मौजूदगी :** लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक व केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, बिहार भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल व जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा।

## केएमसी ने नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर लगाया जुर्माना

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी में राजशाही समर्थक विरोध प्रदर्शनों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति और पर्यावरण को हुए नुकसान के लिए काठमांडू के नागरिक निकाय ने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह पर जुर्माना लगाया है।

यह विरोध प्रदर्शन ज्ञानेंद्र शाह के आह्वान पर आयोजित किया गया था, जिससे काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी (केएमसी) ने काठमांडू के बाहरी इलाके महाराजगंज में उनके आवास पर एक पत्र भेजा। इस पत्र में केएमसी ने उनसे 7,93,000 नेपाली रुपये का मुआवजा देने को कहा। साथ ही, सरकार ने उनका पासपोर्ट भी रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह जुमार्ना सड़कों और फुटपाथों पर कचरे के अनुचित निपटान, साथ ही भौतिक संरचनाओं को हुए नुकसान के लिए लगाया गया। केएमसी ने शनिवार को कचरा प्रबंधन अधिनियम, 2020 और काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी फाइनेंस एक्ट, 2021 के उल्लंघन का हवाला देते हुए जुर्माना नोटिस जारी किया। काठमांडू के कई हिस्सों में शुक्रवार को राजशाही समर्थकों ने एक राजनीतिक दल के कार्यालय पर हमला किया। इस हिंसक झड़प में एक टीवी कैमरामैन सहित दो लोगों की मौत हो गई और 110 अन्य घायल हो गए।

# टोंगा में डोली धरती

**प्रशांत महासागर में स्थित टोंगा के तट के पास 7.1 तीव्रता का आया भूकंप, सुनामी का अलर्ट**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रशांत महासागर में स्थित टोंगा के तट के पास 7.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को इसकी पुष्टि की। भूकंप के बाद सुनामी की लहरें उठने की रिपोर्ट मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप का केंद्र टोंगा के पांगाई गांव से 90 किलोमीटर (56 मील) दक्षिण-पूर्व में था और इसकी गहराई कम थी, जिससे झटके अधिक प्रभावी रहे। सुनामी की चेतावनी टोंगा के साथ-साथ पड़ोसी द्वीप देश नियू तक बढ़ा दी गई है।

अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली के अनुसार, नियू और टोंगा के कुछ तटीय क्षेत्रों में समुद्र का स्तर सामान्य से 0.3 से 1 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। पहले जारी चेतावनी में कहा गया था कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में खतरनाक सुनामी लहरें उठ सकती हैं। टोंगा की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने नागरिकों को समुद्र तट और निचले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा, ह्लजो लोग तटीय इलाकों में रहते हैं, वे तुरंत ऊंचे स्थानों पर चले जाएं या अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ें। टोंगा लगभग 1 लाख की आबादी वाला द्वीपसमूह है। यह भूकंप और ज्वालामुखी गतिविधियों के लिए बेहद संवेदनशील है। यह क्षेत्र रिंग ऑफ फायर पर स्थित है, जो दुनिया के सबसे सक्रिय भूकंपीय इलाकों में से एक है। यह रिंग दक्षिण पूर्व एशिया से लेकर पूरे प्रशांत महासागर में फैली हुई है। अब तक किसी बड़े नुकसान या हताहतों की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन आपदा प्रबंधन टीमें स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं।

### म्यांमार में लाखों लोगों ने सड़कों पर गुजारी रात

**बर्मा।** बीते दिनों आए भूकंप का डर म्यांमार के लोगों के दिलों से निकल नहीं रहा है। हालात यह है कि कहीं दोबारा भूकंप नहीं आए जाए, इस डर के चलते लाखों लोगों ने शनिवार की रात सड़कों पर ही गुजारी। भूकंप से सड़कों और अस्पताल आदि को काफी नुकसान पहुंचने से जन-जीवन अभी तकअस्त-व्यस्त है। राहत सामग्री भी सही से लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। यूएन आफिस फार कोआर्डिनेशन आफ ह्यूमनिटेरियन अफेयर्स के मुताबिक घरों में हुए नुकसान और भूकंप के झटकों के डर से बहुत लोगों की हिम्मत घर के अंदर जाने की नहीं हो रही है। ऐसे में उन्होंने घर के बाहर ही रात काटी। उधर भारत से भेजी गई 15 टन राहत सामग्री का वितरण भूकंप पीड़ितों को करना शुरू कर दिया गया है।



## बीजापुर में 68 लाख के इनामी 50 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**बीजापुर । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 68 लाख के इनामी 50 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण कर माओवादी संगठन को करारा झटका दिया है। नक्सलियों ने आत्मसमर्पण बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव के समक्ष किया।**

## अररिया में कन्हैया के बाउंसरों और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

**अररिया।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार की पलायन रोको,नौकरी दो पदयात्रा रविवार को अररिया पहुंची। कन्हैया के बाउंसरों और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। कन्हैया के साथ सेल्फी लेने और माला पहनाने की होड़ मची थी और बाउंसर बार बार कार्यकर्ताओं को ऐसा करने से रोक दे रहे थे। इसी क्रम में स्थानीय एक कार्यकर्ता आफतानुर्रहमान से बाउंसर की झड़प हो गई। बाउंसर ने कांग्रेसी कार्यकर्ता को भीड़ से अलग कर सड़क पर धक्का देकर गिरा दिया। जिसके बाद कन्हैया खुद बीच बचाव में उतर गए और बाउंसरों को अलग हटाते हुए दोनों पक्षों को डांट अलग किया। थोड़ी देर बाद फोन आने के बाद कन्हैया पदयात्रा छोड़कर दिल्ली चले गये।



बिगु साहू सांसद प्रतिनिधि मनातू की ओर से रामनवमी सरहुल ईद छठ पर्व पांकी विस क्षेत्र वासियों को नव वर्ष की ढेर सारी बधाई व शुभकामनायें।

बिगु साहू
सांसद प्रतिनिधि मनातू पलामू।

सुनील सिंह
सांसद चतरा

# 8 कंपनियों का मार्केट कैप 88,000 करोड़ बढ़ा

एजेंसी



**एचडीएफसी का 44,933 करोड़ और एसबीआइ का 16599 करोड़ मार्केट कैप बढ़ा**

**मुंबई ।** शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता मुनाफे वाला रहा। इससे देश की शीर्ष 10 में से 8 कंपनियों के मार्केट कैप में 88,085.89 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। 24-28 मार्च के कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 509.61 अंक या 0.66 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ है, जिससे देश की शीर्ष कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई है। शीर्ष दस कंपनियों में एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के मूल्यांकन में वृद्धि देखी गई। समीक्ष अवधि के दौरान केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस के मूल्यांकन में गिरावट हुई है। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 44,933.62 करोड़ रुपये बढ़कर 13,99,208.73 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार पूंजीकरण में भी 16,599.79 करोड़ रुपये की जोरदार वृद्धि हुई, जिससे इसका मूल्यांकन 6,88,623.68 करोड़ रुपये हो गया।

टीसीएस का मूल्यांकन 9,063.31 करोड़ रुपये बढ़कर 13,04,121.56 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 5,140.15 करोड़ रुपये बढ़कर 9,52,768.61 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में 5,032.59 करोड़ रुपये और 2,796.01 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 2,651.48 करोड़ रुपये बढ़कर 9,87,005.92 करोड़ रुपये हो गया, जबकि बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 1,868.94 करोड़ रुपये बढ़ा है, जिससे इसका कुल मूल्यांकन 5,54,715.12 करोड़ रुपये हो गया। इसके विपरीत, इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 9,135.89 करोड़ रुपये की गिरावट हुई है, जिससे कंपनी का वैल्यूएशन कम होकर 6,52,228.49 करोड़ रुपये हो गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 1,962 करोड़ रुपये कम होकर 17,25,377.54 करोड़ रुपये रह गया है। उतार-चढ़ाव के बाद भी, भारतीय शेयर बाजार ने वित्त वर्ष 25 में सकारात्मक रिटर्न दिया है। चालू वित्त वर्ष में सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशः 5.11 प्रतिशत और निफ्टी ने 5.34 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। ईद के अवसर पर सोमवार को भारतीय शेयर बाजार बंद रहेंगे और ट्रेडिंग अगले दिन मंगलवार से होगी।

### पीएमआई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कई देशों को संभावित टैरिफ में छूट दिए जाने के संकेत से हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक के उछाल पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही मार्च में वाहनों की बिक्री एवं पीएमआई आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 509.41 अंक अर्थात 0.7 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 77414.92 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 168.95 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23519.35 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !